राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 205
लखनऊ, रविवार 29 मार्च, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





सीडीओ ने ली जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक 03

यूपी विकास व विश्वास की नई पहचान बनकर उभरा : पंकज 03


## पश्चिम एशिया संकट से पूरा विश्व चिंतित

# भारत मजबूती से कर रहा मुकाबला : मोदी

एजेंसी, नोएडा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिमी एशिया संकट पर कहा कि आज पूरा विश्व चिंतित है। पश्चिम एशिया में एक महीने से युद्ध चल रहा है। युद्ध की वजह से कई देशों में खाने-पीने का सामान, पेट्रोल, डीजल, गैस, खाद जैसी कई जरूरी चीजों का संकट पैदा हो गया है। हर देश इस संकट का सामना करने की कोशिश कर रहा है। हमारा भारत भी पूरी शक्ति से इसका मुकाबला कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने शनिवार को नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण का उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देशवासियों को धन्यवाद किया और कहा कि आपकी ताकत के भरोसे भारत इस चुनौती का पूरी ताकत से सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार हर वो कदम उठा रही है जिससे सामान्य परिवारों पर, हमारे किसानों पर इस संकट का बोझ न पड़े। संकट के इस समय में भी भारत ने अपने तेज विकास को जारी रखा है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों और राजनीतिक दलों से मिलकर इस संकट का सामना करने की अपील की।



### नोएडा हवाई अड्डे का पीएम ने किया उद्घाटन

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि आज जहां तक नजर पड़ रही है, वहां तक युवाओं का जोश दिखाई दे रहा है। आज जो काम हो रहा है, वह नई उड़ान भर रहा है। आज से उत्तर प्रदेश सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा वाला राज्य बन गया है। मेरे लिए खुशी के दो कारण हैं। पहला, इस एयरपोर्ट का शिलान्यास करने का सौभाग्य भी मुझे मिला था और इसका उद्घाटन करने का सौभाग्य भी मुझे मिला है। दूसरा, जिस उत्तर प्रदेश ने मुझे प्रतिनिधि बनाया, सांसद बनाया, उस उत्तर प्रदेश की पहचान के साथ इस भव्य एयरपोर्ट का नाम भी जुड़ गया है। यहां से दुनिया के लिए हवाई जहाज तो उड़ेंगे ही साथ ही उप्र भी नई उड़ान भरेगा। खास कर पश्चिम उप्र की जनता को बधाई। ये सारे प्रोजेक्ट उप्र के विकास के लिए डबल इंजन सरकार का शानदार उदाहरण हैं। सेमी कंडक्टर फैक्टरी, नमो भारत ट्रेन और अब यह जेवर एयरपोर्ट पूरी दुनिया को जोड़ रहा है।

समाजवादी पार्टी (सपा) पर हमला बोलते हुए मोदी ने कहा कि पहले सपा वालों ने नोएडा को लूट का एटीएम बना लिया था। आज वही नोएडा विकास का प्रतिरूप बन रहा है। इस एयरपोर्ट को अटल सरकार ने 2003 में मंजूरी दे दी थी। यहां मौजूद बहुत से लोगों का जन्म भी नहीं हुआ होगा। लेकिन एयरपोर्ट नहीं बना। कांग्रेस और सपा सरकारों ने इसकी नीव तक नहीं रखी। एयरपोर्ट फाइलों में ही दबा रहा। जब हमारी सारकार बनी तो शुरू में सपा की सरकार थी। जैसे ही दिल्ली के साथ उप्र में भी भाजपा-एनडीए की सरकार बनी, एयरपोर्ट की नींव रखी गयी और उद्घाटन भी हो गया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि साल 2014 से पहले देश में सिर्फ 74 एयरपोर्ट थे, आज 160 से अधिक एयरपोर्ट हो चुके हैं। अब महानगरों के अलावा, देश के छोटे-छोटे शहरों तक भी हवाई कनेक्टिविटी पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि पहले सरकारों का मानना था कि कुछ लोग ही हवाई यात्रा कर सकते थे। भाजपा सरकार ने आम जन के लिए यह सुविधा सामान्य कर दी। हमारी सरकार की योजना है कि एयरपोर्ट बने और किराया भी सामान्य हो। उड़ान योजना के तहत एक करोड़ से अधिक लोगों ने सस्ता किराया में हवाई यात्रा की है। भारत का विमानन क्षेत्र तेजी से विकास कर रहा है।


संबंधित खबर पृष्ठ 3 पर


### यूपी बनेगा ग्लोबल कनेक्टिविटी का केंद्र, लाखों युवाओं को मिलेगा रोजगार : योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम चरण के उद्घाटन समारोह में संबोधित करते हुए इसे नए उत्तर प्रदेश की नई पहचान बताया। उन्होंने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह एयरपोर्ट सीमलेस, स्मार्ट और सस्टेनेबल अवधारणा पर आधारित है, जिसमें एविएशन फ्यूल फार्म, इन-फ्लाइट किचन, एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहाल) और डिजिटल सुविधाओं का समावेश है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डेडिकेटेड मल्टी-मॉडल कार्गो हब बनने से उत्तर प्रदेश लैंड लॉक्ड स्थिति से बाहर निकलकर वैश्विक बाजारों से सीधे जुड़ सकेगा। यह परियोजना राज्य की आर्थिक क्षमता को नई ऊंचाई देगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि यमुना एक्सप्रेसवे, प्रस्तावित दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे और प्रस्तावित हाई-स्पीड रेल नेटवर्क से जुड़कर यह एयरपोर्ट प्रदेश को स्केल और स्पीड के साथ विकास की नई ऊंचाई तक ले जाएगा। सीएम ने कहा, इस परियोजना से लाखों युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मजबूत संकल्प, अडिग साहस और अटल आत्मविश्वास से कोई भी लक्ष्य दूर नहीं होता। नोएडा एयरपोर्ट इसी संकल्प का परिणाम है और यह उत्तर प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य का लॉन्च पैड बनेगा, जो निवेश, व्यापार और रोजगार के नए द्वार खोलेगा।

## ईरान जंग के बीच भारत को बड़ी राहत, होर्मुज से एलपीजी लेकर गुजरात पहुंचे दो जहाज

एजेंसी, नई दिल्ली।



पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास सुरक्षा चिंताओं के बीच भारत के लिए राहत भरी खबर सामने आई है।

47,000 मीट्रिक टन तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीज) लेकर दो भारतीय पोत शनिवार को गुजरात के वाडिनार टर्मिनल पहुंच गए। इनमें प्रमुख पोत एमटी जग वसंत है, जो अपना कार्गो एंकरज पर दूसरे जहाज में शिप-शिप (एसटीएस) ऑपरेशन के जरिए ट्रांसफर करेगा।

सूत्रों के अनुसार, इन व्यापारिक जहाजों को सुरक्षित मार्ग देने के लिए भारतीय नौसेना के युद्धपोत स्टैंडबाय पर थे और जरूरत पड़ने पर सहायता देने के लिए तैयार थे। अधिकारियों ने बताया कि आने वाले दिनों में ऐसे और पोत भारत पहुंच सकते हैं, जिससे देश की ऊर्जा आपूर्ति को स्थिर रखने में मदद मिलेगी। पोर्ट्स, शिपिंग और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि खाड़ी क्षेत्र में पिछले 24 घंटों में किसी भारतीय जहाज या भारतीय नाविक से जुड़ी कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि फारस की खाड़ी में इस समय 20 भारतीय ध्वज वाले जहाज संचालित हो रहे हैं, जिन पर करीब 540 भारतीय नागरिक सवार हैं, और सभी सुरक्षित हैं। सरकार ने यह भी कहा कि डीजी शिपिंग का 24X7 कम्युनिकेशन सेंटर लगातार काम कर रहा है। पिछले 24 घंटों में उसे 98 कॉल और 335 ईमेल प्राप्त हुए, जिनका जवाब दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### इंडिगो फ्लाइट 6ई-579 में तकनीकी गड़बड़ी, दिल्ली एयरपोर्ट पर आपात लैंडिंग

मुंबई। विशाखापत्तनम से दिल्ली जा रहा इंडिगो का विमान इंजन में खराबी के कारण शनिवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरा। सूत्रों ने यह जानकारी दी। विमान में 160 यात्री सवार थे। एक सूत्र ने कहा, इंडिगो की विशाखापत्तनम-दिल्ली उड़ान 6ई 579 के एक इंजन में खराबी के कारण इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पूर्वाह्न 10.39 बजे पूर्ण आपात स्थिति घोषित की गई। सूत्र ने बताया कि बोइंग 737 विमान में 160 यात्री सवार थे। उड़ान पर नजर रखने वाली वेबसाइट फ्लाइटरडार24 डॉट कॉम के अनुसार, विमान पूर्वाह्न 10 बजकर 59 मिनट पर उतरा।

### ईरान का खतरनाक एक्शन : होर्मुज से गुजर रहा पाकिस्तान का तेल टैंकर उड़ाया

तेहरान। ईरान ने दावा किया है कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे एक बड़े तेल टैंकर को नष्ट कर दिया। यह टैंकर कथित रूप से पाकिस्तान के झंडे के तहत चल रहा था और बिना अनुमति के इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से गुजरने की कोशिश कर रहा था। ईरानी अधिकारियों के अनुसार, टैंकर को पहले कई बार चेतावनी दी गई थी। जब कोई जवाब नहीं मिला, तो उस पर टारगेटेड स्ट्राइक की गई, जिसके बाद जहाज पूरी तरह नष्ट हो गया। ईरान ने कहा कि उसकी किसी भी चेतावनी को हल्के में न लिया जाए। उसकी बात न मानने वालों का यही अंजाम होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि होर्मुज जलडमरूमध्य पहले से ही अत्यधिक संवेदनशील क्षेत्र बना हुआ है, जहां हाल के हफ्तों में कई जहाजों पर हमले और ड्रोन स्ट्राइक की घटनाएं सामने आई हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य से दुनिया का करीब 20 : तेल गुजरता है। यहां किसी भी हमले से वैश्विक ऊर्जा बाजार प्रभावित हो सकता है।

## यूपी में 3.26 करोड़ मतदाताओं की जांच पूरी

### 10 अप्रैल को होगा फाइनल वोटर सूची का प्रकाशन

लखनऊ समृद्धि न्यूज।



निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश में कराए गए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची के सत्यापन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 10 अप्रैल को किया जाएगा।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने शनिवार को बताया कि दस्तावेजों के सत्यापन और सुनवाई की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अंतिम सूची को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अंतिम मतदाता सूची में 13.25 करोड़ (132.5 मिलियन) से अधिक मतदाताओं के नाम शामिल होने की संभावना है, जो पहले की तुलना में करीब 20 लाख नहीं बल्कि लगभग 2 करोड़ (20 मिलियन) कम होंगे। एसआईआर शुरू होने से पहले प्रदेश में करीब 15.2 करोड़ मतदाता पंजीकृत थे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एसआईआर के दौरान जिन 3.26 करोड़ मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए थे, उनकी सुनवाई शुक्रवार को पूरी कर ली गई। निर्वाचन कार्यालय के अनुसार जारी किए गए 100 प्रतिशत नोटिसों पर सुनवाई पूरी हो चुकी है। अक्टूबर 2025 में फ्रीज की गई मतदाता सूची में 12.55 करोड़ नाम शामिल थे। इनमें से 1.04 करोड़ मतदाताओं के नाम 2003 की मतदाता सूची से मेल नहीं खा रहे थे यानी उनके रिकॉर्ड, या उनके माता-पिताध्दादा-दादी के विवरण से असंगत पाए गए। इन मामलों में संबंधित व्यक्तियों से दस्तावेज मांगे गए थे। निर्वाचन कार्यालय ने बताया कि घर के पास सुनवाई कराने और परिवार के अन्य सदस्यों को दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने की अनुमति देने की रणनीति प्रभावी रही। इस बीच, ब्लॉक स्तर अधिकारियों (बीएलओ) ने 2.22 करोड़ मतदाताओं के घर-घर जाकर सुनवाई की, जिनके विवरण में तार्किक त्रुटियां पाई गई थीं जैसे नाम या पिता के नाम में गलती, या मतदाता और अभिभावकों की आयु में 15 वर्ष से कम का अंतर। उम्मीद है कि इस श्रेणी के 97 प्रतिशत से अधिक नाम सूची में बरकरार रहेंगे।

आंकड़ों के अनुसार, 86.6 लाख लोगों ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 भरा है, जबकि 3.18 लाख फॉर्म-7 नाम हटाने के लिए जमा किए गए हैं। इन सभी तथ्यों को देखते हुए अंतिम मतदाता सूची में कुल नामों की संख्या 13.25 करोड़ से अधिक रहने की संभावना है।

## नेपाल में पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली गिरफ्तार



**एजेंसी, काठमांडू।** नेपाल में पुलिस ने शनिवार सुबह नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली तथा पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को उनके निवास स्थानों से गिरफ्तार कर लिया लिया। स्थानीय मीडया के अनुसार यह कार्रवाई पिछले साल 8 और 9 सितंबर को हुए जेन-जी विरोध प्रदर्शनों के दौरान की गई कथित हिंसक कार्रवाई से जुड़ी है। इस आंदोलन के दौरान 19 लोगों की मौत हो गई थी। शर्मा ओली की गिरफ्तारी के विरोध में आज राजधानी काठमांडू में प्रदर्शन शुरू हो गया है।

## ओलावृष्टि-अतिवृष्टि किसानों को राहत राशि वितरित

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश में बीते दिनों खराब मौसम, आंधी और बारिश के चलते किसानों की फसलों को नुकसान हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को फील्ड में उतरकर राहत कार्यों को तेज करने और लगातार निगरानी बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए हैं।

प्रदेश सरकार द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रभावित किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। ओलावृष्टि के कारण प्रदेश के 21 जनपदों में 244.23 हेक्टेयर फसल क्षतिग्रस्त हुई है। इस आपदा से प्रभावित 286 किसानों को अब तक 13,34,217 की राहत राशि वितरित की जा चुकी है। अतिवृष्टि के चलते स्थिति अधिक गंभीर रही। प्रदेश के 17 जनपदों में 4053.11 हेक्टेयर क्षेत्र में फसलों को नुकसान पहुंचा है। इस दौरान कुल 14,207 किसान प्रभावित हुए, जिनमें से 9,992 किसानों को 4,47,24,779 की आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है।

- 21 जनपदों में ओलावृष्टि से 244.23 हेक्टेयर फसल की हुई क्षति
- 286 किसानों को योगी सरकार ने दी 13.34 लाख से अधिक की सहायता

बीते दिनों 15 मार्च से 22 मार्च तक बेमौसम भारी वर्षा से सहारनपुर के 5 गांवों में 11 हेक्टेयर फसल क्षति दर्ज की गई, जिसमें 44 किसान प्रभावित हुए हैं। ललितपुर की 3 तहसीलों में 1650.75 हेक्टेयर क्षेत्र में फसल क्षति दर्ज की गई है, जिसमें कुल 3142 किसान प्रभावित हुए हैं। राज्य सरकार द्वारा फसल क्षति का आकलन तेजी से कराया जा रहा है और पात्र किसानों को राहत पहुंचाने की प्रक्रिया को प्राथमिकता दी गई है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि शेष प्रभावित किसानों को भी शीघ्र सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे अपनी आर्थिक स्थिति संभाल सकें और आगामी फसल की तैयारी कर सकें।

## रेप पीड़िता की पहचान छिपाने के नियम का सख्ती से हो पालन : सुप्रीम कोर्ट

- सभी हाईकोर्ट को कड़े निर्देश जारी

एजेंसी, नई दिल्ली।



सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म मामलों में पीड़िता की पहचान उजागर किए जाने पर कड़ा रुख अपनाते हुए इसे सबसे कड़े शब्दों में निंदनीय बताया है।

शीर्ष अदालत ने सभी हाईकोर्ट को निर्देश दिया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि कोर्ट के आदेशों में पीड़िता या उसके परिवार की पहचान किसी भी रूप में सामने न आए। न्यायमूर्ति संजय करोल और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि 2018 के निपुण सक्सेना बनाम यूनियन ऑफ इंडिया फैसले में स्पष्ट किया गया था कि किसी भी माध्यम (प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक या सोशल मीडिया) में पीड़िता की पहचान उजागर नहीं की जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इसके बावजूद निचली अदालतों में इस नियम का पालन नहीं हो रहा है। इसके पीछे अदालतों की उदासीनता और इस तरह के अपराधों से जुड़े सामाजिक कलंक के प्रति जागरूकता की कमी को जिम्मेदार बताया गया।

## अयोध्या के राजघाट में हो रहे महायज्ञ में लगी भीषण आग

- गनीमत रही कि घटना से कुछ ही मिनट पहले करीब 4500 श्रद्धालु यज्ञ में पूर्णाहुति देकर बाहर निकल चुके थे, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था

अयोध्या, समृद्धि न्यूज।



अयोध्या के राजघाट में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में शनिवार को अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई जिससे अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि यज्ञ में नारियल फटने से चिंगारी निकली और आग लग गई। गनीमत रही कि घटना से कुछ ही मिनट पहले करीब 4500 श्रद्धालु यज्ञ में पूर्णाहुति देकर बाहर निकल चुके थे, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ, स्वामी जी महाराज के द्वारा परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की अध्यक्षता में कराया जा रहा था तभी हादसा हो गया। मौके पर दमकल की चार गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया और हालात का जायजा लिया। कोई जनहानि नहीं हुई है। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया गया। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। यज्ञ मंडप की आग पास की गोशाला तक पहुंच गई थी, लेकिन समय रहते गायों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

## पालघर के स्वयंभू बाबा पर यौन शोषण का आरोप, पुणे से गिरफ्तार

- भगवान शिव का अवतार बताकर महिला को बनाया शिकार

एजेंसी, पुणे।



महाराष्ट्र में पालघर जिले के एक स्वयंभू बाबा को खुद को भगवान शिव का अवतार बताकर एक महिला से बलात्कार करने के आरोप में पुणे से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

एक अधिकारी ने बताया कि 40 वर्षीय आरोपी ऋषिकेश वैद्य को शुक्रवार को पिंपरी इलाके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, नासिक में बलात्कार के आरोपी स्वयंभू बाबा अशोक खरात की हालिया गिरफ्तारी के बाद पुणे निवासी 35 वर्षीय महिला ने आरोपी वैद्य (40) के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने का साहस जुटाया। हालांकि, वैद्य ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार करते हुए दावा किया है कि उसके खिलाफ झूठा मामला दर्ज किया गया है।

## यूएई में मिसाइल मलबा गिरने से पांच भारतीय घायल, एयर डिफेंस ने हमले को किया नाकाम

एजेंसी, दुबई।



संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की वायु रक्षा प्रणाली द्वारा एक बैलिस्टिक मिसाइल को उसके लक्ष्य पर पहुंचने से पहले मार गिराए जाने के बाद खलीफा इकोनॉमिक जोंस अबू धाबी के आसपास उसका मलबा गिरने से पांच भारतीय घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को यह खबर दी।

अबू धाबी मीडिया कार्यालय ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि प्राधिकारियों ने इस घटना में पांच भारतीय नागरिकों के घायल होने की पुष्टि की है। कार्यालय ने कहा, संबंधित प्राधिकारी जनता से अपील करते हैं कि वे केवल आधिकारिक स्रोतों से ही जानकारी प्राप्त करें और अफवाहों या अपुष्ट सूचनाओं के प्रसार से बचें। इससे पहले उसने खबर दी थी कि अधिकारी खलीफा इकोनॉमिक जोंस अबू धाबी के आसपास आग लगने की उन दो घटनाओं पर कार्रवाई कर रहे हैं जो वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा एक बैलिस्टिक मिसाइल को सफलतापूर्वक रोके जाने के बाद मलबा गिरने से हुईं। इससे पहले बृहस्पतिवार को यूएई की हवाई रक्षा प्रणाली द्वारा रोकी गई मिसाइलों का मलबा अबू धाबी की एक सड़क पर गिरने के बाद उसकी चपेट में आने से एक भारतीय समेत कम से कम दो लोगों की मौत हो गई थी और तीन अन्य घायल हो गए थे। अबू धाबी मीडिया कार्यालय ने बताया था कि इस घटना में मारा गया दूसरा व्यक्ति पाकिस्तानी नागरिक था जबकि तीन अन्य घायलों में भी एक भारतीय शामिल है।

## माफिया बृजेश सिंह 2004 के कैंट फायरिंग केस में बरी



लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ के बहुचर्चित 2004 कैंट फायरिंग मामले में बड़ा फैसला आया है। 22 साल बाद एमपी-एमएलए कोर्ट ने इस केस में आरोपी बृजेश सिंह को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया। यह मामला उस समय सुर्खियों में आया था जब मुख्तार अंसारी और कृष्णानंद राय के काफिले आमने-सामने आ गए थे और दोनों ओर से ताबड़तोड़ फायरिंग हुई थी। मामले में मुख्तार अंसारी ने कृष्णानंद राय, बृजेश सिंह पर हत्या का प्रयास, बलवा आदि की धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई थी। मामले में एमपी, एमएलए कोर्ट ने फैसला सुनाया है। बृजेश सिंह, त्रिभुवन सिंह, सुनील राय, आनंद राय, अजय सिंह उर्फ गुड्डू बरी किए गए।

रिपोर्ट

### द लैंसेट की रिपोर्ट में खुलासा

## सबसे अधिक मातृ मृत्यु दर वाले देशों में भारत शामिल

एजेंसी, नई दिल्ली।

भारत 2023 में दक्षिण एशिया और उप-सहारा अफ्रीका के उन देशों में शामिल रहा जिनमें मातृ मृत्यु दर सबसे अधिक रही तथा देश में इस दौरान बच्चों के जन्म के समय 24,700 माताओं की मौत हुई यानी प्रति एक लाख जीवित बच्चों के जन्म पर मातृ मृत्यु दर 116 रही।

द लैंसेट ऑब्स्टेट्रिक्स, गायनेकोलॉजी और वुमेन्स हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक नए वैश्विक विश्लेषण में यह बात कही गई है। अनुमान के अनुसार, पाकिस्तान में 2023 में बच्चों को जन्म देते समय 10,300 माताओं की मौत हुई, जबकि अफ्रीकी देशों इथियोपिया और नाइजीरिया में यह आंकड़ा क्रमशः 11,900 और 32,900 था। अमेरिका स्थित वॉशिंगटन विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट फॉर हेल्थ मैट्रिक्स एंड एवैलुएशन (आईएचएमई) और वैश्विक सहयोगियों के नेतृत्व में हुए अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बताया कि पिछले तीन दशकों में मातृ मृत्यु दर कम हुई है लेकिन हाल के वर्षों में गिरावट की रफ्तार धीमी रही है। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज (जीबीडी) 2023 शोध में 204 देशों और क्षेत्रों में 2023 तक मातृ मृत्यु दर के रुझानों का सबसे ताजा वैश्विक आकलन दिया गया है। नवीनतम सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टमश् (एसआरएस) 2021-23 के अनुसार, देश में मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) प्रति एक लाख जीवित बच्चों के जन्म पर 88 है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के एक सूत्र ने कहा कि यह आंकड़ा सुरक्षित गर्भावस्था एवं प्रसव सुनिश्चित करने की दिशा में हुई प्रगति को दर्शाता है। सूत्र ने कहा, मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारी प्रगति को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिली है और संयुक्त राष्ट्र मातृ मृत्यु आकलन अंतर-एजेंसी समूह (यूएन-एमएमईआईजी) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने 1990 के बाद से एमएमआर में 86 प्रतिशत की कमी हासिल की है जो वैश्विक औसत 48 प्रतिशत से कहीं अधिक है। यह उपलब्धि 2030 तक एमएमआर को 70 से नीचे लाने के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के मानक को पूरा करने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। साल 2023 में विश्व में कुल 2.4 लाख माताओं की मृत्यु हुई, जो प्रति एक लाख जीवित बच्चों के जन्म पर 190.5 माताओं की मृत्यु है। यह 1990 की तुलना में एक-तिहाई कम है जब प्रति एक लाख जीवित बच्चों के जन्म पर 321 माताओं की मौत हुई थी। हालांकि, 204 देशों और क्षेत्रों में से 104 ने अभी तक सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के तहत निर्धारित लक्ष्य हासिल नहीं किया है। यह लक्ष्य प्रति एक लाख जीवित बच्चों के जन्म पर मातृ मृत्यु दर को 70 से नीचे रखने का है। एक ओर मातृ मृत्यु के प्रमुख कारण स्थानों के अनुसार भिन्न पाए गए लेकिन वैश्विक रूप से मातृ रक्तस्राव और गर्भावस्था के दौरान उच्च रक्तचाप संबंधी विकारों के कारण सबसे अधिक मौतें हुईं। शोधकर्ताओं ने कहा कि प्रसव पूर्व देखभाल, सुरक्षित प्रसव सेवाओं, आपातकालीन प्रसूति देखभाल और प्रसव के बाद जांच की बेहतर सुविधा से मातृ मृत्यु दर में काफी कमी लाई जा सकती है, खासकर उन देशों में जहां बोझ सबसे अधिक है। इसके अलावा, कोविड-19 महामारी के शुरुआती दौर में मातृ मृत्यु दर बढ़ गई थी।

# डीएम ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

- समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिये निर्देश
- थाना समाधान दिवस में अनुपस्थित लेखपालों को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान के उद्देश्य से थाना कोतवाली देहात में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा उपस्थित फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से आए नागरिकों ने भूमि विवाद, अवैध कब्जा, रास्ता अवरोध, राजस्व अभिलेखों में त्रुटि, पारिवारिक विवाद तथा अन्य स्थानीय समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से प्रकरण की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राप्त सभी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए और उनके निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करे तथा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करे। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता एवं विपक्षी पक्ष–दोनों को बुलाकर पारदर्शी तरीके से प्रकरण का समाधान कराया जाए, जिससे भविष्य में विवाद की पुनरावृत्ति न हो। समाधान दिवस के दौरान कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों के लिए संबंधित विभागों को निश्चित समयसीमा निर्धारित कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि आमजन को न्याय पाने के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। समाधान दिवस जैसी पहल जनता और प्रशासन के बीच विश्वास को मजबूत करती है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें तथा प्रत्येक शिकायत का संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करें। जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि जो लेखपाल बिना किसी सूचना के अनुपस्थित हैं उनको तत्काल शोकाज नोटिस जारी किया जाए।

कार्यक्रम में थाना प्रभारी कोतवाली देहात तथा राजस्व एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डॉक्टर सतीश आर्य पंचतत्व में विलीन



**मनकापुर/ गोंडा, समृद्धि, न्यूज।** देश के जाने-माने साहित्यकार डॉक्टर सतीश आर्य का लंबी बीमारी के बाद राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल लखनऊ में शुक्रवार की रात में निधन हो गया। डॉक्टर सतीश आर्य स्वास से काफी दिनों से परेशान थे जिन्हें एक सप्ताह पूर्व डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था, वह 72 वर्ष के थे डॉक्टर आर्य के निधन का समाचार सुनकर जनपद गोंडा के साहित्यकारों में शोक की लहर दौड़ गई, उन्हें विद्या वाचस्पति, विद्याभूषण, विद्यावारिधि तथा कई अन्य पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। डॉक्टर आर्य की चार पुस्तक महुआ वृक्ष तले, दुई आंखिन की पुतरी भई हिंदी, छंद की छांव में, महुवारी प्रकाशित हो चुकी है, कई पुस्तक प्रकाशित होने वाली है। हिंदी जगत के स्तंभ कहे जाने वाले डॉक्टर सतीश आर्य की कविताएं सुनकर लोग भाव विभोर हो जाते थे, उनकी हिंदी की रचना गंगा के छंद आज भी लोगों के दिलों में बसे हुए हैं, उनके चले जाने से साहित्य जगत को अपार क्षति पहुंची है। उनका अंतिम संस्कार मनवर नदी के तट पर किया गया है।

# थाना समाधान दिवस में प्राप्त फरियादियों की शिकायतों का हो गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण : एसपी

- जनता की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित को दिए गए दिशा-निर्देश

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा थाना को० नगर में जनसुनवाई की गयी। एसपी जनता की जनसमस्याओं को सुना तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवक्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना कटरा बाजार में जनसुनवाई के दौरान 06 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है। प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजा गया है। इसी प्रकार समस्त प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्षों द्वारा अपने अपने थानों पर समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया गया। इस दौरान राजस्व एवं पुलिस के अधि./कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



# खबरें एक नजर में

## विशाल भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के श्री पवन पुत्र हनुमान जी मंदिर में आयोजित प्राण-प्रतिष्ठा यज्ञ अनुष्ठान के समापन दिवस पर श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। अंतिम दिन आयोजित विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। समापन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से हवन एवं पूर्णाहुति संपन्न हुई। यज्ञ में शामिल श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और मंगल कामना के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्ति का वातावरण बना रहा। सायंकाल आयोजित भजन संध्या ने कार्यक्रम को और भी भक्तिमय बना दिया। भजन गायकों द्वारा प्रस्तुत मधुर भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और देर रात तक भक्ति रस में सराबोर रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मंदिर समिति और कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रही। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके सहयोग को सराहनीय बताया।

## तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाया गया पिंजरा



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के कैसरगंज थाना क्षेत्र के गोडहिया नंबर 1 में खेत में काम कर रहे एक युवक पर तेंदुए ने हमला कर दिया। हमले में युवक घायल हो गया। ग्रामीणों के पहुंचने पर तेंदुआ भाग गया। घटना के बाद वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए खेत के किनारे पिंजरा लगाया है। गोडहिया नंबर 1 स्थित बभनन पुरवा ग्राम निवासी राकेश नामक युवक शुक्रवार को अपने खेत गया था। तभी अचानक तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। राकेश की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को आता देख तेंदुआ वहां से भाग निकला। हमले में युवक के पैर में चोट आई है। घटना की सूचना मिलने पर देर रात पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह और वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि तेंदुए को पकड़ने के लिए गन्ने के खेत के पास पिंजरा लगाया गया है। उन्होंने ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील भी की है।

## राजन कुमार गुप्ता बने भाजपा गुमड़ी मंडल के कोषाध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में खुशी



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के गुमड़ी मंडल में संगठनात्मक विस्तार के तहत नई जिम्मेदारियों की घोषणा की गई है। मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा द्वारा जारी सूची के अनुसार राजन कुमार गुप्ता को गुमड़ी मंडल का कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। पार्टी नेतृत्व द्वारा उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपे जाने पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी का माहौल है। मनोनयन की सूचना मिलते ही क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने राजन कुमार गुप्ता को बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। दिलीप, राहुल, विनोद, संजय, विजय, अरमान, सोनू और साहिल सहित तमाम लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन और सक्रियता से संगठन को और मजबूती मिलेगी तथा पार्टी की नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग मिलेगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा ने कहा कि संगठन में सक्रिय, समर्पित और कर्मठ कार्यकर्ताओं को ही जिम्मेदारी दी जा रही है, ताकि पार्टी संगठन को और सशक्त बनाया जा सके। वहीं राजन कुमार गुप्ता ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे और संगठन को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

## आर.सी. जारी कर बकायेदारों से की जायेगी ऋण वसूली : डीएमओ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो. खालिद ने बताया कि उ.प्र. अल्पसंख्यक वित्तीय एवं विकास निगम द्वारा वर्ष 1995 में प्रारम्भ की गई टर्म लोन योजना अन्तर्गत अल्पसंख्यक समुदाय के 1094 लोगों को रोजगार करने के लिए धनराशि रू. 377.92 लाख़ का ऋण दिया गया था, समय से ऋण जमा न होने के कारण मूलधन सहित ब्याज बढ़कर धनराशि रू. 1893.55 लाख़ हो गयी है, विभाग द्वारा बकायेदारों से सम्पर्क करने के बावजूद. भी बकाया धनराशि जमा नहीं की जा रही हैं। इस स्थिति पर प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम द्वारा जनपद में ऋण की वसूली नगण्य होने पर कड़ी नाराज़गी व्यक्त की गई है। श्री खालिद ने डिफाल्टर ऋणधारकों निर्देशित किया है कि 05 अप्रैल 2026 तक बकाया सभी ऋण किश्ते गेंद घर स्थित जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के कार्यालय में जमा करा दें अन्यथा की स्थिति में बकाये की धनराशि की वसूली हेतु भू-राजस्व की भांति आर.सी. जारी करने की कार्यवाही की जायेगी जिसके लिए लाभार्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे। उन्होंने बताया कि बकाया धनराशि जमा न कराये जाने की दशा में ऋणधारक की सम्पत्ति अथवा गारन्टरों से बकाया ऋण वसूल करने हेतु नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

# रेलवे सुरक्षा बल ने नाबालिग को परिजनों से मिलाया

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को मैं सहायक उप निरीक्षक विजय कुमार साथ हेड कांस्टेबल मंतोष कुमार पीएफ नंबर एक पर गस्त कर रहे थे मेन गेट के पास एक लड़का अकेले बैठा होने पर पूछताछ किया तो अपना नाम मोहम्मद कुसेद पुत्र सिरताज ग्राम बाबू पुरवा थाना करनैलगंज जिला गोंडा उम्र 12 वर्ष का होना बताया और बताया की घर पर पापा डांटे थे तो नाराज होकर हम घर से चले आए हैं उससे घर का नंबर पूछने पर घर का मोबाइल नंबर 6393 010162 बताए जिससे संपर्क करने पर उसके चचेरे भाई अल्ताफ पुत्र जब्बार ग्राम बाबू पुरवा थाना कर्नलगंज जिला गोंडा द्वारा बताया गया कि आप अपने पास बैठ कर रखिए कुछ समय में हम लोग आएंगे लेने के लिए जिसे रेलवे स्टेशन गोंडा पर स्थित चाइल्ड लाइन के केस वर्कर श्री सत्य प्रकाश को फद, सुपुर्दगीनामा तैयार कर DY/SS/ COM/ GD के समक्ष नाबालिक लड़के को ठीक-ठाक प्राप्त कराया गया।



## फंदे से झूलता मिला 25 वर्षीय युवक का शव इलाके में सनसनी



**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज।** नगर के पील खाना मोहल्ले में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक 25 वर्षीय युवक का शव उसके घर के अंदर फंदे से लटकता हुआ पाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई मृतक की पहचान दीपू (25 वर्ष), पुत्र बरसाती के रूप में हुई है, जो पील खाना, कोटबाजार का निवासी था। जानकारी के अनुसार, युवक का शव घर के कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला। जैसे ही परिजनों ने दीपू को इस हालत में देखा, उनकी चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों द्वारा सूचना दिए जाने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# गैस बुकिंग के लिए उमड़ी भीड़, व्यवस्था नाकाफी, उपभोक्ता परेशान

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**



नगर के बालाजी गैस एजेंसी पर इन दिनों गैस बुकिंग और वितरण को लेकर भारी अव्यवस्था देखने को मिल रही है। एजेंसी परिसर से लेकर आसाम रोड तक उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लगी हुई हैं। स्थिति यह है कि लोग सुबह 4 बजे से ही लाइन में लगना शुरू कर देते हैं, इसके बावजूद उन्हें समय पर गैस नहीं मिल पा रही है।

स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले एक सप्ताह से गैस वितरण जारी है, लेकिन भीड़ कम होने के बजाय लगातार बढ़ती जा रही है। एजेंसी के बाहर उमड़ी भीड़ को देखकर गैस की कमी जैसी स्थिति का अंदेशा भी लगाया जा रहा है, हालांकि प्रशासन इस बात से इनकार कर रहा है।

सबसे बड़ी समस्या भीड़ नियंत्रण को लेकर सामने आ रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि सुबह से ही भारी भीड़ इकट्ठा हो जाती है, लेकिन पुलिस व्यवस्था समय पर नहीं पहुंचती। पुलिस के जवान प्रायः सुबह 10 बजे के बाद ही मौके पर नजर आते हैं, तब तक स्थिति काफी अव्यवस्थित हो चुकी होती है। ऐसे में बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को विशेष रूप से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

लाइन में लगे उपभोक्ताओं ने बताया कि घंटों इंतजार करने के बावजूद कई बार उनका नंबर नहीं आ पाता और उन्हें खाली हाथ वापस लौटना पड़ता है। इससे उनके दैनिक जीवन पर भी असर पड़ रहा है। कई लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि व्यवस्था की कमी के कारण धक्का-मुक्की और अव्यवस्था की स्थिति बनी रहती है।

उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि गैस वितरण की प्रक्रिया को सुचारु बनाया जाए। साथ ही एजेंसी पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके और लोगों को राहत मिल सके।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते उचित व्यवस्था नहीं की गई, तो स्थिति और बिगड़ सकती है। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि गैस वितरण को व्यवस्थित और पारदर्शी बनाया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानी से बचाया जा सके।

### क्या कहते हैं अधिकारी

इस संबंध में जिला प्रशासन के अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। एजेंसी पर भीड़ लगने की शिकायत मिली है, जिस पर संज्ञान लिया जा रहा है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही व्यवस्था में सुधार करते हुए भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# हर्ष व उत्साह के साथ मनाया गया वार्षिक पुरस्कार दिवस

- विद्यार्थियों ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किए प्रस्तुत

**रुपईडीहा, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



नगर-पंचायत स्थित ए.जी.सी. विद्यालय ने रविवार को अपना 38वां वार्षिक पुरस्कार दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया। यह कार्यक्रम ए.जी.सी. स्कूल के प्रांगण में आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों और विशेष अतिथियों ने भाग लिया।कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों की उपलब्धियों का सम्मान करना है।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रबन्धक आर. रेम्बल के प्रार्थना और गर्मजोशी भरे स्वागत के साथ हुई, जिसके बाद ध्वज प्रस्तुति (ऑफिस बियरर्स द्वारा मार्च करते हुए) की गई। वार्षिक पुरस्कार दिवस की मुख्य अतिथि डॉ. सुषमा हर्ष (एम.ए, पी.एच.डी. मनोविज्ञान), जो देहरादून के माउंट फोर्ट अकादमी की सेवानिवृत प्राचार्या हैं।

विशिष्ट अतिथियों में डॉ. सुधीर हर्ष (वन अनुसंधान संस्थान, भारत) तथा कृस्टियाने ज़ल्के (ओ टी नर्स, जर्मनी शामिल रहीं।विद्यालय के नर्सरी से कक्षा 11 तक के छात्रों द्वारा क्वायर सांग, ग्रुप सांग, फैशन शो, जुंबा सांग, नेपाली कल्चरल डांस, एलोक्यूशन पोयम, सेव ट्रीज, पंजाबी डांस, हिंदी ड्रामा, अंब्रेला डांस, कव्वाली, बंगाली डांस, भांगड़ा, प्रेयर डांस, पियानो, ड्रम, गिटार, ड्रम, म्यूजिक शो आदि प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें नृत्य, गीत, नाटक, कविता और एबीआरएसएम संगीत शामिल थें। इन कार्यक्रमों ने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पुरस्कार वितरण समारोह रहा, जिसमें मेधावी विद्यार्थियों को शैक्षणिक और -पाठ्य सहगामी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या जेनीफर डी. रेम्बल ने सभी विजेताओं को बधाई दी और छात्रों को निरंतर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की और सफलता प्राप्त करने में अनुशासन, मेहनत और समर्पण के महत्व पर जोर दिया।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिससे सभी उपस्थित लोगों के लिए सुखद और यादगार स्मृतियाँ रह गई। मुख्य अतिथि सुषमा हर्ष द्वारा छात्रों का उत्साहवर्धन किया गया, प्रिंसिपल जेनिफर द्वारा बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन, अपने क्लास में मेधावी छात्रों को पुरस्कार भी वितरित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यायल प्रबंधक आर रंबल, शिक्षक अमित श्रीवास्तव, प्रतीक्षा श्रीवास्तव, अंकुर त्रिपाठी इंदर गर्ति,जॉन सर, राम त्रिवेदी, एंड्रियास मशीह आदि उपस्थित रहे।

## केडीसी क्रिकेट एकेडमी के तत्वावधान में अंडर-12 क्रिकेट लीग का हुआ शुभारंभ



**14 सदस्यीय कुल चार टीमों के बीच प्रारंभ हुई क्रिकेट प्रतियोगिता**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** किसान डिग्री कॉलेज के मैदान में केडीसी क्रिकेट अकादमी के द्वारा अंडर-12 क्रिकेट लीग का शुभारंभ किया गया। 14 सदस्यीय कुल चार टीमों के बीच यह प्रतियोगिता खेली जा रही है। उद्घाटन के मुख्य अतिथि सुरेश प्रताप सिंह (प्रांत उपाध्यक्ष क्रीड़ा भारती) व विशिष्ट अतिथि सचिव किसान डिग्री कॉलेज मेजर डॉ एसपी सिंह ने ख़िलाडियो से परिचय पाप्त कर शुभारंभ किया। उद्घाटन मुकाबला केडीसी राइजिंग स्टार्स एवं केडीसी पावर हिटर्स के बीच खेला गया। टॉस जीत कर राइजिंग स्टार्स ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 35-35 ओवरों के इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए राइजिंग स्टार्स के बल्लेबाज 21वें ओवर में 155 रनों पर ऑल आउट हो गए। उत्सव सिंह ने सर्वाधिक 56 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। उसके अलावा कप्तान उजैर अली ने 19 रनों का योगदान दिया। पावर हिटर्स की तरफ से कृष्णा ने तीन एवं मोहम्मद आसिफ ने दो विकेट अपने नाम किये। 156 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पावर हिटर्स के बल्लेबाज जिम्मेदारी से नहीं खेले और पूरी टीम 21वें ओवर में 140 रनों पर ऑल आउट हो गई। राघव मिश्रा ने सर्वाधिक 29 एवं कृष्णा ने 23 रनों का योगदान दिया। राइजिंग स्टार्स की तरफ से मयंक एवं आरेज खुर्शीद ने तीन-तीन एवं उजैर अली ने दो विकेट अपने नाम किए । मैच में उत्कर्ष प्रदर्शन की बदौलत मयंक पांडे को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। आज के मैच में अंपायरिंग की भूमिका प्रदीप गुप्ता एवं आशुतोष कैराती ने निभाई। स्कोरर की भूमिका में लक्ष्य कनौजिया मौजूद रहे।इस दौरान पंकज सिंह, आयुष चित्रांश, हर्षित मिश्रा, अजय प्रताप, अजय त्रिपाठी, एवं अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# धूमधाम से मना रजत जयन्ती समारोह व वार्षिक उत्सव

- छात्र जब बड़े पदों पर चले जाते हैं तब विद्यालय के शिक्षकों को होता है गर्व

**रूपईडीहा, बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

कन्हैयालाल परमेश्वर दीन हाई स्कूल में धूमधाम के साथ रजत जयन्ती समारोह और वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेयरमैन नगर पंचायत रूपईडीहा डॉक्टर उमाशंकर वैश्य रहे। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जयप्रकाश सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा रमेश सिंह रावत रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश वर्मा ने बताया कि वर्ष 2000 में विद्यालय की स्थापना की गई थी तब 150 बच्चों से विद्यालय की शुरुआत बहुत कम संसाधनों से हुई थी।निरन्तर लगन और परिश्रम के बल पर आज 25 वर्ष पूरे होने पर विद्यालय में 1200



विद्यार्थी एवं 45 शिक्षक शिक्षिकाएं हैं। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, सरस्वती वंदना, डांस सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अध्यक्ष डॉक्टर उमाशंकर वैश्य,ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जेपी सिंह, प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा रमेश सिंह रावत ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं विद्यालय के उत्तरोत्तर वृद्धि की कामना की। इस पर प्रकाश डालते हुए अतिथियों ने कहा कि विद्यालय के छात्र जब बड़े पदों पर चले जाते हैं तब विद्यालय के शिक्षकों को गर्व होता है कि आज हमारे पढ़ाये हुए छात्र उच्च पदों पर बैठे हुए हैं इससे बड़ी खुशी कोई होती नहीं है।

# भारत-नेपाल के बीच रिश्तों को मजबूत करेगा खेल महोत्सव

- आज से किसान डिग्री कॉलेज में शुरू होगा भारत-नेपाल खेल महोत्सव

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



शहर के किसान डिग्री कॉलेज स्थित खेल मैदान में रविवार से आयोजित खेल महोत्सव में भारत और नेपाल के खिलाड़ी शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता में दोनों देश के खिलाड़ी शामिल होंगे।

दोनों देश के बीच क्रीड़ा भारती और सीमा जागरण मंच की ओर से शुरू होने वाली खेल प्रतियोगिता से रिश्ते मजबूत होंगे। यह बात पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य अतिथि सुरेश प्रताप सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि खेल महोत्सव से भारत और नेपाल के मध्य रिश्तों में मजबूती तो आएगी ही। साथ ही युवाओं को प्रतिभा निखारने में एक उचित स्थान मिल रहा है। किसान डिग्री कॉलेज के सचिव मेजर डॉक्टर एसपी सिंह ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच रोटी बेटी का रिश्ता है। जो काफी समय से चला आ रहा है, लेकिन ऐसे आयोजनों से और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि दोनों देश के बीच हुए तनाव को कम करने के लिए ऐसे आयोजन जरूरी है। साथ ही सीमा वर्ती गांवों के लोगों को भी इन आयोजन में प्रतिभाग करने के लिए सफलता मिलेगी। इसका शुरुआत रविवार को क्रास कंट्री दौड़ से होगी। यह रन फार नाम से शुरू होगी। नेपाल के लोगों को जोड़ने के लिए इसका आयोजन किया गया है। जिसमें प्रांत प्रचारक, एमएलसी, संगठन मंत्री अमर नाथ, समेत अन्य शामिल होंगे। प्रतियोगित में सीमा क्षेत्र की चार टीम, नेपाल की चार टीम रहेगी। इस दौरान अमरनाथ प्रान्त संगठन मंत्री सीमा जागरण मंच,जिला संयोजक किसान मोर्चा सत्य प्रकाश सिंह सत्या, सभासद आशीष सिंह,देवेंद्र सिंह, डिम्पल जैन,आदित्य चंद मिश्र,डिंकु सिंह रैकवार क्रीड़ा भारती अध्यक्ष अटल सिंह ,विवेक शुक्ल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# महिला चिकित्सक न होने से श्रीदत्तगंज क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड श्रीदत्तगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वर्षों से महिला डॉक्टर की तैनाती न होने के कारण क्षेत्र की महिलाओं को गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लगभग 40 ग्राम पंचायतों की स्वास्थ्य सेवाओं का भार संभालने वाले इस केंद्र में महिला चिकित्सक के अभाव ने व्यवस्था को प्रभावित कर दिया है।

ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली महिलाएं, विशेषकर गर्भवती महिलाएं, इलाज कराने में असहज महसूस करती हैं। महिला डॉक्टर के अभाव में कई महिलाएं अस्पताल जाने से कतराती हैं, जिसके कारण उन्हें मजबूरन निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है। इससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी पड़ता है। सबसे अधिक समस्या प्रसव के दौरान देखने को मिल रही है। स्थानीय स्तर पर उचित महिला चिकित्सा सुविधा न मिलने के कारण गर्भवती महिलाओं को जिला मुख्यालय या तहसील मुख्यालय के अस्पतालों में जाना पड़ता है। कई बार समय पर वाहन न मिलने या दूरी अधिक होने के कारण जोखिम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। वर्तमान में महिलाओं के उपचार की जिम्मेदारी एएनएम (सहायक नर्स मिडवाइफ) के



कंधों पर है, जो सीमित संसाधनों और अधिकारों के बीच अपनी सेवाएं दे रही हैं। हालांकि, गंभीर मामलों में विशेषज्ञ महिला चिकित्सक की आवश्यकता महसूस होती है, जिसकी पूर्ति यहां नहीं हो पा रही है। नवजात शिशुओं और महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी जटिल मामलों के लिए भी मरीजों को बाहर जाना पड़ता है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज के अधीक्षक डॉ. आनन्द त्रिपाठी ने उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर महिला डॉक्टर की तैनाती की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि क्षेत्र की बड़ी आबादी महिला स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव में प्रभावित हो रही है। इसके अलावा, ब्लाक प्रमुख हेमन्त जायसवाल ने भी मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी को पत्र भेजकर इस समस्या के समाधान की मांग की है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए, इसलिए जल्द से जल्द महिला चिकित्सक की नियुक्ति की जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र ही इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज में तत्काल महिला डॉक्टर की तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि महिलाओं को स्थानीय स्तर पर ही सुरक्षित और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

# रन फॉर एम्पावरमेंट में दौड़ी बेटियां, नारी सशक्तिकरण का दिया संदेश

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक और सशक्त बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में थाना सादुल्ला नगर की मिशन शक्ति टीम व एंटी रोमियो टीम द्वारा बाबा रघुनाथ दास विद्यापीठ हसऊपुर में नारी शक्ति मिशन फेज 5.2 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत रन फॉर एम्पावरमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय की बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए दौड़ लगाई और नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया। इस दौरान छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने, शिक्षा के महत्व और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। टीम के सदस्यों ने बालिकाओं को महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों, हेल्पलाइन नंबर 112 एवं साइबर अपराध से बचाव के उपायों की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समाज में महिलाओं की भागीदारी और सुरक्षा सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस पहल से बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ा और नारी सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता का संदेश दूर तक पहुंचा।



# यूपी विकास व विश्वास की नई पहचान बनकर उभरा : पंकज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने शनिवार को नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज विकास, विश्वास और वैश्विक संभावनाओं की नई पहचान बनकर उभरा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने लगभग 11,200 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण का उद्घाटन किया। भाजपा मुख्यालय द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, चौधरी ने कहा कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन केवल एक आधारभूत परियोजना का लोकार्पण नहीं बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के भविष्य, प्रदेश की अर्थव्यवस्था और विकसित भारत के संकल्प को नई ऊंचाई देने वाला ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा, यह हवाई अड्डा प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शी सोच, मजबूत नेतृत्व और उत्तर प्रदेश को देश के सबसे विकसित राज्यों में स्थापित करने की प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष ने कहा कि नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित पूरे प्रदेश के लिए उद्योग, व्यापार, पर्यटन, निर्यात, लॉजिस्टिक्स, निवेश और रोजगार के नए द्वार खोलेगा।

उन्होंने कहा कि इससे गौतम बुद्ध नगर, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना प्राधिकरण क्षेत्र सहित आसपास के अनेक जिलों में औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। चौधरी ने कहा कि यह परियोजना लाखों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करेगी, किसानों को बाजार से जोड़ेगी, व्यापारियों को नई सुविधा देगी और निवेशकों के लिए उत्तर प्रदेश को अधिक आकर्षक बनाएगी।

उन्होंने कहा कि आज पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रैपिड रेल, मेट्रो परियोजनाएं, एक्सप्रेसवे नेटवर्क और लगभग पूर्णता की ओर बढ़ रहा गंगा एक्सप्रेसवे, ये सभी मिलकर विकास की एक नई संरचना तैयार कर रहे हैं। चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि यूपी को विकास, आधुनिकता, आत्मनिर्भरता व सुशासन का राष्ट्रीय मॉडल बनाया जाए और नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा उसी परिवर्तनकारी यात्रा का एक ऐतिहासिक अध्याय है।

## नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा विकसित भारत-विकसित यूपी के संकल्प को देगा उड़ान : केशव

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रधानमंत्री द्वारा नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण के लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। केशव प्रसाद मौर्य ने प्रदेशवासियों को बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुए इस उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने इसे उत्तर प्रदेश के विकास में एक स्वर्णिम अध्याय बताया। श्री मौर्य ने कहा कि डबल इंजन सरकार की विकासपरक सोच का सशक्त उदाहरण है। 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह हवाई अड्डा एक मील का पत्थर साबित होगा। हवाई अड्डे के पास न्यू मॉल, सिनेमा घर, बड़े मार्केट इत्यादि खुलेंगे। हवाई अड्डा उत्तर प्रदेश को सीधे वैश्विक बाजारों से जोड़ेगा। जेवर में इस विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे के आने से अंतरराष्ट्रीय निवेश में भारी वृद्धि होगी।

# विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : स्वतंत्र देव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने आज यहां गोमतीनगर स्थित भागीदारी भवन में आयोजित 'युवा संसद-2026' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

यूसीसी (समान नागरिक संहिता) एवं विकसित भारत' विषय पर केंद्रित इस आयोजन में उन्होंने प्रदेश भर से आए युवाओं को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी और नीतिगत समझ के महत्व पर बल दिया। जलशक्ति मंत्री ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत-2047' के विजन को साकार करने में युवा पीढ़ी की शक्ति और सोच सबसे बड़ा आधार है।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत का अर्थ केवल आर्थिक समृद्धि नहीं है, बल्कि ये समान अवसर, न्यायपूर्ण व्यवस्था और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सामाजिक समरसता और कानूनी एकरूपता एक सशक्त राष्ट्र की नींव होती है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे देश की लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को समझें और नेतृत्व कौशल विकसित कर राष्ट्रीय नीतियों में अपना योगदान दें। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को देश के ज्वलंत नीतिगत मुद्दों से जोड़ना और 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लक्ष्य के प्रति जागरूक करना। यह 'युवा संसद' युवाओं को एक ऐसा मंच प्रदान करती है जहाँ वे विधायी कामकाज, सार्वजनिक बहस और नेतृत्व की बारीकियों को सीख सकें।

कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने भी उत्साहपूर्वक अपने विचार रखे और राष्ट्र के भविष्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

## खबरें एक नजर में

### जागरण में विवाद, दो युवकों पर धारदार हथियार से हमला, केस दर्ज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बंथरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात जागरण के दौरान पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि कुछ युवकों ने दो लोगों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वे घायल हो गए। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बंथरा गांव निवासी विक्की सिंह चौहान उर्फ सुरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि वह अपने मित्र विशेष सैनी के साथ 27 मार्च शुक्रवार रात गांव से कुछ दूर उम्मेद खेड़ा स्थित आनंदी माता मंदिर में जागरण देखने गए थे। वहां तरुण दूबे, संदीप लोधी और यश मिश्रा से दो दिन पूर्व हुए विवाद को लेकर उनकी कहासुनी हो गई। आरोप है कि देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और इन आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस हमले में विक्की सिंह चौहान और उनके मित्र विशेष सैनी चोटिल हो गए। पीड़ितों का आरोप है कि हमलावरों ने बाद में उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। विक्की सिंह चौहान की तहरीर पर बंथरा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

### पूर्वोत्तर रेलवे के स्वच्छता मित्रों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा ऐशबाग रेलवे पॉलीक्लिनिक पर एक स्वास्थ्य परीक्षण तथा डेंटल चौकअप शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल तथा अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर दीक्षा चौधरी के दिशा निर्देशन में किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में डॉ0 रंजना पाटनी, वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी, डॉ0 रुचिका किशोर, डेंटल सर्जन द्वारा सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकीय जांच में सफाई कर्मचारियों में डेंटल कैविटी (दांतों में सड़न) एवं ओरल सबम्यूकस फाइब्रोसिस पाया गया। इसके अतिरिक्त उच्च रक्तचाप तथा सीओपीडी की पहचान की गई। जांच उपरांत सभी संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक चिकित्सीय परामर्श एवं उपचार संबंधी परामर्श के साथ दवाएं प्रदान की गई।

### मां की डांट से नाराज छात्रा ने फांसी लगा की आत्महत्या

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के हसनगंज थानाक्षेत्र में मां की डांट से आहत 11वीं की छात्रा ने शुक्रवार देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फंदे से लटका देख परिजन आनन-फानन में उसे बलरामपुर अस्पताल ले। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। डालीगंज स्थित मनकामेश्वर मठ मंदिर निवासी अरविंद कुमार सिक्योरिटी गार्ड के सुपरवाइजर हैं। परिवार में पत्नी सपना, बेटी लीजा उर्फ बेबो (17) और बेटा उदय है। परिजनों के मुताबिक लीजा एक प्राइवेट स्कूल में 11वीं की छात्रा थी। शुक्रवार को किसी बात को लेकर मां ने उसे डांट दिया था। इसके बाद नाराज होकर वह कमरे में चली गई। काफी देर बाहर नहीं आई तो अरविंद कमरे में पहुंचे। कमरे के अंदर बेटी को फंदे से लटका देख उनके होश उड़ गए। शोर सुनकर परिजन और पड़ोसी मौके पर पहुंचे और छात्रा को नीचे उतारकर तुरंत अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने छात्रा को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### नौकरी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार, 3.80 लाख रुपए ऐंठे

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के विकासनगर थाना पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी और दुष्कर्म के आरोप में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी ने नौकरी का झांसा देकर संपर्क बढ़ाया। इसके बाद मिलने के बहाने बुलाकर दुष्कर्म किया। युवती का आरोप है कि उससे 3.80 लाख रुपए भी ऐंठ लिए। एसओ विकास नगर आलोक सिंह ने बताया 1 मार्च 2026 को पीड़िता की शिकायत पर विकासनगर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। पीड़िता ने बताया कि उसकी मुलाकात सेक्टर एफजानकीपुरम निवासी अंकुर अग्रवाल नाम के व्यक्ति से नौकरी के सिलसिले में हुई थी। अंकुर ने पीड़िता को नौकरी दिलाने का झांसा देकर करीब 3.80 लाख रुपए हड़प लिए। आरोप है कि उसने बहला-फुसलाकर पीड़िता के साथ उसकी मर्जी के खिलाफशारीरिक संबंध बनाए। इतना ही नहीं, गर्भवती होने पर आरोपी ने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाकर गर्भपात करा दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस टीम आरोपी की तलाश कर रही थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए शुक्रवार-शनिवार की बीच रात करीब 12:50 पर आरोपी को जानकीपुरम सेक्टर-एफस्थित उसके घर के सामने से गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश करके जेल भेजा गया।

### छत से गिरी महिला, इलाज के दौरान तोड़ा दम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** निगोहां गांव में शनिवार को एक महिला की छत से गिरने से मौत हो गई। रानी (55) नामक महिला अपने घर की छत पर मटर सुखा रही थीं, तभी उनका पैर फिसल गया।पैर फिसलने से रानी का संतुलन बिगड़ गया और वह छत से नीचे गिर गईं। इस हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं। परिजनों ने तुरंत उन्हें मोहनलालगंज के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर चिकित्सकों ने रानी को मृत घोषित कर दिया। मृतका अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनकी तीन विवाहित बेटियां और दो विवाहित बेटे, पवन कुमार और सुरेंद्र कुमार हैं। इस दुखद घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार, रानी मिलनसार स्वभाव की महिला थीं और परिवार को संभालने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। अचानक हुई इस घटना से गांव के लोग स्तब्ध हैं।

# पीएनजी सेवाओं के विस्तार में उत्तर प्रदेश की सक्रिय भागीदारी, नगर विकास मंत्री करेंगे मॉनिटरिंग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

**पीएनजी सेवा विस्तार एवं शहरी सुदृढ़ीकरण पर हुई केंद्र राज्य समन्वय बैठक**

केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित पीएनजी सेवाओं के विस्तार एवं आवश्यक सेवाओं के सुदृढ़ीकरण विषयक बैठक में उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सहभागिता की।

बैठक समूह मंत्रियों के 25 मार्च के निर्णय के क्रम में हुई, जिसमें केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी आवास एवं शहरी कार्य एवं पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, मनोहर लाल खट्टर आवास एवं शहरी विकास तथा प्रह्लाद जोशी उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण सहित विभिन्न राज्यों के मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी एवं नगर निकायों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।बैठक में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के विस्तार पीएनजी कनेक्शन वितरण में तेजी तथा शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ एवं सुरक्षित ऊर्जा उपलब्ध कराने पर विस्तृत चर्चा की गई।

मंत्री एके शर्मा ने उत्तर प्रदेश में चल रही प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के विभिन्न नगरीय निकायों में एनओसी से संबंधित कुछ प्रकरण लंबित हैं, जिनमें बहराइच, वाराणसी, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी, सिद्धार्थनगर एवं महाराजगंज प्रमुख हैं। लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण हेतु वे स्वयं विशेष ध्यान केंद्रित करेंगे। स्थानीय निकायों के निदेशक को निर्देशित किया जाएगा कि एनओसीजारी करने की प्रक्रिया को सरल एवं तेज बनाया जाए, जिससे किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो और कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण हो सके। उत्तर प्रदेश सरकार शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

सीजीडी परियोजनाओं को गति देने हेतु आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।मंत्री एकेशर्मा ने केंद्रीय मंत्री को आश्वस्त किया कि इस पूरे विषय पर वे व्यक्तिगत रूप से निगरानी रखेंगे। बैठक में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उड़ीसा, राजस्थान, तेलंगाना एवं दिल्ली की सक्रिय भागीदारी रही जबकि अन्य राज्यों ने वर्चुअल माध्यम से सहभागिता की।

### यूपी खेल विभाग में होगी भर्ती, खेल प्रशिक्षक पद के लिए कर सकते हैं आवेदन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उ.प्र. खेल विभाग ने आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों की भर्ती के लिए तैयारी शुरू कर दी है। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अतुल सिन्हा के अनुसार, राज्य के 15 खेल छात्रावासों में विभिन्न खेलों के लिए योग्य प्रशिक्षकों की तैनाती की जाएगी। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है और अंतिम तिथि 10 अप्रैल निर्धारित की गई है। फुटबॉल, बॉक्सिंग, क्रिकेट, जूडो, हैंडबॉल, हॉकी, वॉलीबॉल, तैराकी, जिम्नास्टिक, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, बास्केटबॉल, कबड्डी व कुश्ती में पुरुष व महिला दोनों श्रेणियों में प्रशिक्षकों की भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए वही खिलाड़ी पात्र होंगे, जिन्होंने ओलंपिक, कॉमनवेल्थ गेम्स, एशियन गेम्स, वर्ल्ड कप या वर्ल्ड चौंपियनशिप जैसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया हो। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन कार्य दिवसों में केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित क्षेत्रीय खेल कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

# सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग को मिला स्कॉच अवार्ड

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

योगी सरकार ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग को नई दिल्ली में आयोजित 106वें स्कॉच शिखर सम्मेलन स्कॉच समिट में प्रतिष्ठित 'स्कॉच अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान दो प्रमुख कार्यो महाकुम्भ-25 के दौरान गंगा की धाराओं के सफल चैनलाइजेशन और जल प्रबंधन में नवाचार के लिए प्रदान किया गया। प्रतिष्ठित पुरस्कार सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता उपेंद्र सिंह ने प्राप्त किया। प्रमुख सचिव सिंचाई अनिल गर्ग ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप महाकुम्भ-25 में अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को अमृत स्नान कराने के लिए गंगा की धाराओं के चैनलाइजेशन के निर्देश दिए गये थे।

गंगा की धाराओं का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था, जिसे सिंचाई विभाग ने सफलतापूर्वक पूरा किया, जिसने प्रदेश की कार्यकुशलता और बड़े आयोजनों को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने की क्षमता का भी प्रदर्शन किया। संगम क्षेत्र में 'संगम नोज' और विस्तृत सर्कुलेटिंग एरिया का निर्माण किया गया, जिससे करोड़ों श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाया जा सका।

मुख्य अभियंता उपेंद्र सिंह ने बताया कि रामपुर स्थित भाखड़ा वियर डैम पर ऑटोमैटिक गेट की स्थापना को भी विशेष सराहना मिली है। इस अत्याधुनिक व्यवस्था से जल वितरण प्रणाली को अधिक प्रभावी और नियंत्रित बनाया गया है। विभाग का उद्देश्य टिकाऊ और प्रभावी जल प्रबंधन के माध्यम से कृषि उत्पादकता को बढ़ाना है, जिससे प्रदेश के किसानों को अधिक लाभ मिल सके।

# सऊदी हुकूमत के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



राजधानी लखनऊ के शहीद स्मारक पर शिया मुस्लिमों ने सऊदी अरब हुकूमत के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में लोग काले पोस्टरों पर अमेरिका और इजराइल प्रधानमंत्री के खिलाफमुर्दाबाद के नारे लिखकर पहुंचे। कुछ युवकों ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की तस्वीर पैरों तले कुचली। प्रदर्शन के बाद प्रदर्शनकारियों ने मातम मनाया।

मौलाना यासूब अब्बास ने प्रदर्शनकारियों को लीड किया। इस प्रदर्शन में सऊदी अरब में मौजूद जन्नतुल बकी के पुनर्निर्माण के लिए सऊदी हुकूमत को खून से पत्र लिखा गया है। बता दें कि सऊदी में इमामों के रौजों और मजारों को ध्वस्त कर दिया गया था। अरबी कैलेंडर के हिसाब से हर साल आठ शव्वाल को सऊदी अरब में मौजूद जन्नतुल बकी के फिर से निर्माण के लिए ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड की तरफ से प्रदर्शन किया जाता है।

ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि 100 साल पहले सऊदी अरब के शासक आले सऊद ने जन्नत-उल-बकी में मोहम्मद साहब के खानदान वालों और उनकी बेटी की कब्र को ध्वस्त करवा दिया था। ये बहुत अफसोस की बात है कि सऊदी हुकूमत जिस रसूल का कलमा पढ़ती है। उसकी बेटी की कब्र पर आज तक कोई साया नहीं है। उन्होंने कहा कि ये बड़े शर्म की बात है कि सऊदी शासक अपने आलीशान महलों में रह रहे हैं, लेकिन रसूल की बेटी की कब्र खुले आसमान के नीचे है। मौलाना ने सऊदी अरब हुकूमत से मांग की कि या तो जन्नतुल बकी का निर्माण कराएं या शिया समुदाय को इजाजत दें। इसके बाद हम वहां जाकर मजोरों का पुनर्निर्माण करें।

मौलाना ने प्रशासन को मेमोरेंडम सौंपकर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि शिया समुदाय के आस्था को ध्यान में रखते हुए सऊदी हुकूमत से जन्नतुल बकी के निर्माण के लिए भारत सरकार दबाव बनाए। मौलाना यासूब अब्बास ने बताया कि हर साल कब्रों के निर्माण के लिए भारत सरकार और सऊदी हुकूमत का ध्यान आकर्षित करने के लिए खून से पत्र लिखकर सऊदी दूतावास को भेजा जाता है, मगर खून से लिखे हुए पत्र का भी कोई असर नहीं होता है। मौलाना ने कहा कि सऊदी हुकूमत भले ही हमें नजर अंदाज करती रहे मगर जब तक जन्नतुल बकी के पुनर्निर्माण नहीं हो जाता है। हम यह विरोध प्रदर्शन और खून से खत लिखने का सिलसिला जारी रखेंगे।

# भाजपा लखनऊ महानगर मंडल की कार्यकारणी घोषित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी की संस्तुति के बाद चिनहट शहरी (पूरब मंडल 5) के अध्यक्ष श्रवण मिश्रा, सरोजनी नगर मंडल दो अध्यक्ष विनोद मौर्या, सरोजनी नगर मंडल तीन अध्यक्ष रमाकांत मिश्रा ने मंडल कार्यकारणी की घोषणा की। भाजपा लखनऊ महानगर में 25 मंडलों में 22 मंडलों की घोषणा पहले की जा चुकी हैं शेष तीन पूरब पांच, सरोजनीनगर दो एवं तीन के मंडल कार्यकारणी की घोषणा की गई हैं। मंडल टीम में दो महामंत्री, छः उपाध्यक्ष, छः मंत्री, एक कोषाध्यक्ष और अन्य 45 पदाधिकारी शामिल किया गया।

चिनहट शहरी पूरब मंडल पांच में महामंत्री ज्ञान प्रकाश गुप्ता, बृजेश लोधी, उपाध्यक्ष नीरज गुप्ता, राजेश कुमार, शुभम सिंघल, शशि कु यति, अभिषेक शुक्ला, संजीव कुमार, मंत्री राकेश कुमार सिंह, सौरभ वर्मा, सुमन गुप्ता, शिवम गुप्ता, तुषार दत्त तिवारी, सतीश लोधी, कोषाध्यक्ष सीतू रावत और अन्य 45 पदाधिकारी शामिल किया गया। सरोजनी नगर मंडल दो में महामंत्री अखिलेश कुमार त्रिपाठी, नितेश वार्ष्णेय, उपाध्यक्ष कार्तिकेय दीक्षित, अशोक चौधरी, हनुमान प्रसाद, वीरेंद्र सिंह, सुभाष चंद्र जेटली, रमाशंकर दुबे, मंत्री ई अजेंद्र पाण्डेय, मुकेश मौर्या, पूनम यादव, राजकुमारी कोरी, रमेश वर्मा, राजीव कुमार मिश्रा कोषाध्यक्ष ऋतु सिंह और अन्य 45 पदाधिकारी शामिल है।

सरोजनी नगर मंडल तीन में महामंत्री संतोष सिंह सेगर, विनय सूदन, उपाध्यक्ष डॉ हेमंत कुमार, सुरेश कुमार, अपर्णा भारती, मोहन भट्ट, विनीता तिवारी, नीरज शुक्ला, मंत्री संतोष रावत, संजीव सिंह, संगीता देवी, मनोज कुमार रावत, शेष नारायण दीक्षित, रजत अवस्थी, कोषाध्यक्ष आंचल साहू और अन्य 45 पदाधिकारी शामिल हैं।

मीडिया प्रभारी अनुराग साहू ने बताया कि महामंत्री घनश्याम दास अग्रवाल, सतेन्द्र सिंह, टिंकू सोनकर, उपाध्यक्ष योगेंद्र पटेल, विनायक पाण्डेय, दीपू शुक्ला, मंत्री सतीश मिश्रा, कोषाध्यक्ष मनोज के गुप्ता, कार्यालय मंत्री डेनिश सोनकर, सह मंत्री शैलेन्द्र राय, मयंक बाजपाई उपस्थित रहें।

# उम्र और पद का मान करना हमारे संस्कार में : अखिलेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन समारोह के दौरान समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए इतना तक कह दिया कि पहले सपा वालों ने नोएडा को अपनी लूट का एटीएम बना लिया था।

वहीं अब इस पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पीएम मोदी के इस बयान पलटवार करते हुए कहा है कि उम्र और पद का मान करना हमारे संस्कार में है और हमेशा रहेगा। अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा-हमारे प्रदेश में मेहमान बनकर आए हैं, हम उनको मेहमान मानकर ही सम्मान सहित विदा करेंगे। जाने वालों की बात का बुरा नहीं माना जाता है, जब हार साक्षात दिखने लगती है तो इंसान को न अपने पद का मान रहता है, न ही अपने कथन पर नियंत्रण। उम्र और पद का मान करना हमारे संस्कार में है और हमेशा रहेगा, सादर विदाई! दरसअल नोएडा इंटरनेशल एयरपोर्ट के उद्घाटन समारोह के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जिस नोएडा को अंधविश्वास की वजह से अपने हाल पर छोड़ दिया गया था। कुर्सी जाने के डर से पहले के सत्ताधारी यहां आने से डरते थे, यहां की सपा सरकार थी और मैंने नोएडा आने का कार्यक्रम बनाया तो सीएम इतने डरे हुए थे कि उस कार्यक्रम में नहीं आए। मुझे भी डराने की कोशिश की कि अभी अभी पीएम बने हो नोएडा मत जाओ। सपा वालों ने इस एयरपोर्ट का काम नहीं होने दिया, कांग्रेस और यूपी की पहले की सरकारों ने इस एयरपोर्ट की नींव नहीं पड़ने दी। पहले सपा वालों ने नोएडा को अपनी लूट का एटीएम बना लिया था, लेकिन आज बीजेपी सरकार में वही नोएडा यूपी के विकास का सशक्त इंजन बन रहा है।

### लास्टिक व गंदगी पर कार्रवाई, 11,950 वसूले

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न जोनों में सिंगल यूज प्लास्टिक और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। इसी क्रम में जोन-03 क्षेत्र में शनिवार को व्यापक कार्रवाई की गई, जिसमें कुल 17 चालान कर 11,950 की धनराशि वसूली गई। अभियान के तहत पुरनिया चौराहा से पुरनिया पुल के नीचे तक गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ रोकथामात्मक कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 09 चालान किए गए, जिनके माध्यम से 6,650 का जुर्माना वसूला गया। अभियान के दौरान पॉलीथीन मिलने पर कुल 05 चालान किए गए, जिनसे 4,700 की वसूली की गई। साथ ही 03 दुकानों के खिलाफ 600 का स्पॉट फाइन लगाया गया।

**अनुमान** | नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से निवेश को मिलेगा बड़ा बूस्ट

# रोजगार और इंडस्ट्रियल ग्रोथ का मेगा हब बनेगा यूपी का जेवर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



**1 लाख से अधिक रोजगार, हजारों करोड़ की आर्थिक गतिविधि का अनुमान**

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश में निवेश, उद्योग और व्यापार के नए युग की शुरुआत का संकेत दे रहा है। यह एयरपोर्ट न केवल प्रदेश की कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा, बल्कि इसे राष्ट्रीय और वैश्विक निवेश के मानचित्र पर प्रमुख स्थान दिलाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए ÷गेमचेंजर÷ बताते हुए कहा कि यह परियोजना निवेश, उद्योग और रोजगार के नए अवसरों के द्वार खोलेगी।यमुना एक्सप्रेसवे और इसके आसपास के क्षेत्रों में पहले से ही बड़े पैमाने पर निवेश प्रस्ताव आने शुरू हो चुके हैं। एयरपोर्ट के कारण यह क्षेत्र तेजी से एक औद्योगिक कॉरिडोर के रूप में विकसित हो रहा है, जहां देश-विदेश की कंपनियां अपनी इकाइयां स्थापित करने में रुचि दिखा रहीं हैं। एयरपोर्ट के आसपास मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर, डेटा सेंटर, एमएसएमई पार्क, हैंडीक्राफ्ट पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क, अपैरल और टॉय पार्क जैसे कई बड़े प्रोजेक्ट विकसित किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल ही में क्षेत्र में सेमीकंडक्टर यूनिट की आधारशिला रखे जाने से हाईटेक इंडस्ट्री को बढ़ावा मिला है। भविष्य में यहां फिनटेक सिटी अत्याधुनिक प्रोजेक्ट भी विकसित किए जाएंगे, जिससे यह क्षेत्र टेक्नोलॉजी और उद्योग का प्रमुख केंद्र बनेगा।मल्टी मोडल कार्गो हब बनने के बाद नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश को 'लैंडलॉक्ड' स्थिति से बाहर निकालकर वैश्विक बाजार से सीधे जोड़ देगा। इससे प्रदेश के उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक तेजी से पहुंच सकेंगे और निर्यात को नई गति मिलेगी। इस एयरपोर्ट परियोजना से लगभग 1 लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने की संभावना है। साथ ही करीब 60,000 करोड़ रुपये की आर्थिक गतिविधि उत्पन्न होने का अनुमान है। परियोजना का कंसेशन पीरियड 40 वर्षो का है। अनुमान है कि वर्ष 2061-62 तक नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि को 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की आय प्राप्त होगी, जो इसकी दीर्घकालिक आर्थिक क्षमता को दर्शाता है।

## बॉब ची व बोनी कपूर समेत दिग्गजों ने माना, गेमचेंजर साबित होगा प्रोजेक्ट

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण का लोकार्पण और एमआरओ सुविधा का शिलान्यास कई मायनों में खास बन गया। देश-विदेश के उद्योगपतियों, प्रशासनिक अधिकारियों और विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गजों ने इसे ऐतिहासिक परियोजना बताया है। सिंगापुर की कंपनी सैट्स लिमिटेड के सीईओ बॉब ची और फिल्म निर्माता बोनी कपूर ने इसे भारत के भविष्य की दिशा तय करने वाला कदम बताते हुए कहा कि परियोजना केवल एयरपोर्ट नहीं विकास का मॉडल है जो देश को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाएगा। सैट्स लिमिटेड के गेटवे सर्विसेज के सीईओ बॉब ची ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह परियोजना नोएडा व उत्तर प्रदेश को वैश्विक स्तर पर जोड़ने का माध्यम बनेगी। सिंगापुर की कंपनी होने के नाते इस ऐतिहासिक परियोजना का हिस्सा बनना हमारे लिए गर्व की बात है। फिल्म निर्माता बोनी कपूर ने कहा कि मैं केवल विकास में सहयोग नहीं कर रहा बल्कि उसका हिस्सा बन रहा हूं।

# डॉ. शकुंतला मिश्रा विवि में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

**बधिर बच्चों के अधिकार व योजनाओं की दी जानकारी**

डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के श्रवण बाधितार्थ विभाग ने एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम राजकीय संकेत विद्यालय और समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के लिए था। इसका उद्देश्य अभिभावकों को दिव्यांग बच्चों के समग्र विकास, शिक्षा, अधिकारों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में डॉ. रुपाली शर्मा ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। विभागाध्यक्ष डॉ. मृत्युंजय मिश्रा, संकेत विद्यालय के प्राचार्य हरिशंकर और समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या पुष्पा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के समन्वयक और विभागाध्यक्ष डॉ. मृत्युंजय मिश्रा ने बताया कि समाज में आज भी बधिर बच्चों को लेकर कई भ्रांतियां हैं, जो उनके विकास में बाधा डालती हैं। उन्होंने अभिभावकों को सही जानकारी और मार्गदर्शन की आवश्यकता पर जोर दिया। सहायक प्राध्यापक डॉ. सीताराम पाल ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं, छात्रवृत्तियों और सुविधाओं की भी जानकारी दी। सहायक प्रोफेसर डॉ. चेत नारायण पटेल ने शिक्षा, प्रशिक्षण और पुनर्वास के महत्व के बारे में बताया। विभाग के विशेष शिक्षक डॉ. अर्जुन प्रसाद ने बधिर बच्चों की शिक्षा के विभिन्न विकल्पों पर चर्चा की। उन्होंने शीघ्र पहचान और समय पर हस्तक्षेप के लाभों को भी समझाया।अतिथि व्याख्याता डॉ. कौशलेन्द्र कुमार ने बधिरता के कारणों और शुरुआती लक्षणों की जानकारी दी। उन्होंने समय रहते उपचार और प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। सांकेतिक भाषा के महत्व को बताते हुए अमर ज्योति कौर ने कुछ सामान्य शब्दों का अभ्यास भी कराया। कार्यक्रम में अभिभावकों ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि उचित मार्गदर्शन से उनके बच्चों में सकारात्मक बदलाव आए हैं। एक अभिभावक ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम उन्हें नई दिशा और आत्मविश्वास प्रदान करते हैं।अंत में एक खुली चर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें अभिभावकों ने विशेषज्ञों से विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे। विशेषज्ञों ने उनके प्रश्नों का सरल समाधान प्रस्तुत किया।

## खबरें एक नजर में

### नेशनल हाईवे पर बाइक भिड़ंत में युवक की मौत



**समृद्धि न्यूज, बंडा, शाहजहांपुर।** बंडा-पुवायां नेशनल हाईवे पर दो मोटरसाइकिलों की जोरदार भिड़ंत में 18 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया है और पंचनामा भरने की कार्रवाई शुरू कर दी है। जिला पीलीभीत के थाना पूरनपुर के मोहल्ला ढका निवासी जमील का 18 वर्षीय पुत्र शहनवाज शुक्रवार को थाना पुवायां के बड़ागांव स्थित ननिहाल में बारात में शामिल होने आया था। शनिवार दोपहर करीब तीन बजे वह बंडा पुवायां रोड पर एक क्लीनिक से दवा लेकर ननिहाल लौट रहा था। गांव दलेलपुर के पास सामने से आई एक अज्ञात बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे शहनवाज की मौके पर मौत हो गई। अज्ञात बाइक सवार अपनी बाइक सहित फरार हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने एम्बुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस शव को बंडा अस्पताल ले गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार चालक की तलाश तेज कर दी है। मौके पर पहुंचे मृतक के मामा सरफराज ने बताया कि शहनवाज घर का इकलौता चिराग था। उसकी मौत से रविवार को होने वाली शादी पर शोक छा गया है। मां नाजिश, बहन रुखसार व सबनाज का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रदीप कुमार राय ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है, तहरीर मिलने के बाद कार्यवाही की जाएगी। पंचनामा भरा जा रहा है।

### पांच दिवसीय रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पांच दिवसीय रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय की हिंदी विभाग की प्रोफेसर दुर्गावती सिंह द्वारा रेंजर्स का ध्वजारोहण कर किया गया। इस दौरान रेंजर्स प्रशिक्षक खुशी श्रीवास्तव द्वारा रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर में शामिल छात्राओं को फ्लैग फॉरमेशन की जानकारी दी गई व प्रार्थना तथा झंडा गीत करवाया गया। प्रोफेसर दुर्गावती सिंह ने सभी छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी इस प्रशिक्षण में पूरी निष्ठा व अनुशासन के साथ भाग ले। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से आप सभी का नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता, शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक विकास होगा जो आपके भावी जीवन में सहायक होगा। शिविर के प्रथम दिवस पर प्रशिक्षक खुशी श्रीवास्तव ने छात्राओं को विशेष ताली का प्रशिक्षण दिया और अभ्यास करवाया साथ ही टोलियों का निर्माण कर उन टोलियों का नाम हमारे देश के वीर, साहसी स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर रखे ताकि उन भावनाओं को छात्राएं अपने अंदर आत्मसात् करें। उन्होंने छात्राओं को स्काउट गाइड के इतिहास से संबंधित आवश्यक जानकारी से अवगत कराया। इसके बाद बिड एंड पावर के व्यायाम छात्राओं को सिखाए और उनका अभ्यास कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक व रेंजर्स की निपुण व प्रवेश की छात्राएं उपस्थित रही। रेंजर्स प्रशिक्षण महाविद्यालय की रेंजर्स प्रभारी श्रीमती अनुराधा व सहायक प्रभारी सीतू सक्सेना के निर्देशन में आरंभ हुआ जिसमें अनुराधा ने प्रशिक्षण में शामिल सभी छात्रों को रेंजर्स के महत्व के बारे में बताया कि किस प्रकार यह प्रशिक्षण उनके भावी करियर के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है। महाविद्यालय के सभी कर्मचारियों का सहयोग रहा।

### भाकियू टिकैट का 12वें दिन धरना प्रदर्शन जारी



**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।** किसानों की तमाम समस्याओं को लेकर भाकियू टिकैत गुट के कार्यकर्ताओं ने बारहवें दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रखा। कार्यकर्ताओं का कहना है जब तक किसानों की समस्याओं का समाधान नही होगा तब तक धरना प्रदर्शन चलता रहेगा। बारहवें दिन भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के कार्यकर्ताओं ने मंडी परिसर में धरना प्रदर्शन जारी रखा। जिलाध्यक्ष अनिल सिंह यादव ने बताया कि किसानों की समस्याओं में गांव घनश्याम पुर खुर्द में गाटा संख्या 250 सरकारी चकमार्ग है जिसको पड़ोसी किसानों द्वारा जोत कर अपने अपने खेतों में मिला लिया है। जिस कारण सरकारी चकमार्ग पूरी तरह बंद पड़ा है। इसलिए पर चकमार्ग की पैमाइश कराकर रास्ता खुलवाया जाए, गांव गंगसरा में अरब सिंह ने मुनेश व राजेन्द्र से एक प्लाट खरीदा लेकिन अरब सिंह जब उस प्लॉट पर जाता है तो विक्रेताओं की महिलाएं उसे प्लॉट पर आकर गाली गलौज व हरिजन एक्ट के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देती है जिसकी जांच कराकर कानूनी कार्यवाही की जाए, गांव गंगसरा में 18 लोगों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में फर्जी रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है जिसको विवेचना के दौरान समाप्त किया जाए। साथ ही कहा कि अगर इन सभी समस्याओं का समाधान नही होने पर कार्यकर्ताओं ने मंडी परिसर में अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन कर दिया किसानों का कहना है कि जब तक समस्याओं का समाधान नही होगा तब तक धरना जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन करने बालों में तहसील अध्यक्ष श्रीकृष्ण जाटव, विजय प्रकाश शर्मा, पातीराम, बदनसिंह, विजयपाल सिंह, प्रदीप कुमार, वीरेंद्र शर्मा, जयसिंह, अरब सिंह समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### स्वामी विवेकानंद हायर सेकेंडरी में परीक्षाफल वितरण समारोह संपन्न



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** स्वामी विवेकानंद हायर सेकेंडरी स्कूल लोदीपुर स्थित स्वामी विवेकानंद हायर सेकेंडरी स्कूल में परीक्षा फल एवं पुरस्कार वितरण हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रबंधक जी एस वर्मा सी ए द्वारा पुरस्कृत किया गया प्रथम श्रेणी में वैभव, समद, अज़रा, अनाया, काव्यांश, मीनाक्षी, अरीबा, कृष्णा, उम्मेहानी, सानिया, पारसबी, दरूद, अलीमा, द्वितीय श्रेणी में आदित्य, पीयूष, प्रियांश, हरिदास, रिया, अलहम, एकांश, अहद, जोहा, साक्षी, आरुष नयन अमान,अभिनय, तृतीय श्रेणी में गायत्री आराध्या आयशा कुलसुम अयान स आयांश वैष्णवी जैनब नित्य नित्या पावनी पावनी उमरा समरीन सानिया, अधिकतम उपस्थित में अजरा एवं काव्यांश, उत्तम व्यवहार के लिए सानिया, प्रायूष को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रबंधक जीएस वर्मा सीए ने अपने आशीष वचन में कहा की इसी प्रकार से जीवन में हर क्षेत्र में अग्रसर होते रहे। प्रधानाचार्य जेपी मिश्रा ने कहा कि यदि छात्र तृतीय श्रेणी द्वितीय श्रेणी तथा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं तो उन्होंने अपनी कक्षा के जैसे 40 छात्र हैं उन्हें क्रमशः 37, 38 तथा 39 छात्रों को पीछे किया है वे सभी छात्र बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्रतिभाशाली उप प्रधानाचार्य आरबी सिंह ने किया। छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में फजल, निसबा, शालिनी, शांति, सुरेश, ललित, राजीव, मुस्कान सुंबुल, सलोनी, आरती, मन्तशा, प्रीति, नेहा, शिवम, ज्ञानेंद्र आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार में पुवायां विधानसभा में बही विकास की गंगा : चेतराम

▸ भाजपा सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर हुआ गोष्ठी का आयोजन




**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।**

उत्तर प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के नौ वर्ष पूरे होने पर पुवायां में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक चेतराम ने भाजपा सरकार द्वारा जनता को दी गई योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उत्तर प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर शनिवार को पुवायां इंटर कालेज पुवायां में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधायक चेतराम व जिलाध्यक्ष के सी मिश्रा ने भाजपा सरकार की योजनाओं के बारे में जनता को जानकारी दी। विधायक चेतराम ने बताया की उत्तर प्रदेश सरकार के नौ वर्ष में जनता के हित मे तमाम कार्य किए जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में आवास, सड़क , कानून व्यवस्था, सम्मान निधि जैसी तमाम योजनाओं का लाभ जनता तक पहुँच रहा है। जैसे पुवायां विधानसभा में बण्डा रोड़ की हालत बिल्कुल जर्जर थी इस सड़क पर जब लोग पुवायां से बण्डा जाते थे तब करीब एक घण्टा लग जाता था लेकिन भाजपा सरकार ने इस रोड़ को बनवाया, छात्र छात्राओं के लिए सरकार में आरटीआई कालेज बनवाया,गर्मवती महिलाओं के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने अस्पताल बनवाया जिससे उन्होंने शाहजहांपुर नही जाना पड़ता है। इसके अलावा सरकार ने जनता को बहुत लाभ दिया है और अभी लाभ देने का काम करेंगे। जिसके बाद जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा ने बताया की भाजपा सरकार में अब प्रत्येक गांव की प्रत्येक गलियों में इंटरलॉकिंग पड़ी है ओर गांव गांव बिजली व पानी का लाभ मिला है। आगे भी सरकार द्वारा जनता को लाभ मिलता रहेगा। इस मौके पर एसडीएम चित्रा निर्वाल, बीडीओ, एडीओ, ब्लाक प्रमुख पति सुरजन लाल, पुनीत शर्मा उर्फ सीटू, धर्मेंद्र शर्मा, विपिन मिश्रा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्र पर तीन महीने से पोषाहार का वितरण नहीं

▸ ग्रामीणों ने की जांच कराकर कार्रवाई की मांग

**समृद्धि न्यूज।**

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** सिंधौली क्षेत्र के गांव कोरोकुइयां में पोषाहार वितरण को लेकर गड़बड़ी की शिकायत सामने आई है। आरोप है कि आंगनबाड़ी केंद्र पर तीन महीने का पोषाहार स्टॉक उपलब्ध होने के बावजूद लाभार्थियों को केवल एक माह का ही वितरण किया जा रहा है, जबकि उनके मोबाइल पर दो बार वितरण के संदेश प्राप्त हुए हैं। इससे ग्रामीणों में घोटाले की आशंका बढ़ गई है। ग्रामीण सलमा ने बताया कि केंद्र पर पर्याप्त स्टॉक होने के बावजूद कार्यकत्री केवल एक महीने का पोषाहार दे रही हैं। वहीं तोहिद ने बताया कि उनके मोबाइल पर मार्च माह में पोषाहार वितरण के दो संदेश आए, लेकिन वास्तविकता में उन्हें सिर्फ एक बार ही पोषाहार मिला।

मामले की जानकारी मिलने पर ग्राम प्रधान ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि लाभार्थियों ने पोषाहार वितरण में धांधली का आरोप लगाया है। जांच के दौरान पाया गया कि केंद्र पर तीन माह का स्टॉक मौजूद है, लेकिन वितरण केवल एक माह का किया जा रहा है। इस पर प्रधान ने उच्च अधिकारियों से शिकायत कर जांच की मांग की है। गौरतलब है कि वितरण अवकाश के दिन किया गया, जिस पर भी सवाल उठ रहे हैं। इस संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकत्री का कहना है कि उनके पास तीन माह का स्टॉक है, लेकिन 'फेस' (ऑनलाइन उपस्थिति/प्रमाणन) न लग पाने के कारण एक ही माह का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि उच्च अधिकारियों से निर्देश मिलता है तो एक ही फेस पर दो बार भी वितरण किया जा सकता है। फिलहाल ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## सत्य भारती स्कूल में परीक्षाफल वितरित




**कांट, शाहजहांपुर।** कुर्रिया कलां गांव के सत्य भारती स्कूल मे वार्षिक परीक्षाफल वितरित किया गया। जिसमें प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान पाने वाले विधार्थी पुरुस्कार पाकर खिल उठे स विधार्थी अपनी वर्ष भर की मेहनत पाकर बहुत खुश थे इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका रुपम बाजपेई द्वारा ढेर सारी शुभकामनाएं दी गई स इस मौके पर समस्त स्टाफ़, पूनम मिश्रा, शिखा सक्सेना, निदा नाज़, शिवि सिंह, कौशलेंद्र प्रसाद, हिमांशु मिश्रा, मौजूद रहे।

## नशे से दूर रहें और समाज में भी जागरूकता फैलाने का संकल्प लें

▸ नशामुक्त भारत अभियान के तहत गोष्ठी का आयोजन




**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज की एनसीसी एवं एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वाधान में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर आर के आजाद ने कहा कि युवाशक्ति किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी होती है। यदि युवा वर्ग नशे जैसी घातक प्रवृत्तियों से दूर रहकर अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहे, तो देश की सतत प्रगति सुनिश्चित है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और समाज में भी इसके प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉलेज के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. आलोक कुमार सिंह ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के शारीरिक स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके मानसिक स्वास्थ्य एवं सम्पूर्ण व्यक्तित्व को भी बुरी तरह प्रभावित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासित जीवन, नियमित दिनचर्या और सकारात्मक गतिविधियों में भाग लेने की प्रेरणा देते हुए कहा कि युवाओं का दृढ़ संकल्प राष्ट्र को नशे के चंगुल से बचा सकता है। एनएसएस अधिकारी डॉ. अरुण कुमार यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नशे की लत धीरे-धीरे व्यक्ति की बुद्धि और विवेक को नष्ट कर देती है। इसलिए आवश्यक है कि हम अपने इस शत्रु से सदैव सजग रहें। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने आसपास के लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें और एक स्वस्थ सामाजिक वातावरण के निर्माण में योगदान दें। गोष्ठी के दौरान विद्यार्थियों ने भी नशा मुक्ति की शपथ लेते हुए समाज में जागरूकता फैलाने का प्रण लिया। इस अवसर पर डॉ नीलू कुमार, डॉ दुर्ग विजय, डॉ संदीप दीक्षित, डॉ चंदन गोस्वामी सहित विद्यार्थी एवं एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे।

### सरस्वती ज्ञान मंदिर का हुआ शुभारंभ

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** कस्बे में शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सरस्वती ज्ञान मंदिर का उद्घाटन पेट्रोल पंप के पास धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लोकदल के जिला अध्यक्ष नरेंद्र यादव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोग एवं शिक्षा से जुड़े कई व्यक्तित्व मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए नरेंद्र यादव ने कहा कि शिक्षा ही एक मजबूत और सभ्य समाज की नींव होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षित व्यक्ति न केवल स्वयं का विकास करता है बल्कि समाज को भी सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को इस पहल के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयासों से क्षेत्र में शिक्षा का स्तर और बेहतर होगा।

## लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मारकर दी जान

▸ युवक की मौत के बाद परिवार में मचा कोहराम



**बंडा, शाहजहांपुर।** मानसिक रूप से बीमार चल रहे एक युवक ने अपने ही घर में लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार ली। परिजन उसे बंडा के सरकारी अस्पताल ले गए, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया था लेकिन परिवार के लोगों ने उसे इलाज के लिए बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों की कोशिशों के बावजूद उसकी मौत हो गई।

बंडा के मोहल्ला गुरुनानक कालोनी निवासी परमजीत सिंह उर्फ फौजी का 40 वर्षीय पुत्र अवतार सिंह उर्फ बिट्टू लगभग दो वर्षों से मानसिक रूप से बीमार चल रहा था। सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार शाम करीब पांच बजे वह अपने घर की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में बंद हो गया और अपनी लाइसेंसी पिस्टल से कनपटी पर गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर परिजन दौड़े.दौड़े कमरे में पहुंचे और उसे तुरंत बंडा सीएचसी ले गए। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, लेकिन परिवार के लोग उसे बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराने के लिए ले गए। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रविवार को बरेली से शव बंडा पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम के बाद परिवार के लोग उसे अंतिम संस्कार के लिए पैतृक गांव धीमरपुर ले गए, जहां उसका अंतिम संस्कार किया गया। पूरे घर में शोक का माहौल छाया रहा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पत्नी करमजीत कौर दोनों बच्चों को साथ लेकर शनिवार को अपने मायके चली गई थी, जिसके बाद उसने अवसाद में आकर यह आत्मघाती कदम उठा लिया। परिवार के लोगों की हालत शोक से काफी बिगड़ी हुई है। मां चरनजीत कौर, भाई सुक्खा सिंह, पत्नी करमजीत कौर, पुत्र जसकरन सिंह और पुत्री सिमरन कौर रो.रोकर सिसक रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आत्महत्या से जुड़े सभी पहलुओं पर चर्चा की जा रही है।

## विधिक साक्षरता व जागरूकता अभियान का आयोजन



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंधौली में बीते दिनांक 27 मार्च 2026 को विधिक साक्षरता एवं जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। आपको बता दें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंधौली पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन अनिल कुमार वर्मा के द्वारा किया गया। अल्ट्रासाउंड के दौरान कन्या भ्रूण हत्या एवं महिला को सशक्तिकरण के बारे में जागरूक किया और सभी समस्याओं के लिए टोल फ्री नंबर उपलब्ध कराया आयोजक चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर जफर सैफी, चीफ फार्मासिस्ट मोहम्मद अली, चंद्रेश श्रीवास्तव, स्टाफ नर्स पुष्पा द्विवेदी, अतुल मिश्रा, सूर्य प्रकाश, सूरज, सांगिनी आदि मौजूद रहे।

## मिशन स्कूल में ताइक्वांडो प्रशिक्षण का शुभारंभ



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** मनीषी ताइक्वांडो वेलफेयर एसोसिएशन, उ.प्र. के तत्वावधान में ए. बी. रिच (मिशन स्कूल) इंटर कॉलेज में ताइक्वांडो प्रशिक्षण कक्षाओं का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य मिहिर फिलिप्स ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य मिहिर फिलिप्स ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में शिक्षा के साथ-साथ आत्मरक्षा का ज्ञान भी अत्यंत आवश्यक है। ताइक्वांडो जैसी विधाएं न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाती हैं, बल्कि आत्मविश्वास और अनुशासन भी सिखाती हैं। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे विशेष रूप से छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी।

मनीषी ताइक्वांडो वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव ने अपने वक्तव्य में कहा कि वर्तमान समय में हर व्यक्ति के लिए आत्मरक्षा सीखना जरूरी हो गया है। ताइक्वांडो एक प्रभावी मार्शल आर्ट है, जिसे सीखकर व्यक्ति अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकता है। उन्होंने जानकारी दी कि मिशन स्कूल में प्रतिदिन शाम 5:00 बजे से 6:30 बजे तक प्रशिक्षण कक्षाएं संचालित की जाएंगी, जिनमें निर्धन छात्राओं को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान ताइक्वांडो कोच युवराज रस्तोगी के साथ-साथ निशा, अलकमा, खुशबू, किरन, अवंतिका, सैफ सहित अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## शिक्षा चौपालः गांवों में ज्ञान की नई रोशनी

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**




ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को सुधारने और बच्चों को बेहतर सीखने का माहौल देने के उद्देश्य से न्याय पंचायत जेवा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय जेवा में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि एसडीएम पुवायां चित्रा निर्वाल द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ की गई। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सुंदर प्रस्तुति दी गई। एसडीएम ने शिक्षकों की खुले मंच से इस सकारात्मक कदम के लिए प्रशंसा की। खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार द्वारा के तहत गांव-गांव में खुले स्थानों पर शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों की बैठक आयोजित शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की नोडल शिक्षक संकुल पल्लवी ने बाल वाटिका से जुड़ी जानकारियां साझा की। शिक्षा चौपाल में बच्चों की उपस्थिति, पढ़ाई की गुणवत्ता, शिक्षण सामग्री की उपलब्धता और डिजिटल शिक्षा जैसे विषयों पर चर्चा की गई । साथ ही, अभिभावकों को भी अपने बच्चों की पढ़ाई में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षा चौपाल के माध्यम से हमे अभिभावकों से सीधा संवाद करने का अवसर प्राप्त होता है। ग्रामीणों का मानना है कि इस तरह के प्रयास शिक्षा को जमीनी स्तर पर मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। न्याय पंचायत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों तथा छात्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक विद्यालय जेवा का परीक्षाफल वितरण भी किया गया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण किए गए। संचालन राजीव यादव द्वारा किया गया। इस दौरान शंभू सिंह, प्रणवीर क्रांति, देवेंद्र यादव, अजीब, सतेंद्र, रजनी झा, शुभांगी, प्रीति, विपुल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## एसपी ने थाना दिवस में सुनी शिकायतें, दिए निस्तारण के निर्देश



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना रामचन्द्र मिशन में जनसुनवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा शिकायतों के त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक नगर देवेंद्र कुमार के साथ थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना रामचन्द्र मिशन में जनसुनवाई एवं शिकायत निवारण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के आधार पर सुना गया। प्रत्येक प्रकरण का अवलोकन करते हुए उनके निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस दौरान उपस्थित फरियादियों को आश्वस्त किया गया कि उनकी शिकायतों पर त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाएगी। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं मानवीय संवेदनशीलता बनाए रखते हुए कार्य किया जाए, जिससे आमजन का विश्वास पुलिस प्रशासन के प्रति सुदृढ़ बना रहे। एसपी द्वारा विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि महिला संबंधी प्रकरणों को अत्यंत गंभीरता एवं संवेदनशीलता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, तथा पीड़िताओं के साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार किया जाए। साथ ही भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद एवं अन्य संवेदनशील प्रकरणों में मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करने एवं अनावश्यक विलंब से बचने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक रामचन्द्र मिशन, थाना रामचन्द्र मिशन का समस्त पुलिस बल एवं प्रशासनिक विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### झोपड़ी में लगी आग, हजारों का नुकसान



**बंडा, शाहजहांपुर।** अज्ञात कारणों से लगी आग के चलते झोपड़ी में रखा समान जलकर राख हो गया। पीड़ित महिला ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। बंडा के उगनापुर गांव की रहने वाले स्व. राजाराम की बेवा पत्नी रामवती ने बताया कि शनिवार को दोपहर जब वह और उसके परिवार के सभी लोग घर के अन्दर आराम कर रहे थे तभी अचानक से उसके घर के बाहर पड़ी झोपड़ी में अचानक आग लग गई जिससे झोपड़ी में रखे चारपाई, बिस्तर, धान, गेहूं, आटा, चावल और लकड़ी आदि जलकर राख हो गई। आग की सूचना मिलने पर लोगों ने बड़ी मुश्किल से उस पर काबू पाया। आग लग जाने से उसका करीब 20 हजार रुपए का सामान जलकर राख हो गया है । पीड़िता रामवती ने प्रशासन से मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

## सीट का एंगल लगने से यात्री हुआ जख्मी, ट्रेन रूकी

**रोजा, शाहजहांपुर।** टनकपुर से चलकर सिंगरौली जाने वाली त्रिवेणी एक्सप्रेस के कोच नंबर डी2 बर्थ नंबर 68 पर प्रशांत कुमार 10 वर्ष अपने परिजनों के साथ इज्जत नगर से लखनऊ जा रहे थे। बरेली जंक्शन पर जिस सीट पर बैठे थे उसे सीट के नीचे का एंगल पैर में लग गया। जिससे उनके पैर से ब्लड निकलने लगा। ब्लड निकलता देख परिजन लोग घबरा गए। परिजनों ने ट्रेन में चल रहे टीटी को बताया। टीटी ने कंट्रोल को बताया। तब तक आसपास के यात्रियों ने ब्लड निकलने वाली जगह पर कपड़ा बांधकर खून रोक दिया। कंट्रोल के आदेश पर त्रिवेणी एक्सप्रेस को शाहजहांपुर के प्लेटफार्म नंबर एक पर दोपहर 12:30 बजे रोका गया जहां डॉक्टरों की टीम ने प्राथमिक उपचार किया उसके बाद ट्रेन को रवाना किया गया जिस कारण ट्रेन 8 मिनट शाहजहांपुर स्टेशन पर खड़ी रही स्टेशन अधीक्षक तोमर ने बताया कंट्रोल के आदेश पर यात्री का उपचार किया गया उसके बाद ट्रेन को रवाना किया गया।

## बकाया वसूली के लिए आज भी खुला है एआरटीओ कार्यालय

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** उप परिवहन आयुक्त बरेली परिक्षेत्र के आदेशानुसार वित्तीय वर्ष की समाप्ति में मात्र 3 दिन शेष हैं तथा जनपद में अधिकाधिक राजस्व अर्जन करने के लिए अवकाश के दिनों में कार्यालय खोलने हेतु निर्देशित किया गया है। उपरोक्त के दृष्टिगत आज रविवार एवं सार्वजनिक अवकाशों में बकाया वसूली एवं प्रवर्तन कार्यवाही के लिए कार्यालय खोलने के निर्देश दिए जाते हैं। एआरटीओ प्रशासन एसके सिंह ने बताया कि सभी सम्बन्धित पटल सहायकों को निर्देशित किया जाता है कि कार्यालय में बैठकर उपरोक्त कार्य करना सुनिश्चित करें। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन एवं यात्री-मालकर अधिकारी को माह के शेष दिनों में राजस्व प्राप्ति हेतु बकाया कर वाहनों के विरूद्ध अधिक से अधिक प्रवर्तन कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। अवकाश के दिनों में कार्यालय राजस्व-कर एवं प्रवर्तन हेतु खुला है, जिसमें अधिक से अधिक कर जमा करने का अवसर प्राप्त करें।

## 15 अप्रैल तक प्राधिकरण कार्यालय में लिखित आवेदन दें : सचिव

**शाहजहांपुर।** विकास प्राधिकरण द्वारा अपनी टाउनशिप विकसित करने के लिए इच्छुक खातेदारों एवं कृषकों से सहमति के आधार पर 25 एकड़ से अधिक भूमि क्रय की जाएगी। जो भी इच्छुक किसान-खातेदार प्राधिकरण को सहमति के आधार पर अपनी भूमि का विक्रय करना चाहते हो। ऐसे इच्छुक किसान-खातेदार नियम व शर्तें ककरा स्थित प्राधिकरण कार्यालय में आकर जान सकते हैं। नियम व शर्तों के अवलोकन के पश्चात 15 अप्रैल शाम 5 बजे तक ककरा स्थित प्राधिकरण कार्यालय में अपना लिखित आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। जानकारी सचिव अजय कुमार त्रिपाठी ने दी।

## दस माह तक बलात्कार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा पुलिस ने शादी का झांसा देकर दस माह तक बलात्कार करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं। थाना क्षेत्र की एक कालोनी निवासी एक युवती ने रोजा थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने तहरीर में बताया कि एक वर्ष पूर्व कालोनी के ही रहने वाले आशीष सिंह से मुलाकात हुई थी। उसके बाद शादी का झांसा देकर अपनी रिश्तेदारी के यहां ले गया। जहां उसने दस दिनों तक बलात्कार किया। बाद में उससे वादा किया कि जल्द ही वह शादी कर लेगा। उसके बाद वह उसे लेकर अपने घर आ गया। फिर उसने शादी के लिये दबाव बनाया तो आशीष उससे टाल-मटोल करता रहा। अब उसने शादी करने से इंकार कर दिया। इसके बाद भी 22 मार्च को उसने उसके साथ बलात्कार किया और धमकी दी कि यदि कानूनी कार्रवाई की तो ठीक नहीं होगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि शनिवार को मुखबिर की सूचना पर आशीष को अटसलिया पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया हैं।

## खानकाहे हुसैनिया कलीमिया में पाँच रोज़ा उर्स का परचम कुशाई के साथ हुआ आगा़ज

**समृद्धि न्यूज, मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** खानकाहे हुसैनिया कलीमिया में सुबह बाद नमाजे फज्र तिलावते कुंआन पाक से उर्से कलीमी का आगाज़ हो गया। सज्जादा नशीन हज़रत सैयद मसऊद अहमद कलीमी की सरपरस्ती में बाद कुंआन ख्वानी के उर्स प्रभारी डा0 सैयद असद अहमद कलीमी की सदारत में परचम कुशाई की रस्म अदा की गयी जिसमे व सैयद मुसाद अहमद कलीमी मदरसा अलजामियतुल चिश्तीया के स्टाफ़ प्रमुख रूप से मौजूद रहा। नात व मनकबत का नज़राना पेश किया गया। परचम कुशाई के दौरान दुरूद व सलाम व फ़ातेहा खू़वानी का प्रोग्राम हुआ। देश भर से आये जायरीन ने अकीदत व अदब व एहतराम के साथ रस्मे परचम कुशाई के प्रोग्राम में हिस्सा लिया। सज्जादा नशीन सैयद मसऊद अहमद कलीमी ने मुल्क की खुशहाली व तरक्की व अमन व अमान की दुआ की। ज़ायरीन के आने का लगातार सिलसिला जारी है। जायरीन के लिए दिन भर लंगर जारी रहा। ज़ायरीन ने हज़रत ख्वाजा मुहम्मद हुसैन उर्फ दूल्हा मियाँ व मसरूरे मिल्लत ताजुल उरफ़ा हज़रत सैयद मसरूर अहमद कलीमी अलैहिर्रहमा के मज़ारात पर अकीदत के साथ गुलपोशी व चादर पोशी कर फ़ातेहा ख्वानी की और दुआयेंमांगी। बाद नमाज़े इशां महफिले सिमा का प्रोग्राम फातेहा ख्वानी के साथ शुरू हुआ जिसमें मुल्क के मशहूर कव्वालो ने रूहपरवर व सूफियाना कलाम पेश किये जिससे सामेईन पर वज्द तारी हो गया और सामेईन झूमने पर मजबूर हो गये। उर्स में प्रमुख रूप से सैयद मुजीब अली, सैयद फखे़ अली सैयद सुहेब अहमद समाजसेवी आरिश खाँ,याकूब अंसारी, तौहीद बेग, शरीफ़ अहमद अंसारी, एजाज बालिया, शालू कलीमी, रईस अहमद अंसारी, नाजिम खान, इम्तियाज, सुहेल खान, इकबाल खाँ, शकील मंसूरी, मास्टर वली उल्ला, गुडडू मिस्त्री, शाहिद अली, असलम सिद्दीकी आदि मौजूद रहे। उर्स प्रभारी डा0 सैयद असद अहमद कलीमी ने बताया कि कल 29 मार्च 2026 बरोज इतबार बाद नमाजे जोहर मुए मुबारक शरीफ की जियारत करायी जायेगी।

## बेटियां घर की शान, शिक्षा-स्वास्थ्य का हमें पूरा ध्यान रखनाः अमृता

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** जनपद में सशक्त नारी-समद्ध प्रदेश मिशन नारी सुरक्षा, नारी सम्मान नारी स्वावलंबन, मिशन शक्ति फेज 5.ह्र द्वितीय चरण के कार्य योजना अंतर्गत जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के निर्देशानुसार वासंतिक नवरात्र से प्रारंभ होकर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराए जा रहे हैं।इसी क्रम में हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ़ वीमेन महिला कल्याण विभाग के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तिलहर में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 11 नवजात बच्चियों को बेबी किट वितरित कर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया साथ में कन्या सुमंगला योजना के बारे में विस्तृत जानकारी पंपलेट बांटकर प्रदान की गई। विभागीय कार्यक्रम के अनुसार कर्मचारियों द्वारा लैंगिक समानता से सम्बन्धित जानकारी दी। डीएमसी अमृता? दीक्षित ने बताया कि बेटियां घर की शान हैं।

# बेटी के साथ दुष्कर्म का आरोपी पिता चढ़ा पुलिस के हत्थे

▶ पुलिस ने कोर्ट में किया पेश, भेजा गया जेल

**समृद्धि न्यूज रोजा,शाहजहांपुर।**



रोजा पुलिस ने शनिवार की सुबह नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करने वाले शिक्षक पिता को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। ज्ञात हो कि शुक्रवार को क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी एक महिला ने रोजा पुलिस को बताया था कि उसके पति की बीमारी के चलते मौत हो जाने के बाद उसने कासगंज निवासी एक शिक्षक व्यक्ति के साथ करीब साढ़े तीन साल पूर्व पुनर्विवाह में कर लिया था। उसके पूर्व पति से एक पुत्री हैं, जिसकी उम्र करीब 15 वर्ष है, तथा उसके दूसरे पति से भी एक पुत्री हैं। जिसकी उम्र करीब साढ़े तीन वर्ष की है। उसका पति एक स्कूल में अध्यापक के पद पर कार्यरत है तथा वर्तमान में क्षेत्र की एक कालोनी में उसके व पुत्रियों सहित किराये पर रह रहा है। उसने पुलिस को बताया कि उसका पति शराब व अन्य दुर्व्यसनों का आदी है। विगत कुछ दिनों से उसकी नियत बड़ी पुत्री के प्रति गलत हो गई, जिसकी भनक उसको नहीं हो सकी। 12 मार्च को वह अपनी माता जी के साथ जिला अस्पताल दवाई लेने गई थी, उसका पति ही उसको अस्पताल छोड़ कर अपनी ड्युटी जाने की बात कह कर चला गया। जब वह घर बापस आई तो देखा कि पुत्री काफी गुमसुम व परेशान व डरी सहमी लग रही थी, काफी पूछने पर भी पुत्री ने मुँह नहीं खोला। 24 मार्च को शाम को उसका पति शराब के नशे में धुत को होकर उसको व पुत्री को गन्दी गन्दी गालियां व घर से निकालने की धमकी देकर मारपीट करने लगा, तब पुत्री ने रो-रो कर उसको बताया कि मम्मी जब आप घर पर नहीं होती है तो पापा मेरे साथ बदतमीजी करते हैं। 12 मार्च को उन्होंने अस्पताल से वापस आकर उसको अकेला पाकर जबर्दस्ती दुष्कर्म करने का प्रयास किया तथा कपड़े उतार कर नग्न कर दिया, किसी प्रकार उसने स्वंय को बाथरूम में बन्द करके बचाया। पापा ने धमकी दी कि अगर कहीं बताया तो तुझे व तेरी मम्मी को जान से मार देंगें, इसके पहले कई बार उसको दबोच कर दुष्कर्म कर चुके हैं। डर की बजह से मैने आप को नहीं बताया। उसकी पुत्री ने कहा कि मम्मी अब मैं इस घर में नहीं रहूंगी। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसके पति ने उसको व पुत्री आराध्या को 24 मार्च को शाम को घर से निकाल दिया, तब वह अपने मायके आ गई। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने महिला की तहरीर के आधार रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने शनिवार की सुबह हथौड़ा बुजुर्ग की दुर्गा एन्क्लेव कालोनी के आवास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## रेल पटरी मरम्मत कार्य के चलते गेट रहेगा बंद

**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा जंक्शन सीतापुर के बीच गेट संख्या तो इस निगोना गांव के पास 29 मार्च सुबह 6:00 बजे से 30 मार्च शाम 6:00 बजे तक रेल पटरी की मरम्मत एक बंद रहेगा। इस मार्ग से निभाना गांव से जमका जमुई रोजा जंक्शन सीतापुर आज हाईवे पर जाने के लिए सड़क निकलती थी जिसको 2 दिन के लिए बंद कर दिया गया रेल पत्र निरीक्षक उमेश कुमार ने पत्र देकर जानकारी देकर बताया।

## पूर्व माध्यमिक विधालय में रिपोर्ट कार्ड वितरित

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय गरबापुर वि.ख. सिंधौली में रिपोर्ट कार्ड वितरण व विदाई समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय के बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 8 के बच्चों को विदाई दी। जिसमें कई बच्चों ने विदाई गीत गया। जिससे बच्चे भावुक हो गए। परीक्षाफल पाकर बच्चे बहुत खुश हुए साथ ही सभी कक्षाओं के प्रथम, द्वितीय, तृतीय व विद्यालय में सर्वाधिक उपस्थित वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की सहायक अध्यापिका द्वारा सहयोग किया गया व बच्चों को गीत सुनाया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय पाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे आगामी परीक्षाओं में भी सफलता प्राप्त करें तथा उच्च पदों पर आसीन होकर समाज व परिवार का नाम रोशन करे। सभी बच्चों को शुभकामनाएं करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा कर दी गई।




## मेधावी विद्यार्थियों को कराया गया गन्ना शोध संस्थान का भ्रमण

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** प्रदेश में दिन-प्रतिदिन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बढ़ते शोध एवं विकास, प्रोत्साहन और उपयोग आदि अनेक गतिविधियों के माध्यम से स्कूल विद्यार्थियों को जोड़ने एवं विद्यार्थियों के दैनिक जीवन में वैज्ञानिक सोच, कार्य व्यवहार को बढावा देने, विद्यार्थियों के मस्तिष्क में उत्पन्न होने वाले कौतूहल प्रश्नों एवं प्रयोगों का समाधान करने के उद्देश्य से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा दिए निर्देशों के क्रम में विज्ञान लोकप्रियकरण एवं संचार कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के कक्षा-9 से 12 तक के 100 मेधावी विद्यार्थियों को शनिवार में उत्तर प्रदेश गन्ना शोध संस्थान शाहजहांपुर में भ्रमण कार्यक्रम एवं वैज्ञानिक व्याख्यान कार्यक्रम कराया गया। उक्त भ्रमण एवं व्याख्यान कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के 100 मेधावी छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। वैज्ञानिक व्याख्यान कार्यक्रम में डा. सुजीत प्रताप सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक, डा. संजीव कुमार पाठक, एक्सटेंशन आफिसर, गन्ना शोध परिषद, डा.अर्चना द्वारा छात्र-छात्राओं को व्याख्यान दिए गये। साथ ही डीआईओएस हरिवंश कुमार ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन एवं भ्रमण के लिए शुभकामनाएं दी। व्याख्यान कार्यक्रम उपरान्त गन्ना शोध संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रयोगशालाओं में भ्रमण एवं वहां होने वाले शोध से अवगत कराया। भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने डीएनए लैब, पादप रोग, प्रसार अनुभाग, पादप प्रजनन, ऊतक संवर्द्धन आदि लैबों को देखा, जिस पर छात्र-छात्राओं द्वारा अपनी जिज्ञासों को वैज्ञानिकों के समक्ष प्रस्तुत किया तथा वैज्ञानिकों द्वारा छात्र-छात्राओं के प्रश्नों का समाधान किया गया।




## प्रगति रिपोर्ट से ही छात्र अपनी प्रतिभा का मूल्यांकन करता है : डॉ. प्रभाकर



**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** प्रगति रिपोर्ट से ही छात्र-छात्राओंको अपनी प्रतिभा का मूल्यांकन करने का मौका मिलता है और एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करने की सीख भी मिलती है। उक्त बातें वीपी ऐजूकेशनल एकेडमी धानी ढाला में आज शनिवार को आयोजित वार्षिक प्रगति रिपोर्ट वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि डॉ प्रभाकर उपाध्याय ने कहीं। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा देने में पीछे नहीं रहता है लेकिन यदि अभिभावक भी शिक्षक बन जायें तो बच्चों के उम्मीद में पंख लग जायेगा। इसी क्रम में प्रवन्धक मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा कि अंक पत्र से ही छात्र छात्राओं में प्रतिस्पर्धा करने की सींख मिलती है। उसी के अनुसार बच्चा अपने लक्ष्य का निर्धारण करता है। उसके पश्चात कक्षा में स्थान पाने वाले विभिन्न छात्र-छात्राओं को प्रगति रिपोर्ट व मेडल देकर मुख्य अतिथि डॉ. प्रभाकर उपाध्याय ने सम्मानित किया।

## नेपाल में बर्ड फ्लू की आहट से महराजगंज अलर्ट सीमा क्षेत्रों में बढ़ी चौकसी, प्रशासन ने कसी कमर

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** नेपाल में बर्ड फ्लू (एवियन इन्फ्लूएंजा) के बढ़ते मामलों ने सीमावर्ती जनपद महराजगंज में प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। संभावित खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है और हर स्तर पर निगरानी तेज कर दी गई है। इसी क्रम में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण जिलास्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें पशुपालन, स्वास्थ्य, नगर निकाय और अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान बर्ड फ्लू से निपटने के लिए व्यापक रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संक्रमण की रोकथाम के लिए हर संभव कदम उठाए जाएं। खासतौर पर नेपाल सीमा से लगे इलाकों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने और नियमित निगरानी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। पशुपालन विभाग को निर्देशित किया गया कि सभी पोल्ट्री फार्मों की नियमित जांच की जाए और किसी भी संदिग्ध पक्षी की तत्काल पहचान कर उसकी सूचना उच्च अधिकारियों तक पहुंचाई जाए। साथ ही, पक्षियों के सैंपल समय-समय पर जांच के लिए भेजे जाएं, ताकि संक्रमण की स्थिति का सही आकलन किया जा सके।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र विनोद व शिवम राठौर पुत्र स्व0 रामपाल (नाती) का चाल चलन ठीक न होने लोगों से पैसे उधार ले लेने से हैरान व परेशान होकर अपनी स्वतंत्र मर्जी से चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। रामआसरे पुत्र मिठ्ठूलाल निवासी रजीपुर, थाना कमालगंज, जनपद-फर्रुखाबाद।

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपनी सास आमना खातून व साला सरताज पुत्र मोहम्मद अहमद को उनके गलत आचरण के कारण समस्त प्रकार के संबंध समाप्त कर लिए है। मेरे परिवार में उपरोक्त का कोई हस्तक्षेप नहीं रहेगा।

**शाहिद पुत्र**
**मौजूद हसन**
**नि. मोहल्ला घेरचौवा तिलहर,**
**शाहजहांपुर।**

**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी.एस., उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-MAY-MX-181-26-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.04.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.04.2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-KHNM-MX-144-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.04.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.04.2026 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-BOY-MX-183-26-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.04.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.04.2026 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-BOY-MX-182-26-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.04.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.04.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-MFKA- MX-149-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.04.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.04.2026 समय 11:10 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

1050/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी पुवायां, शाहजहांपुर**

पत्रांक-सी-1826/लेखाकार/क्षे.पं./2025-26 दिनांक- 25.03.2026

**अल्पकालीन निविदा विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा समस्त राजकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंचम राज्य वित्त आयोग / पन्द्रहवां वित्त आयोग के अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार निर्माण कार्य कराने हेतु सीलबन्द निविदायें प्रकाशन की तिथि दिनांक 25.03.2026 से दिनांक 08.04.2026 को समय 2:00 बजे तक कार्यलय के सीलबन्द बाक्स में डाली जा सकती है जो दिनांक 08.04.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के स्तर से गठित कमेटी द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र प्रकाशन की तिथि से किसी भी कार्य दिवस में विकास खण्ड पुवायां से क्रय किये जा सकते है साथ ही प्रत्येक निर्माण कार्य हेतु पृथक-पृथक 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि की एफडीआर/एनएससी जमा करनी होगी। निविदा से सम्बन्धित कोई भी जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम स्थल सहित<br>पंचम रा.वि./पन्द्रहवां वित्त आयोग-अनटाइड एवं टाइड फंड के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्य।<br>पंचम रा.वि./पन्द्रहवां वित्त आयोग-अनटाइड एवं टाइड फंड | कार्य की माप | कार्य की प्राकलित धनराशि (लाख रू. में) | अर्नेस्ट मनी की धनराशि (2 प्रतिशत) | निविदा का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम जारमानों में पलविन्दर के मकान से डामर रोड तक इन्टरलॉक निर्माण कार्य | 172 मी. | 999500 | 19990 | 1000 | 3 माह |
| 2. | ग्राम चुरहा में सचिन के घर से प्राथमिक विद्यालय तक इन्टरलॉक निर्माण कार्य | 158 मी. | 999000 | 19998 | 1000 | 3 माह |
| 3. | ग्राम पकडिया हकीम में गुडडू के घर से नन्हे के घर तक इन्टरलॉक व 3 नाली निर्माण कार्य | 125 मी. | 800000 | 16000 | 1000 | 3 माह |
| 4. | ग्राम मदारपुर बैवहा में मुखतियार सिह के मकान से मेन रोड तक इन्टरलॉक व नाली निर्माण कार्य | 79 मी. | 470000 | 9400 | 500 | 3 माह |
| 5. | ग्राम जारमानों में गुरूमेल सिंह के मकान से मनजीत सिंह के मकान तक इन्टरलॉक निर्माण कार्य | 50 मी. | 311000 | 6220 | 500 | 3 माह |
| 6. | ग्राम बेला जं0 बनिगवां में पाल सिंह के मकान से सुखदेव सिंह के मकान तक इन्टरलॉक व नाली निर्माण कार्य | 65 मी. | 415000 | 8300 | 500 | 3 माह |
| 7. | ग्राम आयूं में बिनोद के मकान से पुष्पेन्द्र के मकान तक इन्टरलॉक व नाली निर्माण कार्य | 150 मी. | 879000 | 17580 | 1000 | 3 माह |
| 8. | ग्राम चकऊदन में गन्ना सेन्टर से गैस एजेन्सी तक खडन्जा निर्माण कार्य। | 452 मी. | 1000000 | 20000 | 1000 | 3 माह |
| 9. | ग्राम अगौना बुजुर्ग में तालाब के पास शौचालय एंव बाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य | 125 मी. | 999500 | 19990 | 1000 | 3 माह |
| 10. | बसखेडा बुजुर्ग में प्राथमिक विद्यालय से सिमरई तालाब तक नाला निर्माण | 351 मी. | 990000 | 19800 | 1000 | 3 माह |
| 11. | ग्राम जारमानों में सतवीर के खेत से तालाब तक नाला निर्माण कार्य | 280 मी. | 800000 | 16000 | 1000 | 3 माह |
| 12. | ग्राम बढौरा में मस्जिद के पास प्याऊ निर्माण कार्य | 1 नग | 226000 | 4520 | 500 | 3 माह |
| 13. | ग्राम धनश्यामपुर खुर्द में मस्जिद के पास प्याऊ निर्माण कार्य | 1 नग | 226000 | 4520 | 500 | 3 माह |
| 14. | ग्राम लखनापुर में सन्तरानाथ मन्दिर के पास प्याऊ निर्माण कार्य | 1 नग | 226000 | 4520 | 500 | 3 माह |
| 15. | ग्राम बरौना में गुरुद्वारा के पास प्याऊ निर्माण कार्य | 1 नग | 226000 | 4520 | 500 | 3 माह |
| 16. | पन्नघाट मन्दिर के पास प्याऊ निर्माण कार्य | 1 नग | 226000 | 4520 | 500 | 3 माह |
| 17. | ग्राम अगौना बुजुर्ग में परागू लाल के मकान के पास प्याऊ निर्माण कार्य | 1 नग | 226000 | 4520 | 500 | 3 माह |
| 18. | ग्राम मिल्किया में शिव मन्दिर के पास प्याऊ निर्माण कार्य | 1 नग | 226000 | 4520 | 500 | 3 माह |
| 19. | ग्राम जेवां में सिद्धेश्वरनाथ मन्दिर के पास प्याऊ निर्माण कार्य | 1 नग | 226000 | 4520 | 500 | 3 माह |

**शर्तें**- 1. कार्य के लिए निर्धारित 2 प्रतिशत धरोहर राशि निविदा के साथ एफडीआर/एनएससी के रूप में खण्ड विकास अधिकारी पुवायां के पदनाम बंधक कराना तथा 8 प्रतिशत जमानत धनराशि कार्य आदेश प्राप्त करते समय/भुगतान के समय एफडीआर/एनएससी प्रस्तुत करना अनिवार्य है अन्यथा बिल से जमानत की राशि काट कर भुगतान किया जायेगा।
2. सर्वजनिक निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले उक्त खनिजों का भुगतान सुनिश्चित किये जाने वाले विषयक भू तत्व एवं खनिकर्म के शासनादेशानुसार अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
3. कार्य से सम्बन्धित विवरण/निविदा फार्म, शर्तें/नोटिस बोर्ड एवं सम्बन्धित पटल पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्य दिवस में विकास खण्ड कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
4. किसी भी वाद-विवाद के लिए न्याय क्षेत्र शाहजहाँपुर होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**पुवायां, शाहजहांपुर**

## फरेन्दा थाने में जिलाधिकारी व एसपी ने की जनसुनवाई

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर फरेन्दा थाने में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। 28 मार्च को आयोजित इस विशेष जनसुनवाई में बड़ी संया में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। जिलाधिकारी ने प्रत्येक प्रकरण का गहन और वस्तुनिष्ठ परीक्षण करते हुए संबंधित राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी मामलों का निस्तारण पारदर्शी, निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए।

**कार्यालय ग्राम पंचायत रामगढ़, विखं गोंदलामऊ,सीतापुर**

पत्रांक मेमो/निविदा/2025-26/ दिनांक 28.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/14वां वित्त/राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निम्नलिखित कार्यों हेतु रजिस्टर्ड फर्मों एवं विक्रेताओं से उच्च कोटि की गुणवत्ता युक्त सामग्री कार्यस्थल पर आपूर्ति करने हेतु सील बंद निविदाएं दिनांक 02.04.2026 को 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर जमा की जाएगी। उसी दिन अपरान्ह 3:30 बजे निविदादाता अथवा उसके प्रतिनिधि के समक्ष सार्वजनिक रूप से खोली जाएगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री धनराशि | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सुनीत यादव के घर से रमेश मिश्रा के घर तक नाली व इण्टरलाकिंग कार्य। | 3,65,185/- | 7300.00 | 500.00 |

**शर्तें**- 1. निविदा फर्म क्रय की जाने वाली सामग्री संबंधित दिशा निर्देश अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 500 निविदा मूल्य के साथ जमा करके प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. किसी भी वाद-विवाद की दशा में जनपद न्यायालय सीतापुर होगा।
3. निविदा/स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

**पिंकी देवी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्रा.पं. रामगढ़ वि.ख. गोंदलामऊ**
**जनपद-सीतापुर।**

**प्रदीप कुमार**
**ग्राम विकास अधिकारी/ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्रा.पं. रामगढ़ वि.ख. गोंदलामऊ**
**जनपद-सीतापुर।**

## सोशल मीडिया पर अंकुश

अमेरिका में लॉस एंजेलिस की एक जूरी द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के घातक प्रभावों से त्रस्त एक युवती के पक्ष में सुनाए गए ऐतिहासिक फैसले से दुनिया भर के अभिवावकों को राहत मिली है। दरअसल, सोशल मीडिया की लत लगाने से जुड़े एक मामले में मेटा और यूट्यूब पर 56 करोड़ का जुर्माना लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि एक युवती ने मेटा और यूट्यूब पर आरोप लगाया था कि इनकी वजह से उसे सोशल मीडिया की घातक लत लगी। हालांकि, अब तक ये कंपनियां दलील देती रही हैं कि वे मात्र सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हैं और इसकी सामग्री के लिये जिम्मेदार नहीं हैं। लेकिन कोर्ट में वकीलों ने पीड़िता के पक्ष में दलील दी कि जानबूझकर इस तरह के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बनाए गए हैं ताकि उपयोगकर्ता कथित सोशल मीडिया की लत के शिकार बन जाएं। शुरुआत से पहचान गुप्त रखने वाली बीस वर्षीय युवती केली के वकीलों की दलील को जूरी ने स्वीकार किया कि इस लत से उसकी मानसिक सेहत को नुकसान हुआ है। जूरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों की दलीलों को दरकिनार करते हुए मेटा और यूट्यूब पर साठ लाख अमेरिकी डॉलर यानी छप्पन करोड़ रुपये चुकाने का आदेश दिया है। जूरी ने माना कि गूगल तथा मेटा ने इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के संचालन में अपने मुनाफे के मद्देनजर अनुचित उपायों का सहारा लिया है। जूरी ने इसे अनैतिक भी बताया। जूरी के निर्णय के अनुसार इस मामले में जुर्माने की सत्तर फीसदी राशि मेटा तथा तीस फीसदी रकम गूगल को चुकानी होगी। उल्लेखनीय है कि पूरी दुनिया में इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के विरुद्ध हजारों मुकदमें चल रहे हैं। जिसमें कई वे लोग भी शामिल हैं जिनके बच्चों ने सोशल मीडिया की लत का शिकार होकर आत्मघाती कदम उठाये हैं। ब्रिटेन समेत कई देशों में अभिभावक इस लत से बच्चों को बचाने के लिये आंदोलन करते रहे हैं। यही नहीं, अमेरिका में ही विभिन्न अदालतों में सोशल मीडिया के घातक प्रभावों से बच्चों को बचाने के लिये सैकड़ों मामले चल रहे हैं। विश्वास किया जा रहा है कि इस मुकदमे के फैसले का प्रभाव उन तमाम मामलों में भी पड़ सकता है, जो दुनिया के विभिन्न देशों में चल रहे हैं। हालांकि, दोषी पाये गए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के कर्ताधर्ता इस फैसले से असहमति जताते हुए इसके खिलाफअपील करने की बात कर रहे हैं। उनकी दलील है कि किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले घातक प्रभाव के अनेक अन्य कारण हो सकते हैं, जिसके लिये सिर्फसोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को ही दोषी नहीं ठहराया जा सकता। यूट्यूब के अधिकारियों का कहना है कि ये सोशल मीडिया साइट नहीं, सिर्फवीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म है। जबकि पीड़ित युवती के वकीलों की दलील थी कि मेटा आदि कंपनियों ने इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की संरचना ऐसी बनायी है कि किशोरों को इसकी आदत लग जाए। हकीकत ये है कि भारत समेत दुनिया के करोड़ों किशोर इसकी लत के शिकार बन रहे हैं। यही वजह है हफ्तों चले मुकदमे के दौरान बड़ी संख्या में किशोरों के अभिभावक वादी के पक्ष में अदालत के परिसर में मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि इस फैसले से पहले न्यू मेक्सिको में एक जूरी ने मेटा को इस बात के लिये जवाबदेह ठहराया कि उसके प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध वयस्कों की सामग्री तक बच्चों की पहुंच बनी है, जिससे उनके जीवन में यौन अपराधियों का खतरा बढ़ गया है।, भारत समेत कई विकसित व विकासशील देशों में सोशल मीडिया से बच्चों के जीवन में पड़ने वाले घातक प्रभावों को लेकर चिंता सालों से बनी हुई है। लेकिन देश में इस बाबत कोई नियामक कानून न होने से कोई ठोस कार्रवाई होती नजर नहीं आती। बच्चों की पढ़ाई खराब होने और उनके मानसिक रोगों से ग्रस्त होने की आशंका से अब अभिभावक आक्रोश व्यक्त करने लगे हैं। यही वजह है कि दुनिया के विकसित देशों में इन सोशल मीडिया प्लेटफार्म से बच्चों को दूर रखने के लिए कानून बन रहे हैं। आस्ट्रेलिया के बाद फ्रांस और अब अन्य यूरोपीय देश भी इस दिशा में पहल कर रहे हैं ताकि एक निर्धारित आयु से ऊपर के बच्चे ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तक पहुंच बना सकें।

# बड़े बैंक, नैतिकता और मूल्यों पर बड़े सवाल

*जगदीश रतनानी*

किसी बड़े बैंक के चेयरमैन का अचानक इस्तीफा देना साधारण बात नहीं है, खासकर जब उस बैंक को इतना बड़ा कि फेल नहीं हो सकता की श्रेणी में रखा गया हो। और भी ज्यादा असामान्य बात यह है कि इस्तीफे के साथ ऐसा पत्र भेजा जाए जो बैंक के मूल्यों और नैतिकता पर सवाल खड़े करता हो लेकिन लगभग पांच वर्षों तक एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन रहे अतानु चक्रवर्ती ने इस महीने की शुरुआत में ठीक यही किया जिससे बाजार, रेगुलेटर और बैंक मैनेजमेंट सभी हिल गए। उन्होंने लिखा- बैंक के भीतर पिछले दो सालों में मैंने जो कुछ घटनाएं और तौर-तरीके देखे हैं, वे मेरे निजी मूल्यों और नैतिकता के अनुरूप नहीं हैं। एसेट्स और मार्केट कैप के मामले में एचडीएफसी भारत का सबसे बड़ा प्राइवेट सेक्टर बैंक है। उदारीकरण के बाद के भारत में खुदरा बैंकिंग परिवर्तन का यह पोस्टर बॉय है।

यह एक झटका पूरे बैंकिंग क्षेत्र को हिला सकता है और व्यापक वित्तीय स्थिरता के बारे में सवाल उठा सकता है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने श्मजबूत वित्तीय व पेशेवर रूप से संचालित बोर्ड और सक्षम प्रबंधन टीम का हवाला देते हुए बैंक को क्लीन चिट देने में जल्दबाजी की है। समय पर दिया गया यह आश्वासन बाजारों को शांत करता है। परिणामस्वरूप बैंक की सुशासन की प्रतिष्ठा और मूल्यांकन में विश्वास प्रीमियम को भी दर्शाता है।

फिर भी, जैसा कि इस्तीफे के एक दिन बाद विश्लेषकों के कॉल में पूछे गए सवालों से स्पष्ट था, चिंताएं बनी हुई हैं। हालांकि पूरी जांच के अभाव में बैंक में संभावित मुद्दों के बारे में बात करना जल्दबाजी होगी लेकिन यह मामला एक बार फिर इस बात पर प्रकाश डालता है कि नैतिकता और सुशासन के मुद्दों पर दशकों से बनी प्रतिष्ठा कुछ ही समय में बुरी तरह क्षतिग्रस्त या टूट सकती है। इस क्षेत्र में एचडीएफसी की प्रमुख स्थिति उदारीकृत अर्थव्यवस्था में निजी क्षेत्र की दक्षता के सकारात्मक पहलुओं को दर्शाती है लेकिन इसी प्रमुखता की वजह से बैंक पर और ज्यादा बारीकी से नजर रखने की जरूरत है और इस पर यह जिम्मेदारी भी आ जाती है कि वह पूरी पारदर्शिता के साथ इस बात पर चर्चा करे कि ऐसी चुनौतियां कैसे पैदा होती हैं तथा उनसे कैसे निपटा जा सकता है।

इस लिहाज से यह एक निर्णायक मोड़ है जिसके बैंक पर तत्काल प्रभाव पड़ेंगे और मध्यम व दीर्घकालिक रूप से यह पूरे भारतीय कॉर्पोरेट जगत को अपने घेरे में ले लेगा। यह सच है कि एचडीएफसी की साख को पहले ही नुकसान पहुंच चुका है। इसी वजह से कुछ लोगों का कहना है कि चेयरमैन को अपनी चिंताएं साफ-साफ और विस्तार से




**हाल ही में मुख्य रूप से ऑटो-टैक्सी ड्राइवरों और छोटे व्यापारियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए बने छोटे न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक का पतन बैंक के शीर्ष स्तर पर हुई संदिग्ध डीलिंग्स से जुड़ा था। सारस्वत बैंक द्वारा अधिग्रहण किए जाने से स्थिति संभल गई और छोटे जमाकर्ताओं के पैसे सुरक्षित हो गए इसलिए अब इस मामले को लगभग भुला दिया गया है। इसके अलावा कई अन्य बड़े बैंकिंग घोटाले भी हुए हैं- आईसीआईसीआई बैंक में हुए उस चौंकाने वाले घोटाले का जिक्र तो अभी किया ही नहीं गया है जिसकी वजह से उसकी सीईओ चंदा कोचर को 2019 में पद से हटा दिया गया था। इसमें अन्य घोटालों की लंबी फेहरिस्त को भी जोड़ लें (आरबीआई की श्रिपोर्ट ऑन ट्रेंड एंड प्रोग्रेस ऑफबैंकिंग इन इंडिया, 2024-25 के अनुसार, 2024-25 में सभी घोटालों की कुल राशि 34,771 करोड़ रुपये थी जबकि 2019-20 में यह आंकड़ा 1,54,096 करोड़ रुपये के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था) तो इस क्षेत्र पर लोगों का भरोसा एक चिंताजनक मोड़ ले लेता है। एचडीएफसी बैंक का महत्व उसकी उस यात्रा में निहित है जो यह दिखाती है कि अच्छी ग्रोथ और अच्छा गवर्नेंस कैसे साथ-साथ चल सकते हैं। यह कहानी बदली हुई परिस्थितियों में भी तब तक कायम रहेगी जब तक शीर्ष स्तर से मिलने वाले निर्देशों के साथ-साथ जमीनी स्तर पर भी त्वरित कार्रवाई होती रहेगी। निर्देशों का दायरा केवल बोर्ड रूम की दीवारों पर लिखे विजन स्टेटमेंट के नीरस उल्लेखों तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए। निर्देशों का वास्तविक अर्थ है- कठिन मुद्दों को सामने लाना और उन पर खुलकर चर्चा करना। भले ही इससे अल्पकाल में कुछ असहजता का सामना करना पड़े लेकिन इसका अंतिम लक्ष्य होना चाहिए उलंघनों पर रोक लगाना, व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करना और दीर्घकाल में विश्वास का निर्माण करना।**

बतानी चाहिए थीं, न कि सिर्फ अस्पष्ट इशारे करके चले जाना चाहिए था। इस बात में दम है, लेकिन निवर्तमान चेयरमैन के इस कदम का एक और भी बड़ा पहलू यह है कि उन्होंने बेझिझक होकर अपनी चिंताएं लिखित रूप में जाहिर कीं। इस तरह उन्होंने बैंक के कामकाज के कुछ पहलुओं पर फिर से विचार करने के लिए मजबूर किया- खासकर ऐसे माहौल में, जहां इस तरह के मुद्दों पर आम तौर पर खुलकर चर्चा नहीं होती। इसके अलावा एचडीएफसी के मामले को एक व्यापक नजरिए से और प्रशासन-प्रणाली के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। ये प्रणालियां भले ही बेहतर हो रही हैं लेकिन अभी भी उनमें सुधार की काफी गुंजाइश है। यह बात बोर्ड स्तर पर विशेष रूप से लागू होती है जहां डायरेक्टर लोग उतने सवाल नहीं उठाते जितने उन्हें उठाने चाहिए, जहां मतभेद या असहमति को आम तौर पर स्वीकार नहीं किया जाता और जहां मुद्दों पर खुलकर चर्चा करने के बजाय उन्हें अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। यह बात ध्यान देने लायक है कि चेयरमैन के इस्तीफे के तुरंत बाद (उससे पहले नहीं) बैंक ने तीन वरिष्ठ कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया।

खबरों के मुताबिक इन कर्मचारियों को दुबई में बॉन्ड की गलत बिक्री में उनकी भूमिका के कारण हटाया गया था। मोटे तौर पर घोटालों की एक के बाद एक घटनाओं से भारतीय बैंकों की साख प्रभावित हुई है। इनमें सबसे ताजा और चौंकाने वाला मामला आईएफडीसी फर्स्ट बैंक का है। इस बैंक के कर्मचारियों पर आरोप है कि उन्होंने सामूहिक साजिश रची और हरियाणा सरकार के खाते में 583 करोड़ रुपये का भारी-भरकम घोटाला कर दिया। बैंक ने धोखाधड़ी की पूरी रकम चुका दी है और अब यह मामला सुर्खियों से गायब हो चुका है। इस पर शायद ही कोई सवाल उठाया गया है कि ऐसी धोखाधड़ी की योजना कैसे बनाई गई और उसे किस तरह अंजाम दिया गया।

हाल ही में मुख्य रूप से ऑटो-टैक्सी ड्राइवरों और छोटे व्यापारियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए बने छोटे न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक का पतन बैंक के शीर्ष स्तर पर हुई संदिग्ध डीलिंग्स से जुड़ा था। सारस्वत बैंक द्वारा अधिग्रहण किए जाने से स्थिति संभल गई और छोटे जमाकर्ताओं के पैसे सुरक्षित हो गए इसलिए अब इस मामले को लगभग भुला दिया गया है। इसके अलावा कई अन्य बड़े बैंकिंग घोटाले भी हुए हैं- आईसीआईसीआई बैंक में हुए उस चौंकाने वाले घोटाले का जिक्र तो अभी किया ही नहीं गया है जिसकी वजह से उसकी सीईओ चंदा कोचर को 2019 में पद से हटा दिया गया था। इसमें अन्य घोटालों की लंबी फेहरिस्त को भी जोड़ लें (आरबीआई की श्रिपोर्ट ऑन ट्रेंड एंड प्रोग्रेस ऑफबैंकिंग इन इंडिया, 2024-25 के अनुसार, 2024-25 में सभी घोटालों की कुल राशि 34,771 करोड़ रुपये थी जबकि 2019-20 में यह आंकड़ा 1,54,096 करोड़ रुपये के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था) तो इस क्षेत्र पर लोगों का भरोसा एक चिंताजनक मोड़ ले लेता है।

एचडीएफसी बैंक का महत्व उसकी उस यात्रा में निहित है जो यह दिखाती है कि अच्छी ग्रोथ और अच्छा गवर्नेंस कैसे साथ-साथ चल सकते हैं। यह कहानी बदली हुई परिस्थितियों में भी तब तक कायम रहेगी जब तक शीर्ष स्तर से मिलने वाले निर्देशों के साथ-साथ जमीनी स्तर पर भी त्वरित कार्रवाई होती रहेगी। निर्देशों का दायरा केवल बोर्ड रूम की दीवारों पर लिखे विजन स्टेटमेंट के नीरस उल्लेखों तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए। निर्देशों का वास्तविक अर्थ है- कठिन मुद्दों को सामने लाना और उन पर खुलकर चर्चा करना। भले ही इससे अल्पकाल में कुछ असहजता का सामना करना पड़े लेकिन इसका अंतिम लक्ष्य होना चाहिए उलंघनों पर रोक लगाना, व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करना और दीर्घकाल में विश्वास का निर्माण करना। जब बोर्ड कठिन मुद्दों को पूरी गंभीरता से सुलझाने के लिए तत्पर होंगे और जहां आवश्यक हो वहां कठोर कार्रवाई का समर्थन करेंगे तभी निचले स्तर पर कार्यरत लोगों तक सही संदेश पहुंच पाएगा।

विकास के पीछे पागलपन की हद तक भागना और लक्ष्य निश्चित करना, यह सब उच्च पदस्थ लोगों के सुर से सुर मिलाने का ही एक हिस्सा है। यह माहौल एक ऐसा जहरीला वातावरण पैदा कर सकता है जिसमें गलत लोग भी अच्छे, बल्कि कहें तो बेहतरीन नतीजे दे सकते हैं। वे भले ही स्टार परफॉर्मर बन जाएं लेकिन ट्रैफिक सिग्नलों को नजरअंदाज कर तेजी से दौड़ने वाली गाड़ी आखिरकार दुर्घटनाग्रस्त हो ही जाती है। इस दुर्घटना का जिम्मेदार कौन है- वह गलत व्यक्ति या फिर वह माहौल जिसने उस गलत व्यक्ति को पैदा किया? इस सवाल का जवाब हमें शासन-प्रशासन की उन जटिलताओं की ओर इशारा करता है जहां आज के दौर में आंकड़ों में विकास ही सफलता का एकमात्र पैमाना बन चुका है।

## विचार

# फुलवारी में पलता बचपन

*बाबा मायाराम*

फुलवारी की सब्जी बाड़ी से कई फायदे सामने आ रहे हैं। एक दो बच्चों के पोषण आहार में हरी ताजी सब्जियां शामिल हुई हैं। दूसरी रासायनिक खेती की जगह जैविक तरीके से सब्जियां उगाई जा रही हैं, जो मिट्टी पानी व पर्यावरण के संरक्षण के लिए जरूरी हैं। लुप्त होते देसी बीजों से सब्जियों उगाई जा रही हैं, जिससे देसी बीजों का संरक्षण व संवर्धन हो रहा है। गांवों में सब्जी बाड़ी की परंपरा को फिर से पुनर्जीवित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में जन स्वास्थ्य के काम की देश-दुनिया में काफी चर्चा है। यह पहल बिलासपुर के पास गनियारी में चल रही है। करीब ढाई दशक से चलने वाली इस पहल को देखने-समझने में मैं लम्बे अरसे से जाता रहा हूं। यहां न केवल मरीजों का सबसे अच्छा व कम कीमत में इलाज होता है, बल्कि रोगों की रोकथाम के लिए कोशिश भी होती है। इसके लिए प्राकृतिक खेती से लेकर पशु स्वास्थ्य का प्रेरणादायक काम हो रहा है, साथ ही महिला समूहों के साथ मिलकर आजीविका व आमदनी बढ़ाने की कोशिशें भी जारी हैं।

फिलहाल में यहां छोटे बच्चों के लिए फुलवारी नामक एक कार्यक्रम के बारे में बताना चाहूंगा, जो बहुत ही अनूठा है। जिसमें गांव के छोटे बच्चों के लिए एक झूलाघर की तरह उन बच्चों की देखभाल की जाती है। फुलवारी एक तरह का झूलाघर है, जिसे बिलासपुर जिले में कार्यरत जन स्वास्थ्य सहयोग संस्था संचालित करती है। यह संस्था करीब ढाई दशकों से स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्यरत है। संस्था का गनियारी स्थित अस्पताल है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में तीन स्वास्थ्य उपकेन्द्र हैं। इसके साथ ही 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चों के लिए गांवों में फुलवारी केन्द्र चलाए जा रहे हैं। बिलासपुर जिला बहुत पिछड़ा और गरीब माना जाता है। यहां के लोग पलायन कर दूर-दूर तक काम करने के लिए जाते रहे हैं। बिलासपुरिया नाम से मशहूर इन लोगों को कड़ी मेहनत के बावजूद भी दो वक्त की रोटी नसीब नहीं होती। ऐसे कठिन समय में बच्चों की उचित देखभाल और आहार के प्रति ध्यान देना मुश्किल है। फुलवारी (झूलाघर) में सब्जी बाड़ी में इससे मदद मिल रही है। फुलवारी का शाब्दिक अर्थ भी फूलों की बगिया होता है। इन फुलवारी केन्द्रों में इस अवधि में स्वादिष्ट, गरम पतले और मुलायम भोजन के साथ बच्चों का खास ध्यान रखने की भी जरूरत होती है। इस सबके मद्देनजर जन स्वास्थ्य सहयोग ने वर्ष 2006 से फुलवारी नामक कार्यक्रम चलाया है जिसमें गांव के 6 माह से लेकर 3 साल तक के बच्चों को रखा जाता है। जहां उन्हें पका पकाया खाना खिलाया जाता है। एक फुलवारी में 10 बच्चों के लिए एक महिला कार्यकर्ता होती है और 10 से ज्यादा बच्चे हुए तो दो महिला कार्यकर्ताओं की नियुक्ति होती है। अब इन्ही कार्यकर्ताओं के द्वारा सब्जी बाड़ी कार्यक्रम चलाया जा रहा है। करहीकछार की महिला कार्यकर्ताओं ने बताया कि फुलवारी में सब्जी बाड़ी (किचिन गार्डन) लगाई है। जिसमें पालक भाजी, लाल भाजी, मुगलानी भाजी, मैंथी, धनिया, भटा, टमाटर और मिर्ची लगी है। हरी भाजियों को दाल-चावल की खिचड़ी के साथ पकाकर बच्चों को खिलाते हैं। इसे पोषण आहार में शामिल किया जाता है। उन्होंने बताया कि अब गांव पहले भी बाड़ी की परंपरा थी, जिसमें कई कारणों से कमी आ रही थी, लेकिन अब नियमित रूप लोगों ने बाड़ी पर ध्यान देना शुरू किया है। उन्होंने खुद उनके घर में सब्जी बाड़ी लगाई थी। जिन्हें बेचकर अच्छी आमदनी भी हुई। उनकी सब्जी बाड़ी में बोहार भाजी, कांदा भाजी, जाल भाजी, पालक भाजी, कांदा भाजी लगी थी। वैसे भी छत्तीसगढ़ में हरी भाजियों की बहुतायत होती है। यहां जंगल व गांव के आसपास भी कई प्रकार की हरी पत्तीदार भाजियां मिलती हैं। इसके साथ, उनकी बाड़ी में आलू, प्याज, तिवड़ा और बटरा भी था। इसके अलावा, उन्होंने बाड़ी में फलदार पेड़ भी लगाए हैं- जैसे अमरूद, अनार, आम, केला, नींबू, पपीता, नारियल, कटहल इत्यादि। उन्होंने बताया कि वे देसी बीजों से सब्जी उत्पादन करते हैं। अपनी फसलों से खुद बीज बचाकर रखते हैं और उगाते हैं। इसके साथ ही पूरी तरह जैविक तरीके से सब्जी खेती करते हैं। इसमें किसी भी प्रकार का रासायनिक खाद व जहरीले कीटनाशकों का उपयोग नहीं करते हैं। गाय के गोबर खाद को डालते हैं। और कीट लगने पर राख व पके हुए चावल के पानी का छिड़काव करते हैं। संस्था ने लघु गोबर गैस प्लांट को भी प्रोत्साहित किया है। शुरूआत में संस्था के परिसर व बम्हनी नामक गांव में इस प्लांट को लगाया है। इसमें संस्था के परिसर का प्लांट मैंने देखा था। इस प्लांट में मवेशियों के गोबर से उपयोग से रसोई गैस चलती है। इससे जो जैव खाद बनती है, उसे वे किचिन गार्डन व खेतों में उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए इस्तेमाल करते हैं। इस प्लांट की लागत भी 7-8 हजार रूपए है, इसे सरलता से बनाया जा सकता है। इसके अलावा, पशु स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए भी संस्था की तरफ से विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे गोबर खाद भी मिलती है। और इसे किचिन गार्डन में इस्तेमाल किया जाता है।

जन स्वास्थ्य सहयोग के कार्यकर्ता प्रकाशमनी मानिकपुरी बताते हैं कि बाड़ी की शुरूआत पहले हाथ धोनेवाले बेकार पानी से सब्जियां व फूल लगाने से हुई थी। लेकिन इसकी उपयोगिता व महिलाओं की रूचि देखकर कार्यक्रम का यह हिस्सा बना लिया गया। अब जन स्वास्थ्य सहयोग की फुलवारियों में सब्जी बाड़ी की जा रही है। यह फुलवारी तीन स्वास्थ्य केन्द्रों सेमरिया, शिवतराई और बम्हनी के गांवों में हैं और सभी बिलासपुर जिले के अंतर्गत हैं। इसके अलावा, फुलवारी कार्यकर्ता भी उनके घर में सब्जी बाड़ी लगाती हैं, जिससे उन्हें हरी ताजी सब्जियां मिलती हैं और बाजार से सब्जियों को खरीदना भी नहीं पड़ता। सब्जियों में लगने वाले खर्च की बचत भी हो जाती है। इलाके के महिला स्वयं सहायता समूह भी यह पहल से जुड़ गए हैं। जन स्वास्थ्य सहयोग से जुड़े रवि कुरबडे व प्रकाश मनी मानिकपुरी ने बताया कि संस्था की तरफ से सब्जी बीज भी वितरित किए जाते हैं, और सब्जी लगाने के तौर-तरीके बताए जाते हैं। संस्था खुद अपने गनियारी स्थित परिसर में जैविक तरीके के धान व पौष्टिक अनाजों की खेती करती है। यहां के बीज बैंक में धान की कई किस्में व देशी अनाजों की किस्में संग्रहित हैं। संस्था का मानना है कि बीमारी के इलाज के साथ उससे बचाव भी जरूरी है। भोजन में पोषक आहारों को शामिल करने से कुछ हद तक बीमारी से बचा जा सकता है। कुल मिलाकर, फुलवारी की सब्जी बाड़ी से कई फायदे सामने आ रहे हैं। एक दो बच्चों के पोषण आहार में हरी ताजी सब्जियां शामिल हुई हैं। दूसरी रासायनिक खेती की जगह जैविक तरीके से सब्जियां उगाई जा रही हैं, जो मिट्टी पानी व पर्यावरण के संरक्षण के लिए जरूरी हैं। लुप्त होते देसी बीजों से सब्जियों उगाई जा रही हैं, जिससे देसी बीजों का संरक्षण व संवर्धन हो रहा है। गांवों में सब्जी बाड़ी की परंपरा को फिर से पुनर्जीवित किया जा रहा है। महिला समूहों से यह कार्यक्रम जुड़ा है, इस कारण यह महिला सशक्तीकरण का भी अच्छा उदाहरण है। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ की खान-पान की संस्कृति से जुड़ता है। इससे गांवों में लुप्त होती अच्छी परंपरा को पुनर्जीवित किया जा रहा है। कुल मिलाकर, यह पहल सराहनीय होने के साथ अनुकरणीय भी है।

साहित्य

## हमें चाहिए



**गोलेन्द्र पटेल**

हम मनुष्य हैं
हम देश हैं
हमें चाहिए
'अ' से अधिकार
हमें चाहिए
'क' से किसान
हमें चाहिए
'ज' से जवान
हमें चाहिए
'व' से विज्ञान
हमें चाहिए
'स' से संविधान
हमें चाहिए
'ह' से हक
हमें चाहिए
'ज्ञ' से ज्ञान
हम मनुष्य हैं
हम देश हैं!



## राशिफल

**मेषः-** अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। घर में खुशहाली रहेगी।

**वृषभः-** शासन-सत्ता से जुड़े लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ होगा।

**मिथुनः-** संबंधों में व्यवहार कुशल बने। सामाजिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में अपनी अच्छी छवि बनाएं।

**कर्कः-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ उठाएंगे।

**सिंहः-** जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**कन्याः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। शिक्षा में समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन नकारात्मक चिंताओं से बोझिल होगा।

**तुलाः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दुविधाओं का त्याग कर लक्ष्य पर केंद्रित हों।

**वृश्चिकः-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा।

**धनुः-** कठिन एवं विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में बढ़ेगी। घरेलू दायित्वों की पूर्ति होगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**मकरः-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। गैर सांस्कारिक कार्य की आकर्षित मन पर अंकुश लगायें।

**कुंभः-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**मीनः-** नकारात्मक चिंताओं को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियो के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

# रणनीतिक स्वायत्तता या अनिश्चितता? भारतीय कूटनीति का बदलता स्वरूप

*अरुण कुमार डनायक*

भारतीय विदेश नीति की विशिष्टता लंबे समय तक यह रही कि उसने राष्ट्रीय हितों के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, संप्रभुता, उपनिवेशवाद-विरोध और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को समान महत्व दिया। नेहरू के नेतृत्व में भारत ने महाशक्तियों की गुटबंदी से दूर रहकर शांति, संप्रभुता और गुटनिरपेक्षता के माध्यम से अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखी। नेहरू केवल आदर्शवादी नहीं थेय आवश्यकता पड़ने पर उन्होंने व्यावहारिक कूटनीति का भी परिचय दिया। अमेरिका सहित पश्चिमी देशों से तकनीकी सहयोग सीमित होने पर भारत ने सोवियत संघ तथा बाद में यूरोपीय देशों के साथ औद्योगिक सहयोग स्थापित कर संतुलनकारी कूटनीति का परिचय दिया। इंदिरा गांधी ने जटिल अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में कूटनीतिक दृढ़ता दिखाई।

1971 के युद्ध में अमेरिकी दबाव के बावजूद भारत अपनी रणनीति पर अडिग रहा। शिमला समझौता ने संघर्ष के बाद भी कूटनीतिक समाधान व क्षेत्रीय सहयोग की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाया। यद्यपि नेहरू की कश्मीर-चीन नीति और इंदिरा गांधी के शिमला समझौते को लेकर आलोचनाएँ होती रही हैं, किंतु तत्कालीन वैश्विक परिस्थितियों में दोनों ने भारत के आत्मसम्मान और संप्रभुता से समझौता नहीं किया। भारतीय विदेश नीति में एक निर्णायक मोड़ पी व्ही नरसिम्हा राव के कार्यकाल में आया, जब शीत युद्ध समाप्त हुआ और वैश्विक व्यवस्था उदारीकरण की ओर बढ़ी। सोवियत संघ के पतन के बाद राव ने आर्थिक कूटनीति, शलुक ईस्ट नीतिश् और पश्चिमी देशों के साथ संबंध सुधारकर विदेश नीति को नए सिरे से पुनर्संतुलित किया। उनके समय में भारत ने 1992 में इस्रायल के साथ पूर्ण कूटनीतिक संबंध स्थापित किए और राजीव गांधी द्वारा शुरू की गई चीन के साथ संबंध सुधार की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए 1993 के सीमा शांति समझौता किया। अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में भी यही परंपरा दिखाई देती है। वैचारिक भिन्नता के बावजूद उन्होंने विदेश नीति में नेहरूजी की परंपरा के अनुरूप समावेशी और संतुलित दृष्टिकोण अपनाया। परमाणु परीक्षणों के बाद उन्होंने अमेरिका के साथ संबंधों को पुनर्संतुलित किया, साथ ही पाकिस्तान और चीन के साथ संवाद बनाए रखा। डॉक्टर मनमोहन सिंह की विदेश नीति ने भारत को विश्वसनीय साझेदार के रूप में स्थापित किया। उन्होंने न केवल अमेरिका के साथ असैन्य परमाणु समझौता किया, बल्कि लुक ईस्ट नीति को दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों तक विस्तार देकर और जलवायु परिवर्तन जैसे वैश्विक मुद्दों पर विकासशील देशों के हितों की रक्षा कर दीर्घकालिक नैतिकता और व्यावहारिकता प्रदर्शित की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय विदेश नीति में बहु-संरेखण और वैश्विक मंचों पर सक्रिय कूटनीतिक उपस्थिति प्रमुख विशेषताएँ बनकर उभरी हैं। भारत वैश्विक दक्षिण की आवाज के रूप में लंबे समय से देखा जाता रहा है इसकी नींव नेहरू युग के बांडुंग (इंडोनेशिया) सम्मेलन से पड़ी, जिसे मोदी सरकार ने विभिन्न रूपों में आगे बढ़ाया। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान भारत ने रूसी तेल खरीदकर ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित की और साथ ही शांति प्रयासों का समर्थन करते हुए व्यावहारिक कूटनीति से आर्थिक लाभ भी अर्जित किया। लेकिन बार-बार बदलती कूटनीतिक प्राथमिकताएँ हमारी दीर्घकालिक रणनीति को लेकर अनिश्चितता की धारणा उत्पन्न करती हैं। प्रधानमंत्री मोदी की कूटनीति में प्रारम्भ में व्यक्तिगत समीकरण बनाने, परंतु प्रतिकूल परिस्थितियों में संवाद की निरंतरता बनाए रखने में संकोच की प्रवृत्ति दिखती है। शी जिनपिंग के साथ अनौपचारिक निकटता के बावजूद सीमा तनाव के बाद शीर्ष स्तर पर संवाद ठहर गया, और डोनाल्ड ट्रम्प के साथ व्यापारिक मतभेदों के दौरान प्रत्यक्ष संवाद से परहेज भी देखा गया। यह शैली अल्पकाल में तनाव टाल सकती है, किंतु दीर्घकाल में नीति की निरंतरता और विश्वसनीयता पर प्रश्न उठाती है। पश्चिम एशिया में हाल के संकट ने इस चुनौती को और स्पष्ट किया है। ईरान-इजराइल-अमेरिका तनाव के दौरान होर्मुज जलडमरूमध्य में आवाजाही बाधित होने से भारत के कई ऊर्जा-वाहक जहाज प्रभावित हुए। भारत के कूटनीतिक प्रयासों के चलते ईरान ने कुछ भारतीय जहाजों को अस्थायी सुरक्षित मार्ग दिया। ऊर्जा आयात सुनिश्चित करने के लिए भारत ने रूस समेत 41 देशों के साथ सहयोग मजबूत किया है, किंतु विश्लेषक मानते हैं कि दीर्घकालिक रणनीति और समयबद्ध प्रयास अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ पाए हैं। संकट के चलते अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है, विदेशी मुद्रा भंडार पर बोझ बढ़ा है, चालू खाता घाटा बढ़ने की आशंका है तथा खाड़ी क्षेत्र में रह रहे लगभग 90 लाख भारतीयों की सुरक्षा गंभीर चिंता बन गई है। हालांकि प्रधानमंत्री ने संसद को स्थिति से अवगत कराया, किंतु ट्रंप के पाँच दिवसीय युद्धविराम, पाकिस्तान-तुर्की-मिस्र की मध्यस्थता, संघर्ष की जड़ तथा ईरान के साथ हुई बातचीत के ठोस परिणाम जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपेक्षित स्पष्टता नहीं दिखी। चीन जैसी महाशक्ति के प्रत्यक्ष पड़ोसी होने से भारत पर बहुस्तरीय दबाव बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री के भाषण से यह आभास होता है कि भारत अब पूर्ण तटस्थता की बजाय इजराइल और अमेरिका के साथ अधिक निकट समन्वय की ओर बढ़ रहा है। ऐसे परिदृश्य में बहु-संरेखण पर आधारित नीति कुछ लचीलापन देती है, किंतु स्पष्ट और सुसंगत रुख की कमी इसकी निरंतरता पर प्रश्न खड़ा करती है। सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में पश्चिम एशिया संकट पर राष्ट्रीय स्तर पर एकजुट और संतुलित रुख अपनाने तथा स्थिति पर सतत निगरानी रखने पर सहमति बनी। हालांकि, संकट के समय यदि प्रधानमंत्री और प्रमुख विपक्षी नेता राहुल गांधी दोनों उपस्थित रहते, तो इससे भारत की कूटनीतिक एकजुटता का और अधिक सशक्त संदेश विश्व को जाता। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में संसद में विदेश नीति पर गंभीर एवं निरंतर बहस की परंपरा को सुदृढ़ करना आवश्यक है। अतीत की तरह आज भी व्यापक संवाद जरूरी है, जिससे नीति-निर्माण अधिक संतुलित बने और दूरदर्शी नेतृत्व विकसित हो। इसके साथ ही सर्वदलीय बैठकें नियमित रूप से आयोजित हों तथा विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति की सिफारिशों को सरकार अधिक प्रभावी ढंग से अपनाए। कूटनीतिक मजबूरियों में सरकार जो नहीं कह पाती, उसे विपक्ष आसानी से कह सकता है।

पूर्ववर्ती प्रधानमंत्रियों ने इसका अक्सर उपयोग किया। मोदी सरकार को भी इस संकट में विपक्ष की मदद लेनी चाहिए। अपनी संतुलित कूटनीतिक विरासत के कारण भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। हमारी समृद्ध कूटनीतिक परंपरा ने यह सिद्ध किया है कि सिद्धांत और राष्ट्रीय हित एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। महात्मा गांधी ने कहा था- सिद्धांत विहीन राजनीति एक पाप है। बहु-संरेखण की नीति ने भारत को कई अवसर प्रदान किए हैं, किंतु व्यक्तिगत समीकरणों पर आधारित कूटनीति में बार-बार दिखने वाली परिवर्तनीयता दीर्घकालिक निरंतरता और विश्वसनीयता पर सवाल उठाती है। इसलिए आज सबसे बड़ी चुनौती विदेश नीति को अधिक सिद्धांतनिष्ठ, सुसंगत और पूर्वानुमेय बनाना हैकृयही वह आधार है, जो किसी राष्ट्र को स्थायी सम्मान और वैश्विक प्रभाव प्रदान करता है।

*(लेखक एवं समाजसेवी)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### कन्या जन्मोत्सव मना 25 नवजात बच्चियों को वितरित की बेबी व मिठाई



**हमीरपुर।** हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ़ वीमेन (महिला कल्याण विभाग) ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सरीला में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में 25 नवजात बच्चियों को बेबी किट, मिठाई , गुलदस्ता वितरित कर कन्या जन्मोत्सव मनाया। मिशन नारी सुरक्षा, नारी सम्मान नारी स्वावलंबन, मिशन शक्ति (फेज 5) द्वितीय चरण के कार्य योजना अंतर्गत जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव कुमार सिंह के निर्देशानुसार वासंतिक नवरात्र से प्रारंभ होकर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराए जा रहे। शनिवार को हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ़ वीमेन (महिला कल्याण विभाग) ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सरीला में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में 25 नवजात बच्चियों को बेबी किट, मिठाई , गुलदस्ता वितरित कर कन्या जन्मोत्सव मनाया।साथ ही कन्या सुमंगला योजना के बारे में विस्तृत जानकारी पंपलेट वितरण की गई।इस दौरान जिला समन्वयक शशि तिवारी ने बताया कि बेटियां घर की शान हैं उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखना चाहिए, सरकार इन्हें बढ़ाने तथा पढ़ाने के लिए सदैव तत्पर है। इस मौके पर हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ़ विमेन से सिद्धार्थ दीक्षित (जेंडर स्पेशलिस्ट) एवं मधुलता , शिवबाबू आदि मौजूद रहें।

### प्रताड़ना से तंग युवक ने की आत्महत्या

**हमीरपुर।** घर से भागी लड़की के परिजन और पुलिस प्रताड़ना से तंग होकर युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सदर कोतवाली क्षेत्र रमेड़ी मुहाल निवासी अभिषेक (20) पुत्र राजेंद्र वर्मा ने शुक्रवार की देर रात घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह अभिषेक को फांसी पर लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची सदर कोतवाली पुलिस ने अभिषेक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता राजेंद्र वर्मा ने बताया कि अभिषेक ने पिता का एक्सीडेंट होने के चलते 10 के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। बताया कि मृतक की एक बहन नीलम है जिसकी शादी जालौन जनपद के उरई कस्बे में हुई थी उसके पड़ोस में ही चचेरी ननद रहती है जिससे अभिषेक की फोन पर बातचीत होती थी लगभग तीन साल पहले चचेरी ननद घर छोड़ कर हमीरपुर आ गई थी अभिषेक के परिजनों ने लड़की के घरवालों को सूचना दी जिस पर लड़की के घरवालों ने पास्को एक्ट का मामला दर्ज कराकर अभिषेक को जेल भिजवा दिया था,पांच माह तक वह जेल में भी रहा था,विगत दिनों पूर्व वह जेल से छूट कर घर आया था।एक सप्ताह पहले अभिषेक की बहन की चचेरी ननद फिर से किसी के साथ घर छोड़ कर भाग गई।लड़की के घरवालों ने कोंच चौकी में अभिषेक के विरुद्ध पुनः तहरीर दी थी। कोंच पुलिस और लड़की के परिजनों द्वारा लगातार प्रताड़ित करने से परेशान होकर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक के पिता ने बताया कि वह मौदहा बांध में आउटसोर्सिंग पर माली के पद पर तैनात है।मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था।

### सफाई नहीं होने से बजबजा उठा वार्ड 18 का नाला



**सुमेरपुर।** कस्बे के वार्ड संख्या 18 में असें से नाला की सफाई नहीं होने से नाला बजबजा रहा है और मच्छरों से पनपने वाली संक्रामक बीमारियां पैर पसार रही है। वार्ड संख्या 18 के निवासी सागर प्रजापति, अनूप राज, राजेश कुमार आदि ने बताया कि वार्ड के मध्य से एक बड़ा नाला गुजरा है इसकी असें से सफाई नहीं हुई है। इससे गंदगी का नाले में अंबार लग गया है पूरा नाला गंदगी से बजबजा रहा है। साफ सफाई नहीं होने से मच्छरों का प्रभाव बढ़ रहा है और मच्छर जनित बीमारियां जन्म ले रही हैं। सभासद पवन साहू ने बताया कि गत वर्ष जून माह में सफाई कराई गई थी सफाई के लिए नगर पंचायत से कहा गया है जल्द ही नाले की सफाई कराई जाएगी।

### हाई टेंशन लाइन की चिंगारी से आठ बीघे की फसल खाक

**सुमेरपुर।** क्षेत्र ग्राम विदोखर में हार्वेस्टर को मोड़ते समय हाई टेंशन लाइन के



खंभे से टक्कर लग जाने से हुई स्पार्किंग के चलते चिंगारी गिरने से गेहूं एवं अरहर की आठ बीघे फसल जलकर खाक हो गई। किसानों ने एकत्र होकर आग पर काबू पाया। क्षेत्र के ग्राम विदोखर पुई में कृष्ण कुमार शर्मा के खेत में हार्वेस्टर से गेहूं की कटाई चल रही थी। खेत के समीप से ही हाईटेंशन लाइन गुजरी हुई है। हार्वेस्टर को मोड़ते समय हार्वेस्टर खंभे से टकरा गया इससे स्पार्किंग हो गई और आग का एक बड़ा गोला गेहूं की फसल में आ गिरा। इससे कृष्ण कुमार शर्मा की तीन बीघे गेहूं की फसल तथा हनुमान प्रजापति की पांच बीघे अरहर की फसल जल कर खाक हो गई। खेतों में कार्य कर रहे किसानों ने एकत्र होकर आग पर काबू पाया। इस घटना के बाद हार्वेस्टर चालक हार्वेस्टर लेकर फरार हो गया।

# डबल मर्डर केस में आरोपी गिरफ्तार

- एक्सीडेंट में पिता की मौत से आक्रोशित पुत्रों ने पिकप चालक दो सगे भाइयों की पीटकर कर दी थी हत्या




**समृद्धि न्यूज, हरदोई।** सुरसा थाना छेत्र में पिकप की टक्कर से बुजुर्ग की मृत्यु से आक्रोशित मृतक के पुत्रों द्वारा पिकप चालक और खलासी की पीटकर हत्या करने के मामले में पुलिस और सर्विलांस की टीम ने मुठभेड़ में दो भाइयों को घायल कर तीन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त बाइक और दो तमंचे बरामद किये हैं। प्राप्त विवरण में 27 मार्च को थाना सुरसा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम ढोलिया में शिवम पुत्र भैयालाल और उसके भाई अमन द्वारा बुलेरो पिकअप गाड़ी से एक्सीडेंट हो गया। जिसमें भारत पांडेय उर्फ देवीसहाय पुत्र भीमशंकर उम्र करीब 70 वर्ष निवासी ग्राम ढोलिया थाना सुरसा की मृत्यु हो गई। जिसके उपरान्त मृतक भारत पांडेय उर्फ देवीसहाय के पुत्र अनूप,अतुल,नीरज और श्याम द्वारा अमन व शिवम की पीटकर हत्या कर दी गई के साथ मारपीट की गई। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया व फील्ड यूनिट टीम द्वारा घटनास्थल से साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गई। प्रकरण में वादी से प्राप्त तहरीर के आधार नामजद आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई। घटना के सफल एवं शीघ्र अनावरण हेतु 04 पुलिस टीमों को गठित कर लगाया गया था। 27/28 मार्च की रात्रि मुखबिर की सूचना पर थाना सुरसा के प्रभारी सुनील कुमार मिश्रा, स्वाट टीम के प्रभारी उपनिरीक्षक राजेश सिंह, अब्दुल जब्बार और पुलिस टीम द्वारा हत्यारोपयों की गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाया गया।बाइक सवार आरोपियों ने खुद को घिरा देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिंग की गयी। जिसमें अतुल पुत्र देवी सहाय उसका भाई अनूप निवासीगण ग्राम ढोलिया पैर में गोली लगने से घायल हो गए व नीरज पुत्र देवीसहाय को मौके से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर, एक तमंचा 12 बोर, 02 जिंदा कारतूस, 02 खोखा कारतूस, 01लोहे की रोड व 01 मोटरसाइकिल बरामद की गयी। पुलिस टीम द्वारा घायल अभियुक्तों को उपचार हेतु चिकित्सालय भिजवायां गया है। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तो से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि मृतक शिवम व अमन उपरोक्त द्वारा अभियुक्तो के पिता की एक्सीडेट में मृत्यु होने से क्षुब्ध होकर अभियुक्तो द्वारा शिवम् व अमन उपरोक्त से मारपीट की गयी जिससे उनकी मृत्यु हो गयी।

## संडीला पुलिस को बड़ी सफलता 25 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, सण्डीला/हरदोई।** हरदोई जिले के संडीला थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त कल्लू उर्फ शहरे आलम को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी सीतापुर जनपद के सदरपुर थाना क्षेत्र के बजेहरा मजरा बसुधा गांव का निवासी है।

पुलिस के अनुसार अभियुक्त संगठित गिरोह बनाकर आर्थिक और भौतिक लाभ के उद्देश्य से डकैती और नकबजनी जैसे गंभीर अपराधों में लिप्त था। उसके खिलाफ गिरोहबंद एवं समाज विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था, जिसके बाद से वह फरार चल रहा था।पुलिस अधीक्षक हरदोई द्वारा उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

संडीला पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपी को दबोच लिया।गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश भी जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा।

## जिला उपाध्यक्ष बनने पर महेंद्र कुमार सोनी का भव्य स्वागत व्यापारियों ने फूल-मालाओं से किया अभिनंदन

**समृद्धि न्यूज, हरदोई।** भाजपा के जिला उपाध्यक्ष बनने के बाद महेंद्र कुमार



सोनी के प्रथम आगमन पर संडीला के मुरार नगर सोम इंडस्ट्रियल एरिया में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। सोम ओवरब्रिज के नीचे आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के व्यापारियों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर पूरे औद्योगिक क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारियों और गणमान्य लोगों ने सोनी को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दीं और उनके नेतृत्व में क्षेत्र के विकास की उम्मीद जताई। इस दौरान बड़ी संख्या में व्यापारी एवं सम्मानित नागरिक मौजूद रहे, जिन्होंने एकजुट होकर अपने समर्थन और सम्मान का प्रदर्शन किया।

## राज्यमंत्री ने किया एचपीवी टीकाकरण का शुभारंभ

**समृद्धि न्यूज, शाहाबाद हरदोई।**



सीएचसी में शनिवार को सर्वाइकल कैंसर (बच्चेदानी के मुँह का कैंसर) की रोकथाम के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एच0पी0वी0 (ह्यूमन पैपिलोमावायरस) वैक्सीनेशन अभियान का शुभारम्भ उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (उच्च शिक्षा विभाग) रजनी तिवारी के द्वारा किया गया। शुभारम्भ के अवसर पर राज्यमंत्री श्रीमती तिवारी ने अभिवावकों से अपील की कि वह अपनी 14 से 15 वर्ष की बेटियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के लिए निश्चित रूप से एचपीवी का टीका आवश्य लगवाएं। उन्होंने कहा कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढाओ' की तर्ज पर 'बेटी स्वस्थ, समाज सशक्त' सरकार का लक्ष्य है। सीएचसी के प्रभारी डॉ0 प्रवीण दीक्षित ने बताया कि यह टीका पूर्णतयः निःशुल्क है तथा प्रत्येक कार्यदिवस में प्रातः 09.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक सी0एच0सी0 पर लगवाया जा सकता है। टीकाकरण के समय आयु सत्यापन के लिए कोई ना कोई प्रमाण पत्र जैसे आधार कार्ड, स्कूल का आई0डी0 कार्ड, फोटोयुक्त मार्कशीट इत्यादि अवश्य लेकर आये तथा टीकाकरण के समय खाली पेट ना आकर हल्का नाश्ता या भोजन अवश्य करके आयें। वैक्सीनेशन के समय अभिवावक की सहमती आवश्यक होगी। वैक्सीनेशन के उपरान्त लाभार्थियों को डिजिटली प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

## गाजे-बाजे के साथ निकली भव्य रामनवमी शोभायात्रा

- जय श्रीराम के नारों से गूंजा पनवाड़ी कस्बा



**पनवाड़ी (महोबा)।** रामनवमी के पावन अवसर पर कस्बा पनवाड़ी में शुक्रवार को गाजे-बाजे, भक्ति गीतों और जय श्रीराम के नारों के बीच भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ कस्बे के बड़े मंदिर राम-जानकी मंदिर से हुआ, जहां विधिवत पूजा-अर्चना के बाद भगवान श्रीराम की झांकी के साथ यात्रा प्रारंभ हुई। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में रामभक्त शामिल हुए और पूरे मार्ग में श्रद्धा एवं उत्साह का माहौल बना रहा। शोभायात्रा राम-जानकी मंदिर से निकलकर अलीपुरा बस स्टैंड, राठ तिगैला, जन्टपुरा, तिवारीपुरा, मेन बाजार, पाठकपुरा, देवगनपुरा, अग्निहोत्रीपुरा होते हुए पुनः राम-जानकी मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालु जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। डीजे और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन पर युवा एवं बच्चे विशेष उत्साह के साथ यात्रा में शामिल रहे। इस अवसर पर पनवाड़ी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रकाश वर्मा, प्रधान संगठन जिला अध्यक्ष संजय द्विवेदी, ग्राम प्रधान पनवाड़ी, जयप्रकाश रावत प्रधान प्रतिनिधि अलीपुरा, संतोष विश्वकर्मा, अजय परिहार, समाजसेवी राजू मिश्रा, नीरज मिश्रा, संतोष अग्निहोत्री, धीरज अनुरागी, राजू नगायच, सीताराम अग्निहोत्री, महेश नायकमहेंद्र मिश्रा, धीरज अनुरागी, अमन शर्मा, उमंग सुल्लेरे सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। समाजसेवियों द्वारा जगह-जगह टी-स्टॉल लगाकर रामभक्तों का स्वागत किया गया। वहीं अरविंद मिश्रा द्वारा शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया गया। शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। पुलिस विभाग से पनवाडी थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र प्रताप की अगुवाई में पुलिस बल तैनात रहा। राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार अभिषेक मिश्रा लेखपाल, बृजपाल सहित अन्य अधिकारी भी शोभायात्रा के साथ पैदल चलते हुए सुरक्षा व्यवस्था संभालते रहे। शोभायात्रा के समापन पर मंदिर परिसर में आरती और प्रसाद वितरण किया गया।

## दूसरे दिन पैट्रोल पंपों पर डीजल समाप्ति की तख्तियां लटकी, पसरा सन्नाटा



**राठ।** डीजल की किल्लत दूसरे दिन भी जारी रही?। शनिवार को पेट्रोल पंपों पर डीजल समाप्त होने की तख्तियां लिखी हुई है। वहीं पेट्रोल भी 100 रुपए का दिया जा रहा है। डीजल पेट्रोल की मारामारी के बीच दूसरे दिन भी किसान डीजल लेने के लिए परेशान हैं। कस्बे के आधा दर्जन से अधिक पंपों पर डीजल समाप्त हो चुका है। पंप पर डीजल समाप्त का बोर्ड टांग दिया गया है। जिसे देखकर किसान मायूस होकर लौट रहे हैं। सरसई गांव स्थित पेट्रोल पंप पर डीजल की उपलब्धता है। लेकिन एक हजार रुपए के डीजल पर ऊंचे रेट पर मोबियल की कैन दी जा रही है। पेट्रोल पंप के लिए बाइक सवारों को 100 का पेट्रोल दिया जा रहा है। सभी पंप डीलरों ने डीजल पेट्रोल से भरी गाड़ी आने की बात कही जा रही है।

## महिला पुलिसकर्मियों ने मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत भव्य स्कूटी रैली निकाली



**समृद्धि न्यूज, महोबा।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुसार जनपद महोबा में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत एक भव्य स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। सदर विधायक राकेश गोस्वामी, पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना

- पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक व सदर विधायक ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना

सिंह द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत थाना कोतवाली नगर महोबा से महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने हेतु एक भव्य स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। पुलिस अधीक्षक के कुशल नेतृत्व एवं अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर से रैली का शुभारंभ थाना कोतवाली नगर से निकलकर तहसील चौराहा, चूडी वाली गली, बस स्टैण्ड, आल्हा चौक, ऊदल चौक, सुभाष चौक पर जाकर सम्पन्न हुई। रैली के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इस रैली में यूपी-112 की गाड़ियां एवं जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त मिशन शक्ति केंद्र की महिला पुलिसकर्मियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

## जननी सुरक्षा योजना का भुगतान शत-प्रतिशत सुनिश्चित हो : डीएम

- जिलाधिकारी ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिए निर्देश
- स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सभी तक सुनिश्चित करायें



**समृद्धि न्यूज, महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें गर्भवती महिला पंजीकरण एवं जननी सुरक्षा योजना, जननी सुरक्षा कार्यक्रम, एंबुलेंस सेवा, मातृत्व मृत्यु संबंधी समीक्षा एवं टीकाकरण संबंधी बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद के 102, 108 एवं एएलएस एंबुलेंस के मैनेजर को निर्देशित किया कि किसी भी परिस्थिति में किसी मरीज को लाने ले जाने में विलंब ना हो। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए गए कि स्टेट रैंक से जनपद की रैंक कम नहीं होनी चाहिए । स्वास्थ्य सेवाओं की सब तक पहुँच सुनिश्चित कराये एवं जननी सुरक्षा योजना का भुगतान शत प्रतिशत लाभार्थियों को सुनिश्चित हो तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं समस्त चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि किसी भी मरीज को बाहर की दवाई ना लिखी जाए। किसी तरह की बाहर की दवाई लिखी पाए जाने पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, । उन्होंने सभी मुख्य चिकित्सा अधीक्षकों एवं चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देशित किया कि किसी भी मरीज का यथा संभव इलाज अपनी इकाई पर करें, यदि उस विधा का डॉक्टर उपलब्ध न हो तो मरीज की स्थिति का आकलन करने के बाद ही मरीज को रेफर करें कम दवाओं की उपलब्धता पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि लोकल परचेज के माध्यम से सत प्रतिशत दवा की उपलब्धता अस्पताल में सुनिश्चित कराई जाए।

इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आशाराम, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुरेश कुमार, डॉ वी. के. चौहान सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## मेधावी बच्चों से भरी बस को सीडीओ ने हरी झंडी दिखा किया रवाना

- वैज्ञानिक शोध प्रयोगशालाओं व संस्थानों का मेधावी बच्चें करेंगे भ्रमण




**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।** जिला विज्ञान के तत्वावधान में शनिवार को जनपद के मेधावी विद्यार्थियों को वैज्ञानिक शोध प्रयोगशालाओं व संस्थाओं के भ्रमण एवं वैज्ञानिक व्याख्यन को लेकर जनपद के 100 मेधावी बच्चों का बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय बांदा का भ्रमण एवं वैज्ञानिक व्याख्यान कार्यक्रम कराया गया। भ्रमण को लेकर 50 बच्चों से भरी बस को कलेक्ट्रेट परिसर से सीडीओ अरुण कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक महेश कुमार गुप्ता जिला विज्ञान के सचिव एवं राजकीय इंटर कॉलेज के वरिष्ठ अध्यापक अध्यापक बाबूराम कनौजिया उपस्थित रहे द्य दूसरी बस में 50 बच्चे रामलीला मैदान राठ से बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय बांदा के लिए रवाना हुए।नोडल शिक्षक सुरेंद्र बाबू सुनीता नरदेव आर्य व अनीता सिंह ने बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान किया द्य बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय बांदा के कृषि विज्ञान केंद्र के फसल सुरक्षा विज्ञान के विशेषज्ञ एवं वैज्ञानिक डॉ0चंचल सिंह ने वर्मी कंपोस्ट बनाने के तरीके एवं अन्य वैज्ञानिक जानकारी दी एवं पॉलीहाउस का ग्रीन हाउस का विजिट कराया। मृदा वैज्ञानिक डॉ0देव कुमार ने मृदा परीक्षण एवं मृदा से संबंधित वैज्ञानिक जानकारी प्रदान की। फूड साइंस के प्राध्यापक एवं वैज्ञानिक डॉ0 विजेंद्र सिंह ने फलों के संबंधित वैज्ञानिक और तकनीकी जानकारी दी एवं औद्योगिक प्रक्षेत्र का भ्रमण करायाद्व जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक डॉ0जी के द्विवेदी ने सभी वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

### वाहन चालकों और किसानों को भारी दिक्कत

**कुरारा ।** कस्बे में संचालित राम कृष्ण पेट्रोलियम, देवांश पेट्रोल पंप, कमला पेट्रोल पंपों पर शनिवार को डीजल समाप्त हो जाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह से ही डीजल भरवाने के लिए पहुंचे वाहन चालकों की लंबी कतारें लग गईं। लेकिन पंपों पर डीजल उपलध न होने के कारण उन्हें मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। डीजल खत्म होने से सबसे ज्यादा परेशानी ट्रैटर चालकों, मालवाहक वाहनों, बस संचालकों और छोटे व्यवसायियों को हुई। कई वाहन चालक घंटों तक पेट्रोल पंपों के बाहर इंतजार करते रहे, लेकिन आपूर्ति न होने से उन्हें दूसरे कस्बों और शहरों के पेट्रोल पंपों की ओर जाना पड़ा।

## पेट्रोल पम्प पर भीड़ बढ़ने से नायब तहसीलदार व पुलिस ने पहुंचकर कराया तेल वितरण



**समृद्धि न्यूज, कुलपहाड/महोबा।** क्षेत्र में फेल रही डीजल पेट्रोल की अफवाह को लेकर लोगों में अचानक चिंता बढ़ गई है। प्रतिदिन सुबह से ही पेट्रोल पंपों पर लंबी-लंबी कतारें लगना शुरू हो जाती है। जिससे पेट्रोल पंपों पर अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने पहुंचकर स्थिति को संभालते हुए अपनी निगरानी में डीजल पेट्रोल का वितरण कराया है। बता दें कि इस समय किसानों की फसल कटाई मढ़ाई का काम तेजी से चल रहा है जिन्हें ट्रेक्टर थ्रेसर आदि में डीजल की आवश्यकता पड़ रही है ऐसे में किसानों व वाहन स्वामियों में पेट्रोल डीजल को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है। जिससे लोग सुबह से ही अपनी गेलन कट्टियां ड्रम लेकर पेट्रोल पंपों पर पहुंचकर भीड़ लगाए दिखाई देते हैं। जिससे पेट्रोल पंपों में अव्यवस्था फेल जाती है। और कर्मचारी परेशान हो जाते हैं। शनिवार को भी इसी तरह का मामला उत्पन्न होता दिखाई दिया।

# मनरेगा के अंतर्गत कार्यों का समयबद्ध भुगतान करने के निर्देश

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

▸ **सांसद तनुज पुनिया की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न**

सांसद तनुज पुनिया की अध्यक्षता एवं सांसद फैजाबाद अवधेश प्रसाद की सह-अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक गांधी सभागार, डीआरडीए में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारम्भ जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन द्वारा सांसद, विधायकगण एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के स्वागत के साथ किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए जनप्रतिनिधियों द्वारा जनहित से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए, जिन पर अध्यक्ष द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।जिला अस्पताल (पुरुष/महिला), सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही अनावश्यक रूप से बाह्य दवाएं लिखने पर रोक लगाने हेतु निर्देशित किया गया।महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत कार्यों का समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। समाज कल्याण विभाग को निर्देशित किया गया कि जनपद स्तर से ग्राम स्तर तक संचालित योजनाओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे अधिकाधिक पात्र लाभार्थी योजनाओं से आच्छादित हो सकें। जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराए जाने की मांग पर संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही पेयजल परियोजनाओं के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत एवं कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए गए।बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, बेसिक शिक्षा विभाग, उद्यान विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। बैठक के समापन पर सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण किया जाना अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है।



बैठक में बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित रहने पर अधिशासी अभियंता नल निगम (नगरीय), डाकघर अधीक्षक एवं सहायक श्रम आयुक्त से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश अध्यक्ष महोदय द्वारा दिए गए। इस दौरान एमएलसी अंगद कुमार सिंह, विधायक बाराबंकी (सदर धर्मराज सिंह यादव, विधायक जैदपुर गौरव कुमार रावत, विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत, अन्य जनप्रतिनिधिगण, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, मुख्य चिकित्साधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी सहित समस्त संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएचसी पर बाहर से दवाएं लिखने पर मरीजो में आक्रोश

**रामसनेहीघाट बाराबंकी , समृद्धि न्यूज़।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रामसनेहीघाट में मरीजों को बाहर से दवाएं लिखे जाने का मामला सामने आया है। वहीं अस्पताल के आस पास दर्जनों जांच सेन्टरों की भरमार से मरीजों का जमकर शोषण किया जा रहा है। आरोप है कि अस्पताल में दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता होने के बावजूद डॉक्टर मरीजों को महंगी दवाएं बाहर से खरीदने के लिए मजबूर कर रहे हैं। इससे विशेष रूप से गरीब और जरूरतमंद मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों का कहना है कि अस्पताल परिसर में निजी मेडिकल स्टोर और पैथोलॉजी सेंटर के कर्मचारियों की लगातार आवाजाही बनी रहती है,



जिससे इस पूरे मामले पर संदेह और गहरा हो जाता है। वहीं, बीयूएमएस डिग्रीधारी चिकित्सकों द्वारा एलोपैथिक (अंग्रेजी) दवाएं लिखे जाने पर भी सवाल उठ रहे हैं, जिसे नियमों के विरुद्ध माना जा रहा है।

इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी बाराबंकी ने मामले को गंभीर बताया है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में सभी आवश्यक दवाएं उपलब्ध हैं, ऐसे में बाहर से दवाएं लिखना पूरी तरह गलत है और इसकी जांच कराई जाएगी। गोबरे गांव से आए मरीज राम आधार ने बताया, ÷हमें बाहर से दवा लिखी गई, जबकि हमारे पास इतने पैसे नहीं थे।÷ उन्होंने कहा कि यह समस्या सिर्फ उनकी नहीं, बल्कि दर्जनों मरीजों की है, जिन्हें अस्पताल से दवाएं और जांच सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। स्थानीय लोगों का यह भी आरोप है कि अस्पताल के आसपास कई पैथोलॉजी जांच केंद्र संचालित हो रहे हैं, जो न तो मानकों पर खरे उतरते हैं और न ही वहां प्रशिक्षित कर्मी कार्यरत हैं। कई केंद्रों पर रजिस्ट्रेशन किसी और के नाम पर है, जबकि जांच कार्य बिना उचित डिग्री वाले लोग कर रहे हैं। भिटरिया और तहसील क्षेत्र के आसपास बड़ी संख्या में ऐसे जांच केंद्र संचालित होने की बात सामने आई है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

# भिटरिया-हैदरगढ़ मार्ग पर हादसा, युवक की हालत गंभीर

**रामसनेहीघाट बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

भिटरिया-हैदरगढ़ मार्ग पर शनिवार को हुए भीषण सड़क हादसे ने इलाके को झकझोर कर रख दिया। मोहम्मदपुर उपाध्याय गांव के पास कार और तेज रफ्तार डंपर की आमने-सामने टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि साथ में मौजूद महिला भी चोटिल हो गई। जानकारी के अनुसार, दर्शन नगर (अयोध्या) निवासी मनीष पुत्र महेश अपनी कार से हैदरगढ़ की ओर जा रहे थे। रास्ते में जैसे ही वह रामसनेहीघाट क्षेत्र के मोहम्मदपुर उपाध्याय गांव के पास पहुंचे, सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई।

हादसे में मनीष गंभीर रूप से घायल होकर कार में ही फंस गए, जबकि उनके साथ बैठी मंजू भी घायल हो गईं। आसपास के ग्रामीणों ने किसी तरह घायलों को बाहर निकालकर राहत कार्य शुरू किया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली रामसनेहीघाट पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस के जरिए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने मनीष की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस दर्दनाक हादसे के बाद इलाके में शोक और चिंता का माहौल है।

# एसएमसी एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों और सचिवों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। हाजी वारिस अली शाह डिग्री कॉलेज, बरौलिया में हुए इस कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी फिज़ा मिर्जा और कॉलेज के प्रबंधक परवेज़ अली ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ हुई। प्रशिक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय पीठापुर, किन्तूर-2 और पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय सहरी के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इनमें पारुल, नर्गिस, महिमा, प्रियांशी, मोहिनी और शिवानी द्वारा बाल विवाह पर आधारित एक नाटक भी शामिल था, जिसकी सभी ने सराहना की।खंड शिक्षा अधिकारी फिज़ा मिर्जा ने कार्यक्रम को




संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय प्रबंध समिति बच्चों के भविष्य निर्माण की नींव है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जिन विद्यालयों में समिति और शिक्षकों के बीच बेहतर तालमेल होता है, वहां का शैक्षणिक वातावरण उत्कृष्ट होता है, जिससे छात्र-छात्राओं को अच्छी शिक्षा मिलती है।फिज़ा मिर्जा ने समिति के अध्यक्षों और सचिवों से समन्वय स्थापित कर नए सत्र से अधिक से अधिक नामांकन कराने और बेहतर व्यवस्थाओं के साथ विद्यालय संचालित करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल से नया सत्र शुरू हो रहा है और सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने विद्यालयों से संबंधित गांवों का भ्रमण कर 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों का दाखिला सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय समिति बच्चों के लिए एक सेतु का काम करती है।एआरपी वेद प्रकाश ने प्रशिक्षण के मुख्य उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका लक्ष्य विद्यालय प्रबंध समितियों को सशक्त बनाना, उनकी कार्यप्रणाली में सुधार लाना और शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाना है।

# शांतिपूर्ण ढंग से बंद वाहनों की नीलामी प्रक्रिया सम्पन्न

▸ **40 वाहनो की नीलामी से परिवहन विभाग को मिला 11 लाख 50 हजार राजस्व**

▸ **एक वाहन की निर्धारित 60 हजार कीमत पर बोलीकर्ता ने लगाये 1 लाख 41 हजार**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र अयोध्या राजकुमार सिंह के निर्देश पर पुलिस थानों में लंबे समय से बंद या जब्त वाहनों की नीलामी प्रक्रिया उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय पर शांतिपूर्ण एंव पारदर्शी ढ़ग से सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला, सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव की देख-रेख मे 12 बजे शुरु हुई। नीलामी मे भाग लेने हेतु सुबह 10 से 11:30 बजे के मध्य बोलीदाताओ ने निर्धारित प्रारुप पर अपनी फोटो, पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र के साथ एक निश्चित राशि 10 हजार रुपये सुरक्षा के तौर पर जमा कर टोकन प्राप्त किया। जिसके बाद दोपहर 12 बजे जनपद के बड्डूपुर, मसौली, बदोसराय, कोतवाली, कुर्सी, लोनीकटरा, उमरा कुर्सी थानो मे बंद लगभग 40 वाहनो मोटर कैब, थ्री व्हीलर पैसेंजर, मैक्सी कैब, बस, प्राइवेट सर्विस व्हीकल, गुड्स कैरियर की नीलामी प्रक्रिया शुरु हुई। प्रक्रिया मे उच्चतम बोली लगाने वाले बोलीदाताओ के नाम वाहन को आवंटित किया गया। नीलामी प्रक्रिया मे समस्त 40 वाहनो की ब्रिकी से परिवहन विभाग को कुल 11 लाख 50 हजार रुपये राजस्व प्राप्त हुआ। इस दौरान निर्धारित 60 हजार कीमत वाले एक वाहन पर बोलीदाताओ ने सबसे उच्चतम 1 लाख 41 हजार रुपये पर फाइनल कर वाहन को अपने नाम आंवटित करवाया। इस दौरान प्रधान सहायक श्यामल गागुली, प्रधान सहायक रामकिशोर मौर्या, वरिष्ठ सहायक अमन वर्मा, कनिष्ठ सहायक अनिकेत सिंह मौजूद रहे।

# पेट्रोल पंप पर ब्लैक मार्केटिंग का लोगों ने लगाया आरोप

**रामनगर बाराबंकी।** राष्ट्रीय राज मार्ग पर स्थित श्री महादेव फिलिंग सेंटर पर डीजल की कथित ब्लैक मार्केटिंग का मामला सामने आया है।घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है कि जरुरत मंदों को न आ पाने आ रहा है जैसे मुहावरों से संतोष देने वाले विक्रेता छलावा कर रहे हैं। जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। प्राप्त विवरण के अनुसार बीती रात एक कार चालक डीजल लेने के लिए नचना गांव के पास स्थित उक्त पेट्रोल पंप पर पहुंचा जहां उसे डीजल खत्म होने की बात कहकर लौटा दिया गया।आरोप है कि इसी दौरान पंप संचालक द्वारा ड्रमों में डीजल भरकर गुपचुप तरीके से बेचा जा रहा था। चालक ने इसका विरोध किया तो उसके साथ अभद्र व्यवहार भी किया गया। मामले के बढ़ने पर चालक ने पी आर बी पुलिस को सूचना दी।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह स्थिति को नियंत्रित कर विवाद शांत कराया। प्रशासन की सख्ती के बावजूद इस तरह की घटनाएं सामने आने से सवाल खड़े हो रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### घरेलू पंखे में उतरे करेंट से गई युवक की जान



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** विद्युत स्पर्शाघात से एक युवक की हंसती मुस्कुराती जिंदगी मिनटों में खत्म हो गई। बताया जाता है कि घरेलू पंखा हटाते समय पंखे में उतरे करेंट से हुआ दर्दनाक हादसा। मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के रसूलाबाद गांव में करंट लगने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह घर में पंखा हटाते समय अचानक विद्युत करंट की चपेट में आ गया। गंभीर हालत में परिजन उसे सीएचसी मुसाफिरखाना लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### शोभा यात्रा में दिखी गंगा-जमुनी तहज़ीब की अनोखी मिसाल

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** चैत्र रामनवमी के पावन अवसर पर तहसील क्षेत्र तिलोई अंतर्गत कस्बा जायस में एक भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। भव्य शोभायात्रा के दौरान एक ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसने हर किसी का दिल जीत लिया। जहां मुस्लिम तकरीबात कमेटी जायस के महासचिव हाजी इशरत हुसैन ने शोभायात्रा के अध्यक्ष राजाराम सोनी एवं सत्येंद्र पांडे का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। इतना ही नहीं, उन्होंने शोभायात्रा की आकर्षक झांकियों पर पुष्प वर्षा कर आपसी प्रेम और सम्मान की अद्भुत मिसाल भी पेश की। इस मौके पर हाजी इशरत हुसैन ने कहा कि ÿधर्म अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन दिलों में दूरी नहीं होनी चाहिए।ÿ कस्बा जायस की सड़कों पर दिखा यह नज़ारा हिंदू-मुस्लिम एकता और भाईचारे की जीवंत तस्वीर बन गया। स्थानीय लोगों ने इस पहल की खुलकर सराहना की और इसे समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बताया।

### बदला मौसम, गरज-चमक के साथ ओलावृष्टि से चिंतित किसान

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** शुक्रवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। जहां पर तेज गरज-चमक के साथ बारिश हुई वहीं कई स्थानों पर ओले भी गिरे हैं। मौसम के इस बदलाव से जहां लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली, वहीं किसानों की चिंता बढ़ गई है। देर रात्रि अचानक काले बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। कहीं कही पर गरज-चमक के साथ ओलावृष्टि भी होने लगी। बारिश और ओले गिरने से तापमान में गिरावट से राहत महसूस हुई किन्तु इस समय गेहूं की फसल पककर तैयार है और कटाई का कार्य शुरू हो गया है। ऐसे में ओलावृष्टि से फसल को भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। खेतों में खड़ी और कटी हुई फसल दोनों पर इसका असर पड़ सकता है। अचानक हुए इस मौसम परिवर्तन से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई दे रही हैं। किसानों का कहना है कि यदि बारिश और ओलावृष्टि का सिलसिला जारी रहा, तो उनकी मेहनत पर पानी फिर सकता है। मौसम के इस बदलाव ने जहां आम लोगों को राहत दी है, वहीं किसानों के लिए यह परेशानी का कारण बन गया है। अब सभी की नजरें आगामी दिनों के मौसम पर टिकी हुई है।

### कार्यकर्ता सम्मेलन कर कांग्रेसियों में भरा जा रहा जोश

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी द्वारा रविवार को अयोध्या-लखनऊ राजमार्ग स्थित भवनियापुर मोड़ पर स्थित महाराजा लॉन में संविधान संवाद एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन विधानसभा प्रभारी अब्दुल्ला शेर खान द्वारा किया जा रहा है। इस सम्मेलन में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता मुख्य रूप से शामिल होंगे। कार्यक्रम में अविनाश पांडे (अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव), धीरज गुर्जर सचिव (अखिल भारतीय कांग्रेस) अजय राय (प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष) तथा आराधना मिश्रा (उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता) की उपस्थिति प्रस्तावित है।

# मेहनत और लगन से ही मिलती है सफलता: उमेश प्रसाद

▸ **महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब ने रेलवे से जुड़े खिलाड़ियों को किया सम्मानित**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब द्वारा भारतीय रेलवे में खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले वरिष्ठ खिलाड़ियों और ट्रेड यूनियन लीडर को सम्मानित किया गया। शनिवार को गांधी भवन में आयोजित एक समारोह के दौरान उ.प्र सरकार द्वारा खेल के सर्वोच्च सम्मान लक्ष्मण पुरस्कार से सम्मानित स्वीमिंग प्लेयर उमेश प्रसाद, नेशन हॉकी प्लेयर मुकुल शाह, सीनियर हॉकी खिलाड़ी नीतू शर्मा और पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के ट्रेड यूनियन लीडर सुभाष दुबे को सम्मानित किया गया है। सात बार



गोल्ड मेडलिस्ट और लक्ष्मण अवार्डी प्लेयर उमेश प्रसाद वर्तमान में पूर्वोत्तर रेलवे की भारतीय टीम के स्वीमिंग कोच के पद पर कार्यरत हैं। इस सम्मान के तहत खिलाड़ियों को गांधी स्पोर्ट्स क्लब की ओर से मोमेंटो और शॉल प्रदान किया गया। सभी खिलाड़ियों को यह पुरस्कार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और अद्वितीय उपलब्धियों के लिए दिया गया है। वहीं जिले के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं सेवा सोसाइटी के अध्यक्ष मो उमैर किदवई ने गांधी स्पोर्ट्स क्लब खिलाड़ियों को एक दर्जन हॉकी भेंट की। कार्यक्रम में युवा खिलाड़ियों में जोश भरते हुए लक्ष्मण अवार्डी प्लेयर उमेश प्रसाद ने उन्हें कड़ी मेहनत और अटूट संकल्प का मंत्र देते हुए युवाओं को खेल जगत में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से खेलों को दी जा रही प्राथमिकता की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को एक सशक्त मंच प्रदान कर रही है। सरकार युवाओं और खेल को प्राथमिकता दे रही है। जिससे सुदूर क्षेत्रों के खिलाड़ियों की प्रतिभा मंच मिला है। खेल विधाओं को अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बाराबंकी से न केवल राष्ट्रीय खिलाड़ी, बल्कि ओलंपिक मेडलिस्ट भी निकलेंगे। उन्होंने क्लब के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सफलता के लिए फोकस्ड रहना, ईमानदारी से प्रयास करना और अंतिम तक हार न मानना ही सफलता की असली कुंजी है।

# खेत में काम कर रहे युवक पर हमला, मारपीट में दो घायल

**रामसनेहीघाट बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

▸ **जांच कर दोषियों के खिलाफ की जाएगी सख्त कार्रवाई**

थाना क्षेत्र के एक गांव में खेत पर काम कर रहे युवक पर दबंगों ने हमला कर दिया। घटना में युवक समेत दो लोग घायल हो गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, इटौरा मजरे मुसिपुर निवासी भूपेंद्र कुमार वर्मा पुत्र मनोहर लाल 27 मार्च 2026 की सुबह करीब 8 बजे अपने खेत में टमाटर बांधने का काम कर रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही राघवेंद्र, कृष्णा और एक महिला वहां पहुंचे और बिना किसी बात के गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने डंडे और बांस से हमला कर दिया, जिससे भूपेंद्र घायल हो गए।

पीड़ित के शोर मचाने पर उनका भांजा दीपक वर्मा मौके पर पहुंचा तो आरोपियों ने उसे भी पीट दिया। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली रामसनेहीघाट में लिखित शिकायत दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एसपी ने प्रशिक्षणाधीन आरक्षियों की अंतिम परीक्षा का किया निरीक्षण



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

शनिवार को जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन गौरीगंज में प्रचलित प्रशिक्षणरत आरक्षियों की अन्तिम परीक्षा आउटडोर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड, दौड़, ड्रिल एवं अन्य शारीरिक दक्षता से संबंधित गतिविधियों का गहन अवलोकन किया गया तथा प्रशिक्षणाधीन आरक्षियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया गया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप संपन्न कराई जाए। उन्होंने प्रशिक्षणाधीन आरक्षियों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं शारीरिक दक्षता बनाए रखने हेतु प्रेरित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। निरीक्षण के दौरान सम्पूर्ण प्रक्रिया व्यवस्थित एवं सन्तोषजनक पायी गयी।

# इन्हौना में रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा, श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

रामनवमी के पावन अवसर पर भव्य राम बारात शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर नजर आया। दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष गुड्डू चौरसिया के नेतृत्व में आयोजित इस शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, भक्ति गीत और जयकारों से माहौल गूंज उठा। शोभायात्रा के दौरान क्षेत्र के प्रमुख सामाजिक व राजनीतिक लोग भी शामिल रहे। इसमें राम किशोर त्रिवेदी , आलोक त्रिपाठी, दिनेश सिंह, एडश्व उत्तम सिंह, अवधेश श्रीवास्तव, राजेश मौर्य, पप्पू गुप्ता, सौरभ यादव, तरुण गुप्ता, मनु त्रिवेदी, शिरीष गुप्ता, पप्पू गुप्ता, दीपक श्रीवास्तव, अनु, श्याम बहादुर यादव, अज्जू श्रीवास्तव, विंदर मौर्या और बंटी गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। हल्का प्रभारी उपनिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह



एवं हल्का प्रभारी उपनिरीक्षक छविनाथ यादव के नेतृत्व में कांस्टेबल अभिषेक यादव व अन्य पुलिसकर्मियों ने शोभायात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन और व्यवस्था बनाए रखने में समिति और पुलिस प्रशासन की सराहनीय भूमिका रही।

# मंड़ाई सीजन से पहले प्रशासन सख्त, डीजल आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** आगामी दिनों में गेहूं की कटाई और मंड़ाई को लेकर किसानों की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए प्रशासन सक्रिय हो गया है। डीजल-पेट्रोल की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच एसडीएम अनुराग सिंह ने शनिवार को तहसील सभागार में पेट्रोल पंप संचालकों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश जारी किए। एसडीएम ने स्पष्ट कहा कि ईरान युद्ध को लेकर एलपीजी, पेट्रोल और डीजल की कमी की जो चर्चाएं चल रही हैं, वे पूरी तरह भ्रामक हैं। इन अफवाहों के कारण पेट्रोल पंपों पर अनावश्यक भीड़ बढ़ रही है और किसान भी मंड़ाई सीजन की आशंका में अतिरिक्त डीजल भंडारण करने लगे हैं, जिससे कृत्रिम अभाव की स्थिति बन रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनपद में कहीं भी ईंधन की वास्तविक कमी नहीं है। उन्होंने पंप मालिकों को निर्देशित किया कि डीजल और पेट्रोल का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखें।

# ईंधन के अवैध भंडारण पर प्रशासन ने की कार्रवाई

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

ईंधन के अवैध जमाखोरी और काला बाजारी के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। मुखबिर की सूचना पर मोहनगंज पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में पेट्रोल और डीजल बरामद किया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध ईंधन कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। कोतवाली प्रभारी राकेश सिंह अपनी टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे, तभी उन्हें मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि विराज बाजार में एक व्यक्ति बिना लाइसेंस के पेट्रोल और डीजल का अवैध भंडारण कर उसे ऊंचे दामों पर बेच रहा है। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ की। पूछताछ में उसने अपना नाम अकबर हुसैन पुत्र स्वर्गीय समीउल्ला, निवासी विराज थाना मोहनगंज बताया। जब पुलिस ने मौके पर रखे ड्रमों और उपकरणों के बारे में जानकारी मांगी तो उसने बताया कि उनमें पेट्रोल और डीजल भरा हुआ है, जिसे वह बिक्री के लिए रखे हुए है। पुलिस द्वारा बिक्री के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे गए, तो वह कोई भी कागजात प्रस्तुत



नहीं कर सका। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके से कुल 235 लीटर पेट्रोल और 50 लीटर डीजल बरामद किया है। इसके अलावा एक कूपी, तेल मापने के लीटर और तेल निकालने की मशीन भी कब्जे में ली गई। पुलिस ने मौके पर ही अवैध भंडारण के पूरे सामान को जब्त कर लिया। कार्रवाई की सूचना खाद्य एवं रसद आपूर्ति विभाग को भी दे दी गई, ताकि मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। आपूर्ति निरीक्षक प्रतिभा सिंह अपनी टीम के साथ इस मामले में आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई हैं। पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्रीय लोगों द्वारा सराहा जा रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस तरह की कार्रवाइयों से काला बाजारी पर अंकुश लगेगा और आम जनता को राहत मिलेगी।

# जिलाधिकारी ने किया ब्लॉक हरगांव में उपकेन्द्र ककराही का निरीक्षण

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. द्वारा उपकेन्द्र ककराही, विकास खण्ड हरगांव, जनपद सीतापुर का औचक निरीक्षण मुख्य चिकित्साधिकारी, सीतापुर के साथ किया गया। निरीक्षण के समय उपकेन्द्र खुला था, परन्तु कोई कर्मचारी उपस्थित नहीं था। अधीक्षक सामु0स्वा0केन्द्र हरगांव डा0 संजय गौड़ द्वारा अवगत कराया गया कि उपकेन्द्र पर तैनात बिना किसी सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित है। अधीक्षक द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि उपकेन्द्र पर 6 प्रसव हुऐ है। उपकेन्द्र की स्थिति देखने से प्रतीत होता है कि काफी समय से कोई प्रसव नहीं हुआ है। डॉ. संजय गौड़ अधीक्षक द्वारा भ्रामक सूचना दी जा रही है। उपकेन्द्र की साफ सफाई अत्यन्त दयनीय थी। अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त उपकेन्द्र पर तीन ए.एन.एम. किरन देवी, संतोषी देवी एवं एकता राज तैनात है। तीनों के द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन नही किया जा रहा है तथा अपने दायित्वों के प्रति लापरवाह है, जिसके दृष्टिगत जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर. द्वारा तीनों का 15 दिवस का वेतन काटे जाने के निर्देश दिये गये। अधीक्षक, सामु0स्वा0केन्द्र, हरगांव एवं बी.पी.एम. को कारण बताओं नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि अधीक्षक स्पष्ट करें कि उनके द्वारा किस कारण गलत सूचना दी गयी, यदि उपकेन्द्र पर प्रसव हुये तो उसका साक्ष्य मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा उनको गलत सूचना दिये जाने के कारण प्रशासनिक कार्यवाही की जायेगी। बी0पी0एम0 द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण रूप से नहीं किया जा रहा है।

# डीएम ने उच्च प्रा.वि ककराही की देखीं व्यवस्थाएं

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय ककराही (कम्पोजिट) हरगांव सीतापुर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों की संख्या एवं उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। बच्चों के पंजीकृत की संख्या की जानकारी लेते हुये संख्या के अनुसार अत्यधिक कम बच्चे मिलने एवं कई बच्चे बिना यूनीफार्म के होने पर पर नाराजगी व्यक्त की।

जिलाधिकारी ने शिक्षकों की कम उपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त की। मास्टर रजिस्टर बनाये जाने हेतु पूर्व में दिये गये निर्देशों का अनुपालन न



करने पर इन्चार्ज प्रधानाध्यापक जाहिरा बानों को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। निपुण तालिका का भी अवलोकन किया। कक्षा-2 के बच्चों से वार्ता करते हुये पुस्तिका पढ़वायी, जो सही से बच्चे द्वारा नही पढ़ी जा सकी एवं विद्यालय में अन्य कमियां पाये जाने पर सभी शिक्षकों को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह को दिये। साथ ही जिलाधिकारी ने विद्यालय के रसोई घर पहुंचकर बच्चों को दिये जाने वाले भोजन के बारे में जानकारी लेते हुये पके हुये भोजन की गुणवत्ता को भी परखते हुये गुणत्ता सही न पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की एवं इन घोर लापरवाही के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने खण्ड शिक्षा अधिकारी रमाकान्त मौर्य को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिये।

# गंभीर अपराधों में सजा दिलाना प्राथमिकता: डीएम

- लंबित मुकदमों की पैरवी तेज करने के निर्देश, महिला व बाल उत्पीड़न मामलों पर विशेष जोर



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में अभियोजन एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गंभीर अपराधों से जुड़े मामलों में प्रभावी पैरवी कर दोषियों को सजा दिलाना सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने विशेष रूप से महिला एवं बच्चों से जुड़े उत्पीड़न के मामलों में तेजी लाने और दोषियों को सख्त सजा दिलाने पर जोर दिया। कहा कि जिन मामलों का समाज पर सीधा प्रभाव पड़ता है, उन्हें प्राथमिकता के साथ निस्तारित किया जाए, ताकि सकारात्मक संदेश जाए।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में पांच वर्ष से अधिक समय से 890 मुकदमे लंबित हैं। इनकी पैरवी प्राथमिकता के आधार पर की जाए। उन्होंने गवाहों की उपस्थिति और गवाही की स्थिति का चार्ट तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि 807 वादों में 550 गवाह उपस्थित हुए, जिनमें 274 की गवाही दर्ज हुई, जबकि 235 गवाह अपरीक्षित रहे। उन्होंने एससी/एसटी से जुड़े समझौता मामलों का विवरण तैयार कर धनराशि की रिकवरी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर समय से डेटा फीडिंग कराने को भी कहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी ने थाना दिवस में सुनी शिकायतें

- पांच शिकायतों में दो का मौके पर किया निस्तारण
- कोतवाली की निर्माणाधीन बैरकों का किया निरीक्षण



**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली में शनिवार को जिलाधिकारी आशुतोषमोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार की उपस्थिति में थाना दिवस का आयोजन किया गया।

इस दौरान फरियादियों द्वारा कुल पांच शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए। अधिकारियों ने गंभीरता से सुनवाई करते हुए दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया, जबकि शेष प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। थाना दिवस के बाद जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली परिसर का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस कर्मियों के लिए निर्माणाधीन नई बैरकों का जायजा लिया और कार्य की गुणवत्ता एवं प्रगति को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने निर्माण कार्य को समयबद्ध और मानक के अनुरूप पूरा करने पर जोर दिया। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी, अतिरिक्त निरीक्षक दिनेश कुमार, कस्बा इंचार्ज दीपांजलि वर्मा, फरूखाबाद चौराहा चौकी इंचार्ज मनुज चौधरी, प्रेमपुर चौकी प्रभारी नीरज शर्मा सहित क्षेत्रीय लेखपाल प्रशांत त्रिपाठी, कानूनगो एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## बच्चों के विशेष प्रशिक्षण तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्य जारी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** खंड शिक्षा कार्यालय पर आउट ऑफस्कूल के बच्चों के विशेष प्रशिक्षण हेतु अध्यापकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण जारी। विकासखंड कार्यालय प्रसार में बने खंड शिक्षा कार्यालय पर बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में विकासखंड अधिकारी अमर सिंह राणा के नेतृत्व में आउट ऑफस्कूल के तहत बच्चों के प्रशिक्षण के तहत अध्यापकों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण जारी कराया गया। जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान कई प्रशिक्षक अलग-अलग बिंदुओं पर शिक्षा के तहत जानकारियां शिक्षकों को देते रहे और आउट ऑफस्कूल के तहत बच्चों की अन्य जानकारियां भी सभी शिक्षकों को दी गई। वहीं विकासखंड क्षेत्र के ही नगर पंचायत क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नगला हीरा सिंह में भी शिक्षकों का प्रशिक्षण कराया गया। खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने बताया कि यह प्रशिक्षण तीन दिवसीय है और आउट ऑफस्कूल के बच्चों के प्रशिक्षण हेतु अध्यापकों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

# नन्हे मुन्ने बच्चे हैं इस देश का भविष्य: विवेक गुप्ता




- लिटिल स्टार विद्या निकेतन में परीक्षाफल वितरण व पुरस्कार समारोह

**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

विशुनगढ़ रोड स्थित लिटिल स्टार विद्या निकेतन में परीक्षाफल वितरण समारोह आयोजित किया गया। मेधावी छात्रों को मेडल तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन एवं श्री खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने कहा आज के नन्हे मुन्ने बच्चे ही इस देश का भविष्य हैं। उन्होंने बताया कि नगर का यह पहला विद्यालय है, जहां न्यूनतम फीस में योग्य शिक्षिकाओं द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाती है। गर्मियों में कक्षाओं में एसी की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है। विवेक गुप्ता ने आगे बताया कि विद्यालय की नई शाखा जल्द ही पूरे देश में प्रतिष्ठित 'बचपन प्ले स्कूल' के नाम से शुरू होने वाली है।

प्रधानाचार्य रश्मि गुप्ता ने बताया कि कक्षा एलकेजी, पीजी, कक्षा 1 से 5 तक के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया, जबकि अन्य बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। समारोह में शिक्षिकाएं रूपम, आलिया, तान्या, शिवानी, कृति दुबे, सेजल, रेशमा सहित अभिभावक उपस्थित रहे।

## रोडवेज बस स्टेशन की मुख्य पुलिया का निर्माण शुरू



**छिबरामऊ (कन्नौज), समृद्धि न्यूज।** नगर के रोडवेज बस स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार पर स्थित पुरानी पुलिया लंबे समय से क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ी हुई थी। बार-बार मरम्मत के बावजूद समस्या बनी रही, जिससे बसों के आवागमन में परेशानी होती थी। अब नगर पालिका प्रशासन ने स्थायी समाधान के रूप में इसकी जगह नई आरसीसी पुलिया व नाली का निर्माण शुरू कर दिया है। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे और अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि विगत वर्ष नवंबर में सवा तीन लाख रुपये की अनुमानित लागत से टेंडर जारी किया गया था। जेई रविराज कौशल द्वारा तैयार स्टिमेट के अनुसार कुल लागत करीब तीन लाख 20 हजार रुपये आएगी। नई सीमेंटेड पुलिया बनने से स्टेशन क्षेत्र की सूरत बदलेगी और यात्रियों व बस चालकों को काफी सुविधा मिलेगी। रोडवेज स्टेशन इंचार्ज रामखिलावन ने कहा कि पुलिया के पूर्ण होने के बाद बसों के सुचारु आवागमन में बाधा दूर हो जाएगी। यह कार्य स्थानीय नागरिकों और परिवहन व्यवस्था के लिए राहत भरा कदम साबित होगा। निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

# गुणवत्ता पूर्ण हो बच्चों की बुनियादी शिक्षा : आनंद द्विवेदी

- कंपोजिट विद्यालय रंधीरपुर में वार्षिकोत्सव का आयोजन



**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

कंपोजिट विद्यालय रंधीरपुर में आयोजित वार्षिकोत्सव का दीप प्रज्वलन के साथ शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी आनंद द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा आज के शिक्षित बच्चे कल देश के भविष्य हैं। इनकी बुनियादी शिक्षा गुणवत्तापूर्ण होगी तो इनका भविष्य भी शानदार होगा।

उन्होंने विद्यालय परिवार को शानदार कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बधाई दी। वार्षिकोत्सव में शत प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्रों रोहन, सौम्या, अनिकेत, सोनम, दिव्यांशु, आरोही, विक्रम और निकिता को शील्ड तथा उनकी माताओं को शाल देकर सम्मानित किया गया। विभिन्न कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं कक्षा 1 में कार्तिकेय, कक्षा 2 में अंशू, कक्षा 3 में माही, कक्षा 4 में सोनम, कक्षा 5 में दिव्यांशी, कक्षा 6 में आरोही, कक्षा 7 में खुशी तथा कक्षा 8 में निकिता को भी शील्ड प्रदान की गई। विशिष्ट अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री सत्येंद्र सिंह यादव ने कहा कि तमाम समस्याओं के बावजूद शिक्षक बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे रहे हैं। अभिभावकों का थोड़ा सहयोग मिल जाए तो ये बच्चे कॉन्वेंट स्कूलों से बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने विद्यालय परिवार की टीम भावना की सराहना की।

कार्यक्रम को ग्राम प्रधान शंभूदयाल, एआरपी राजेश गौतम एवं सुशील दुबे ने भी संबोधित किया। प्रधानाध्यापक निसार अहमद ने स्टाफ की सराहना करते हुए सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। शिक्षक नेता शैलेन्द्र दुबे के संचालन में हुए कार्यक्रम में नीतू यादव, ज्योत्सना दुबे , रश्मि , रेखा , आदर्श यादव, आभा आदि शिक्षकों सहित अभिभावक भी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### शोक सभा का आयोजन

**गुरसहायगंज। कन्नौज।** प्रांतीय मंत्री उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव श्रीकृष्ण यादव के आकस्मिक निधन से शिक्षा जगत तथा क्षेत्र के लोगों में गहरा दुख व्याप्त है। उन्होंने अपने सामाजिक कार्यों, सरल स्वभाव और जनसेवा के साथ ही शिक्षकों की समस्या के निस्तारण के लिए हमेशा तत्पर रहे स्वर्गीय श्री कृष्णा यादव को हमेशा याद किया जाएगा। उनके निधन पर शोक सभा का आयोजन आज होगा है। यह जानकारी देते उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री डॉ एमके भारती ने बताया कि सरदार पटेल इंटर कॉलेज कचाटीपुर में होने वाली शोक सभा में सभी जनपद के शिक्षक पहुंचना सुनिश्चित। बताया कि श्री कृष्णा यादव की स्मृति में शोक सभा का आयोजन (रविवार) को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। यह शोक सभा सरदार पटेल इंटर कॉलेज, कचाटीपुर, इन्दरगढ़, कन्नौज में आयोजित होगी, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य लोग, शुभचिंतक एवं परिजन शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके साथ ही परिवार ने सभी परिचितों एवं क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वह शोक सभा में शामिल होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करें ।इस मौके पर नवाब सिंह यादव भाई कृष्ण प्रताप यादव पुत्र देश रानी यादव प्रमोद कुमार नीरज कुमार आनंद कुमार यादव युवराज यादव सहित परिजन मौजूद रहे।

### टीचर की डांट से क्षुब्ध छात्रा ने लगायी फांसी



**कन्नौज।** प्राइमरी स्कूल में कक्षा पांच में पढ़ने वाली एक छात्रा ने स्कूल में शिक्षिका द्वारा डांट लगाने और कक्षा से बाहर निकाल दिए जाने से आहत होकर फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। छात्रा का कसूर यह था कि वह किसी कारणवश स्कूल नहा कर नहीं पहुंची थी। घटना की जानकारी पर परिजनों और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। आक्रोशित परिजन कार्यवाही को लेकर ग्रामीणों की भीड़ के साथ छात्रा का शब लेकर स्कूल पहुंचे और शव रखकर प्रदर्शन किया। मामले की जानकारी पर शासन और पुलिस के अधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों द्वारा कार्यवाही के आश्वाशन के बाद मामला शांत हो सका। बताते चलें कि, जिले के थाना सौंरिख के रामपुर गांव निवासी अजय बॉथम दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करते हैं। इनकी दो बेटियां जिनमें निधि (10 वर्ष ) गांव के रामपुर बेहटा के प्राइमरी स्कूल में कक्षा पांच की छात्रा है जबकि छोटी बेटी नेहा कक्षा तीन की छात्रा है।पता चला है कि, निधि और नेहा दोनों शनिवार को स्कूल पहुंची। इस दौरान विद्यालय में तैनात अध्यापिका मिथिला देवी द्वारा निधि को इस बात पर डांट लगाकर कक्षा से बाहर निकाल दिया गया कि वह किसी कारणवश नहा कर विद्यालय नहीं पहुंची थी। टीचर की डांट से क्षुब्ध निधि शिक्षिका द्वारा डांट लगाए जाने के बाद रोते हुए स्कूल से बाहर आ गई और अपनी बहन नेहा को साथ लेने के बाद घर लौट आई। घर पहुंचने के बाद निधि बिना किसी परिजन से कोई बात किए बिना घर के अंदर चली गई और घर पर एक कमरे में रखे स्टूल के सहारे साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया।

# बस में छूटे सोने के आभूषण लौटाकर चालक-परिचालक ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

- कन्नौज डिपो की टीम ने यात्री से संपर्क कर सुरक्षित लौटाया सामान

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




डिपो के चालक सुशील कुमार और परिचालक अंकुज ने ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल पेश की है। शुक्रवार को एक यात्री बेवर से छिबरामऊ की यात्रा कर रहा था, जिसके सोने के आभूषण बस में ही छूट गए थे।

यात्री के उतरने के बाद जब बस की जांच की गई तो आभूषण मिले। इसके बाद चालक और परिचालक ने समय व्यवस्थापक के सहयोग से यात्री से संपर्क स्थापित किया और उसके कीमती सामान को सुरक्षित वापस कर दिया। इस सराहनीय कार्य से न केवल यात्री को राहत मिली, बल्कि परिवहन निगम की छवि भी बेहतर हुई है। अधिकारियों ने दोनों कर्मचारियों के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए इसे अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणादायक बताया है।

### दो दिन पूर्व गंगा में डूबे युवक का मिला शव

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** कावड़ लेकर जल भरने आया युवक गंगा नहाने के दौरान डूब गया था। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक को खोजने का काफी प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। दो दिन बाद युवक का शव उतराने हुए मिला। शव देखकर स्वजन बिलखने लगे। जनपद एटा के थाना जैथरा के गांव ततरई निवासी इंद्रपाल सिंह यादव का 21 वर्षीय पुत्र सुदेश यादव बीते गुरुवार सुबह लगभग दस बजे ग्रामीणों के साथ ट्रैक्टर से कावड़ लेकर जल भरने के लिए जनपद बदायूं के अटैना घाट पर गया था। नहाने के दौरान युवक गहरे पानी में जाने से डूब गया। जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते तब तक वह डूब गया। ग्रामीणों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक की खोजबीन शुरू की, लेकिन सफलता नहीं मिली। दो दिन बाद शनिवार शाम लभभग साढ़े पांच बजे युवक का शव गोताखोर रामखिलाडी ने पुल से लगभग दो सौ मीटर की दूरी पर उतरता देखा। शव देखकर स्वजन बिलखने लगे। मृतक तीन भाइयों सचिन, अतेंद्र में सबसे छोटा था। मृतक की मां मीना देवी का रोकर बुरा हाल हो गया। बदायूं पुलिस ने शव पीएम हेतु भेज दिया।

# बार एसो. के अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव का स्वागत



**छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

पुरानी गल्ला मंडी स्थित उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के कैंप कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव 'जीतू' का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता 'लालू' ने कहा जितेंद्र श्रीवास्तव जीतू का बार एसोसिएशन की अध्यक्ष पद पर निर्वाचन स्थानीय वकीलों के लिए गर्व की बात है। वे ईमानदारी, मेहनत और न्यायप्रियता के प्रतीक हैं। मुझे विश्वास है कि उनके नेतृत्व में बार एसोसिएशन और मजबूत होगा तथा वकीलों के हितों की बेहतर तरीके से रक्षा होगी। बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव 'जीतू' ने कहा मुझे इस पद पर चुने जाने पर सभी साथियों का आभार। मैं बार एसोसिएशन को और अधिक सक्रिय, पारदर्शी तथा सदस्यों के हितों की रक्षा करने वाला संगठन बनाने का प्रयास करूंगा। न्याय की प्राप्ति में वकीलों की भूमिका महत्वपूर्ण है। मैं सभी सदस्यों के साथ मिलकर इस दिशा में काम करूंगा।

कार्यक्रम में नरेश गुप्ता 'गोल्डी', श्री खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता, सत्यनारायण वर्मा, नीरज गुप्ता, अमोघ गुप्ता 'रामजी', दीपांक दुबे एवं अबली गुप्ता सहित बड़ी संख्या में व्यापारी और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# स्टेज पर बैठने को लेकर विवाद, दो पक्षों में मारपीट

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली क्षेत्र के विजई नगला स्थित जखई देवता मंदिर पर आयोजित एक रंगारंग कार्यक्रम में स्टेज पर बैठने को लेकर शुरू हुआ विवाद अगले दिन हिंसक झड़प में बदल गया।

कार्यक्रम के दौरान ही दो पक्षों के बीच कहासुनी हुई थी, जो धीरे-धीरे बढ़ती गई और अगले दिन सरायदायमगंज पंचायतघर के पास दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इस दौरान जमकर मारपीट हुई, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और सडक़ पर जाम की स्थिति बन गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने मौके से उपद्रव कर रहे तीन लोगों को हिरासत में लेकर हालात को शांत कराया। हिरासत में लिए गए लोगों में विजई नगला निवासी विपिन राजपूत, चमन नगरिया निवासी पंकज जाटव पुत्र राजेश जाटव तथा आशीष जाटव पुत्र रमेशचंद्र शामिल हैं। बताया गया कि यह रंगारंग कार्यक्रम बिना किसी आधिकारिक अनुमति के आयोजित किया गया था, जिसमें फर्रुखाबाद से बार बालाओं सहित एक पार्टी को बुलाया गया था। कार्यक्रम के दौरान

- बिना अनुमति कराया गया बार बालाओं का डांस

अव्यवस्था के चलते विवाद की स्थिति बनी, जो बाद में गंभीर रूप ले गई। कोतवाली प्रभारी विष्णुकांत तिवारी ने बताया कि इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ शांतिभंग की आशंका के तहत कार्रवाई की गई है।

# असीम अरुण आज कन्नौज दौरे पर, कार्यक्रमों में लेंगे हिस्सा

- मन की बात दीक्षांत समारोह और भाजपा बैठकों में करेंगे सहभागिता



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं सदर विधायक असीम अरुण रविवार को कन्नौज में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे सुबह 11 बजे बूथ संख्या 102, प्राथमिक विद्यालय रूदौली में 'मन की बात' कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 1 बजे जागरण पब्लिक स्कूल में आयोजित दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे। दोपहर 2:30 बजे वह भाजपा जिला कार्यालय में एनडीए की बैठक में भाग लेकर संगठनात्मक रणनीतियों पर चर्चा करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 3 बजे भाजपा जिला कार्यालय में कन्नौज विधानसभा की मासिक बैठक में भी शामिल होंगे।

# महासंघ के कानपुर मंडल उपाध्यक्ष का हुआ मनोनयन

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ, उत्तर प्रदेश द्वारा जनपद कन्नौज में संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। महासंघ द्वारा कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, जो कि मदन मोहन मालवीय कॉलेज इंटर कॉलेज, गुरसहायगंज में कार्यालय अधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं, को महासंघ कानपुर मंडल का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

यह नियुक्ति महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार की गई है। प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तम कुमार शुक्ला तथा प्रदेश के प्रमुख महासचिव उपदेश मिश्रा द्वारा मनोनयन पत्र जारी किया गया है प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तम कुमार शुक्ला ने बताया कि कृष्ण कुमार श्रीवास्तव की सक्रियता, कार्यशैली तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के हितों की रक्षा के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। महासंघ को उम्मीद है कि उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता से संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। महासंघ के संविधान के अनुरूप अपने दायित्वों का ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे तथा कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। उनके नेतृत्व में कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा और उनके हितों को आगे बढ़ाने में गति आने की संभावना जताई गई है। मनोनयन की सूचना संयुक्त शिक्षा निदेशक, कानपुर मंडल, जिला विद्यालय निरीक्षक कन्नौज सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को भी भेज दी गई है, जिससे प्रशासनिक स्तर पर भी इसकी जानकारी सुनिश्चित हो सके।

महासंघ के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रीवास्तव को नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई दी है और उनके सफल कार्यकाल की कामना की है। यह नियुक्ति जनपद में कर्मचारियों के बीच उत्साह का माहौल पैदा कर रही है।

# एआईआर में 699 पाकर हर्षित ने बढ़ाया जनपद का मान

- सरस्वती विद्या मंदिर तिर्वा के पूर्व छात्र की सफलता

**तिर्वा ,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

तिर्वा तहसील स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के पूर्व छात्र हर्षित चतुर्वेदी ने IIT JAM परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 699 हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया है। लोहिया नगर तिर्वा गंज निवासी हर्षित ने वर्ष 2023 में इंटरमीडिएट उत्तीर्ण करने के बाद बीएससी पूरी कर भौतिक विज्ञान विषय से यह परीक्षा दी थी। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। प्रधानाचार्य अनिल



कुमार मिश्रा और प्रबंधक त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी ने हर्षित को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, विद्यालय के लिए एक और उपलब्धि सामने आई है। हाईस्कूल परीक्षा परिणाम 2025 की श्रेष्ठता सूची में जिले के 24 विद्यालयों के 84 चयनित विद्यार्थियों में से 42 छात्र इसी विद्यालय के हैं। इन सभी को दो वर्षों तक मासिक छात्रवृत्ति दी जाएगी। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता को छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताया।

# सीओ सदर अभिषेक प्रताप बने अपर पुलिस अधीक्षक, अशोक स्तंभ लगाकर किया सम्मानित

## एसपी विनोद कुमार ने दी बधाई, उत्कृष्ट सेवाओं और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने क्षेत्राधिकारी सदर अभिषेक प्रताप को अपर पुलिस अधीक्षक पद पर पदोन्नति मिलने पर अशोक स्तंभ लगाकर अलंकृत किया। इस अवसर पर एसपी ने अभिषेक प्रताप को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और कर्तव्यनिष्ठा के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह पदोन्नति उनके मेहनत और समर्पण का परिणाम है। कार्यक्रम में मौजूद पुलिस विभाग के



अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी अभिषेक प्रताप को शुभकामनाएं दीं और उनके नए दायित्वों के सफल निर्वहन की कामना की।

# बालिका से दुष्कर्म करने वाला आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

▸ बीते दिन रुपयों का लालच देकर बालिका से किया था दुष्कर्म

फर्रुखाबाद/कमालगंज, समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र में दुष्कर्म के आरोपी अशोक राजपूत को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी। जिसके बाद पुलिस ने उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं मुठभेड़ के दौरान कांस्टेबिल लोकेंद्र सिंह भी घायल हुए हैं। पुलिस ने आरोपी के पास से 315 बोर का अवैध तमंचा और दो खोखा कारतूस बरामद किए।

जानकारी के अनुसार थाना कमालगंज के एक ग्राम में भागवत कथा का आयोजन किया गया। 8 साल की बालिका भागवत कथा सुनने गयी थी। इस दौरान गांव का अशोक राजपूत बालिका को रुपयों का लालच देकर बहलाकर अपने खेत की मड़ैया में ले गया और बालिका के साथ दुष्कर्म किया तथा किसी को न बताने के लिए धमकाया भी था। बालिका ने घर पहुंचकर परिजनों को घटना के बारे में जानकारी दी। हालत बिगड़ने पर परिजन बालिका को लेकर कमालगंज सीएचसी पहुंचे। जहां महिला डाक्टर न होने के कारण डॉक्टर मानसिंह वर्मा ने बालिका को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। बीती रात रजीपुर चौराहा मंदिर के निकट चकरोड़ पर पुलिस के बीच आरोपी की मुठभेड़ हुई। पुलिस के द्वारा मुठभेड़ की दर्ज की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रभारी निरीक्षक ललित कुमार व उप निरीक्षक विमल कुमार ने पिस्टल से गोली चलाने वाले आरोपी पर एक-एक फायर किया था। वांये पैर में गोली लगने से आरोपी अशोक घायल हो गया था। वहीं अशोक के द्वारा चलाई गई गोली सिपाही लोकेंद्र सिंह के दाहिने हाथ में लगी। जिससे वह घायल हो गये। जिन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया।



मुठभेड़ के दौरान आरोपी व पुलिस

अशोक ने पूछताछ में बताया कि मैं ग्राम दिनारपुर का रहने वाला हूँ मेरी शादी काफी समय पहले हुयी थी, किन्तु प्रसव के समय मेरी पत्नी व सन्तान दोनों की मृत्यु हो गयी थी। उसके बाद मेरी शादी नहीं हो सकी। हमारे गाव में तीन-चार दिनों से भागवत कथा चल रही है, दोपहर जब मैं भागवत कथा कि तरफ गया था तो मुझे रास्ते में लड़की अकेली जाती दिखायी दी।

मैंने उसे पैसे देने का लालच देकर अपनी मढ़ैया पर ले आया और मैंने बहला फुसलाकर डरा धमकाकर उसके साथ बलात्कार किया था। मैं यहाँ से रात में कही दूर जाने के लिए छिपता छिपाता खेतों से होकर जा रहा था, किन्तु आप लोगों अचानक मुझे घेर लिये जाने पर मैने पकड़े जाने के डर से आप लोगों पर जान से मारने की नियत से अपने पास लिये तमंचे से फायर किये थे। इस घटना के संदर्भ में अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपी अशोक राजपूत पुत्र अनंतराम को मुठभेड के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ में अशोक को गोली लगी है, मुठभेड़ के दौरान सिपाही लोकेंद्र सिंह भी गोली लगने से घायल हुआ है। आरोपी अशोक को सीएचसी कमालगंज ले जाया गया, वहां से उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। मुठभेड़ के दौरान अशोक के पास फायरिंग में इस्तेमाल किए जाने वाला 315 बोर का तमंचा कारतूस व 2 खोखे बरामद हुए है।

## पुलिस चेकिंग के दौरान दरोगा से महिला की हुई तीखी नोकझोंक



महिला को समझाते दरोगा

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। कस्बा नवाबगंज में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान ने अब जन आक्रोश का रूप ले लिया है। शुक्रवार को बाइक से दवा लेने जा रही एक बीमार महिला और दरोगा के बीच सड़क पर तीखी बहस हो गयी। जिसने पुलिसिया कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया है। कस्बा नवाबगंज के मोहल्ला नया गनीपुर निवासी एक युवक जब बीमार महिला को क्लीनिक ले जा रहा था, तभी चौराहे पर तैनात दरोगा ने बाइक का चालान काट दिया। विरोध करने पर दरोगा और महिला के बीच काफी देर तक बहस हुई। जिसे देख मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस केवल अपना चालान टारगेट पूरा करने के लिए बीमारों और मध्यमवर्गीय परिवारों को निशाना बना रही है। पुलिस अब बिना रोके चलती बाइक के फोटो खींचकर ऑनलाइन चालान भेज रही है। जिसकी जानकारी वाहन स्वामी को बाद में मोबाइल मैसेज से मिलती है। व्यापारियों का कहना है कि पुलिस के खौफसे ग्रामीणों ने बाजार आना कम कर दिया है, जिससे व्यापार चौपट हो रहा है। नगरवासियों ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि नियमों के नाम पर की जा रही इस मनमानी को तत्काल रोका जाए।

# एसपी ने निर्माणाधीन थाने का किया निरीक्षण

▸ खामियां मिलने पर ठेकेदार की लगायी फटकार

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने शनिवार को नवाबगंज में नवनिर्माणाधीन थाना भवन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण कार्य में लापरवाही और खामियां मिलने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और ठेकेदार की जमकर फटकार लगायी।

एसपी आरती सिंह ने नवाबगंज के दुनया मार्ग पर स्थित निर्माणाधीन थाने पहुंचीं। निरीक्षण के दौरान उनकी नजर एक चटक चुकी दीवार पर पड़ी। जिस पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने मौके पर मौजूद ठेकेदार राजेश कुमार को फटकार लगाते हुए कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी ने ठेकेदार से अब तक हुए निर्माण और उपयोग की जा रही सामग्री के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि भवन का निर्माण मानकों के अनुरूप ही होना चाहिए और भविष्य में ऐसी खामियां दोबारा नहीं दिखनी चाहिए। उन्होंने काम को पूरी पारदर्शिता और मजबूती के साथ समय पर पूरा करने पर जोर दिया।



निर्माण की गुणवत्ता देखती एसपी

निरीक्षण के दौरान मोहम्मदाबाद के क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा, नवाबगंज थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## कुत्ता बचाने के चक्कर में टेंपो पलटा, कई घायल

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कुत्ता बचाने के चक्कर टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। जिससे दबकर सवारियां घायल हो गयी। जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने दो लोगों को रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र नगर के कूंचा मोहल्ला गंगा दरवाजा निवासी सोनी पत्नी बबलू, रेखा सक्सेना पत्नी बबलू, संजीव पुत्र नरेश व उसकी पत्नी अन्नपूर्णा तथा शमसावाद थाना क्षेत्र के गाँव खुडना खार निवासी नीरज उम्र 50 वर्ष के टैम्पो में बैठकर सोनी के पिता विश्वनाथ की मौत की सूचना पर सभी लोग मयके जारहे थे। जैसे ही टेम्पो कायमगंज फर्रुखाबाद मार्ग टेडीकोन के निकट पहुंचा, तभी अचानक कुत्ता आ जा जाने से टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। टेंपो पलटने से चीखपुकार मच गयी। राहगीरों ने घायलों को टेम्पो से निकालकर कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर रेखा और नीरज को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# डकैती डालने के मामले में दो आरोपियों को दस-दस वर्ष का कारावास

▸ बीस-बीस हजार रुपए का लगा अर्थदंड
▸ खालिद उर्फरज्जू खान दोष मुक्त

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

घर में घुसकर डकैती डालने के मामले में अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष दस्यु प्रभावित क्षेत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने अभियुक्त अखिलेश कुमार पुत्र सत्यदेव निवासी फतेहपुर पिरौली मेरापुर, महेश पुत्र रामरूप यादव देवरामपुर कोतवाली फर्रुखाबाद को दोषी करार देते हुए दस-दस वर्ष का कारावास व बीस-बीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। विगत 27 वर्ष पूर्व कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला गढ़ी खाना निवासी तारीक अली खां ने पुलिस को दी गई तहरीर में दर्शाया था कि रात लगभग रात दस बजे अपने घर में मौजूद था और मेरे नौकर घर के बाहर था। नौकर ने आवाज दी और कहा कि कुछ लोग मिलने आए।



पुलिस अभिरक्षा में अभियुक्त

मैंने जैसे ही घर का दरवाजा खोला तो देखा कि छह बदमाश हाथों में तमंचे लिए हुए थे। दरवाजा खोलते हुए ही बदमाशों ने फौरन मेरे तमाचा लगा दिया। उससे कहा कि घर का चाबियां दो और बदमाश घर के अंदर घुस गए। नौकर नूर खां को भी ले गये और कमरों में लूटपाट शुरू कर दी। एक रिवॉल्वर, वीसीआर ओनिडा, पांच हजार नगद, पचास हजार रुपए के कीमत के जेवर और मां की सोने की चूड़ियां भी उतरवा के ले गए। सभी बदमाशों ने नकाब लगा रखे थे। सामने आने पर पहचान लूंगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर अखिलेश उर्फ बबलू, शिववीर, महेश, रज्जू खान के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा विचारण के दौरान शिववीर की मृत्यु हो गई थी। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश ने साक्ष्य के अभाव से खालिद खान उर्फ रज्जू खान को दोष मुक्त कर दिया।

बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने अभियुक्त अखिलेश उर्फ बबलू, महेश को दोषी करार देते हुए दस -दस वर्ष का कारावास व बीस-बीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

## खबरें एक नजर में

### पॉक्सो के आरोपी पर दोष सिद्ध, सजा 30 मार्च को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पास्को एक्ट के मामले में अपर जिला जज पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने अभियुक्त धर्मेंद्र पुत्र हीरालाल निवासी कछियाना लिंजीगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 30 मार्च की तिथि नियत की गई है। विगत छह वर्ष पूर्व कोतवाली फर्रुखाबाद क्षेत्र के निवासी महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 24 अप्रैल 2017 को सुबह लगभग साढ़े चार बजे पुत्री 11 वर्षीय को मोहल्ले के धर्मेंद्र व अमित बहला फुसलाकर कही भगा ले गए। मेरी पुत्री पुश्तैनी जेवरात व नगद पांच हजार रुपए अपने साथ ले गई। काफी खोजबीन के बाद उसका कोई पता नहीं चला मुझे आशंका है कि उक्त लोगों ने गलत काम करके उसकी हत्या भी कर सकते है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता तेज सिंह राजपूत की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने अभियुक्त धर्मेंद्र को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 30 मार्च की तिथि नियत है।

### पॉक्सो के मामले में दो पर दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पास्को एक्ट के मामले में अपर जिला जज पॉक्सो एक्ट प्रथम न्यायाधीश मेराज अहमद ने अभियुक्त गौतम पुत्र अमर सिंह निवासी राठौरा नगला नींव, सोनू पुत्र हरमोहन सिंह निवासी नगला दलजीत कोतवाली मोहम्मदाबाद को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 30 मार्च की तिथि नियत की गई है। विगत 8 वर्ष पूर्व कोतवाली कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के निवासी युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मेरी पुत्री 15 वर्षीय नौ व दस अगस्त 2018 को घर से खेत में शौच क्रिया करने गई थी, तभी गौतम, सोनू व एक अज्ञात उक्त लोगों के पास नाजायज तमंचा को लेकर मेरी पुत्री के साथ छेड़छाड़ कर बुरा काम किया और जान से मारने की धमकी दी और जबरदस्ती अपने साथ मोहम्मदाबाद की तरफले गए। सुबह उक्त लोग पुत्री को सुबह पांच बजे छोड़कर भाग गए। उक्त आरोपियों की प्रताड़ना से पुत्री ने मिट्टी का तेल डालकर आग लगा ली थी। मेरी पुत्री का शरीर जल गया को पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह की कुशल पैरवी की आधार पर न्यायाधीश मेराज अहमद ने अभियुक्त गौतम, सोनू को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 30 मार्च की तिथि नियत की गई है।

### बेल्डिंग करते समय सिलेंडर फटा, युवक घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव नगलाटीन निवासी मिथुन 37 वर्षीय पुत्र राम औतार जव साइकिल के पैडल में गैस बेल्डिंग करा रहे थे, उसी समय अचानक तेज धमाके के साथ गैस सिलेन्डर फट गया। धमाके से निकली तेज चिंगारी की चपेट मे आकर मिथुन बुरी तरह झुलस गया। परिजन उपचार के लिए उसे 108 एम्बुलेन्स द्वारा कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### लूटे गये कुंडल पुलिस ने सर्राफा की दुकान से किये बरामद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीते दिनों महिला के कुंडल लूटने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर सर्राफे की दुकान पर बेंचे गये कुंडल पुलिस ने बरामद कर लिये। जानकारी के अनुसार बीते दिनों कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र सेंट्रल जेल के निकट एक महिला से कुंडल लूट लेने के मामले में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस के अलावा एसओजी टीम को भी इस घटना का खुलासा करने के लिए एसपी ने लगा रखा था। पुलिस को जल्द ही आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली। सूत्रों के अनुसार बताया कि इस लूट में एक अधेड़ व्यक्ति के साथ उसकी पुत्री के भी शामिल होने की बात सामने आयी है। एसओजी टीम व फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस ने महिला पुलिस के साथ शहर कोतवाली के क्षेत्र चौक रेलवे रोड स्थित रवि ज्वैलर्स की दुकान पर पहुंची और उसकी दुकान पर लूटे गये कुंडल बरामद हुए। इस दौरान दुकान मालिक राजेश वर्मा व उनके पुत्र ने बताया कि यह पुराना ग्राहक हमारा है। इसलिए इससे ज्यादा पूछताछ नहीं की। 55 हजार रुपये कुंडल बेंच गया था। पुलिस ने कुंडल कब्जे में ले लिये। इस दौरान राजेश वर्मा ने पुलिस से कहा कि मेरे 55 हजार रुपये कौन देगा तो पुलिस ने बताया कि चोरी का माल खरीदते हो। इसमें तुम सह आरोपी भी हो सकते हो। पुलिस आरोपी को लेकर चली गयी। आरोपी देवरामपुर का रहने वाला बताया गया है।

### शादी टूटने से क्षुब्ध युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** रिश्ता टूट जाने के गम में युवक ने सल्फास खाकर जान दे दी। मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नरसिहपुर निवासी हरिओम उम्र 25 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार गंगवार का फतेहगढ क्षेत्र से विवाह तय हुआ था। जब लड़की पक्ष को पता चला कि हरिओम कोई काम नही न करके नशा करता है। जिस पर 28 मार्च को शादी करने से इन्कार कर दिया। शादी टूट जाने के गम में हरिओम ने सल्फास खा लिया। हालत बिगड़ने पर गाँव वालों की मदद से उसकी माँ सुनीता कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल में उपचार के दौरान हरिओम की मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की माँ ने बताया हमारा एकलौता बेटा था, अब मैं किसके सहारे जियेंगे।

# सीडीओ ने ली जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक सीडीओ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में अवगत कराया गया कि वर्तमान समय में कोई नवीन निवेश प्राप्त नहीं हुआ है। बैंक ऑफ़ इंडिया में तीन आवेदन लंबित हैं, स्टेट बैंक में चार ऋण आवेदन लंबित हैं। सीडीओ ने कहा कि ऋण आवेदन के लंबित होने की परंपरा बैंकों द्वारा ठीक नहीं है, यदि बैंकों द्वारा यही रवैया जारी रहा तो उनके विरुद्ध उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा तथा आवश्यक कार्यवाही भी की जाएगी। सीडीओ ने कहा कि ऋण आवेदन विषयक बैठक प्रत्येक 15 दिन में एक बार अवश्य करेंगे, ताकि नवीन पेंनडेनसी पुरानी में ना जुड़े व्यापार बंधु की बैठक में व्यापारियों ने जानना चाहा की। पाइप्ड नेचुरल गैस नगर क्षेत्र में क्यों उपलब्ध नहीं है, जबकि आवास विकास कॉलोनी में उपलब्ध है। एक व्यापारी ने ट्रांसफार्मर लगने की स्थिति पर समस्या जताई तो सीडीओ ने अधिशासी अभियंता को समन्वय के आधार पर समस्या हल करने के निर्देश दिए। लगातार 8 घंटे विद्युत कटौती पर उत्तर मिला कि दो रविवार को कटौती और होगी, क्योंकि कार्य जारी है। पिछली बैठक के अनुपालन में बताया गया कि शिकत्तर बाग मोहल्ले में गोवंश पकड़ने वाली टीम गई थी तो उसे वहां पर कोई गाय नहीं मिली। बीबीगंज में नाली के ऊपर पटिया डलवाने पर बताया गया कि बजट उपलब्ध होने पर पटिया डलवा दी जाएगी। महादेवी वर्मा की मूर्ति पलरा तिराहा के बगल में लगे ट्रांसफार्मर हटाने का कार्य विद्युत विभाग द्वारा किया जाना है, अन्य स्थान उपलब्ध होते ही ट्रांसफार्मर शिफ्ट कर दिया जाएगा। बैठक में संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी व उद्योगपति व व्यापारी उपस्थित रहे।



बैठक लेते सीडीओ मौजूद व्यापारीगण

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर दी जान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के धन्सुआ निवासी 50 वर्षीय उमा पत्नी यदुवीर ने घर के पड़े जाल से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के पुत्र दीपक ने बताया कि सुबह के समय उसके पिता यदुवीर काम पर चले गए थे और वह खुद भी किसी जरूरी काम से घर से बाहर गया था। इस दौरान उमा घर में अकेली थीं। जब मैं वापस आया तो देखा की घर का गेट बंद है। आवाज लगाने पर अंदर से कोई जबाव नहीं आया। शक होने पर किसी तरह छत पर पहुंचा तो देखा कि मां शव का जाल में फांसी के फंदे से लटक रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।



गुमशुम खड़े मृतक के परिजन

## सप्लाई इंस्पेक्टर ने मिठाई की दुकान पर मारा छापा, चार सिलेंडर बरामद

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** शनिवार शाम को सप्लाई इंस्पेक्टर सुधांशु यादव ने अचरा तिराहा स्थित एक मिठाई की दुकान पर छापेमारी की। इस दौरान दुकान से तीन घरेलू और एक व्यावसायिक गैस सिलेंडर बरामद किए गए। मौके पर गैस रिफिलिंग से संबंधित कोई उपकरण या गतिविधि नहीं मिली। सप्लाई इंस्पेक्टर सुधांशु यादव को मुखबिर से सूचना मिली थी कि इस दुकान पर अवैध रूप से गैस रिफिलिंग का काम किया जाता है। इसी सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। छापेमारी के दौरान टीम को दुकान से कुल चार सिलेंडर मिले, जिनमें तीन घरेलू और एक व्यावसायिक सिलेंडर शामिल था। मौके पर गैस रिफिलिंग के लिए इस्तेमाल होने वाले उपकरण या किसी भी प्रकार की रिफिलिंग गतिविधि का कोई प्रमाण नहीं मिला। सप्लाई इंस्पेक्टर सुधांशु यादव ने बताया कि सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई थी।

# जिला जेल चौराहा पर छापेमारी कर सात स्थानों से सिलेंडर किये जब्त

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिला जेल चौराहा पर शनिवार को प्रशासनिक टीम ने ठेली व मिठाई की दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान डीएसओ सुरेन्द्र कुमार, बड़े बाबू राजीव, इंस्पेक्टर नेहा गुप्ता के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में करीब सात स्थानों पर घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग होता मिला। छापेमारी के दौरान टीम ने मौके से सभी अवैध रूप से उपयोग हो रहे सिलेंडरों को जब्त कर लिया। डीएसओ सुरेन्द्र ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक कार्य में इस्तेमाल नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि एक दुकानदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी, जबकि अन्य मामलों की जांच जारी है। वहीं पाल मिष्ठान भंडार में छापेमारी से पूर्व ही घरेलू गैस सिलेंडर हटा दिए गए। कई दुकानदारों ने तत्काल अपने सिलेंडर हटाने शुरू कर दिए।



जांच पड़ताल करती इंस्पेक्टर नेहा गुप्ता

अधिकारियों ने चेतावनी दी कि भविष्य में भी इस तरह की छापेमारी जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि घरेलू गैस का उपयोग केवल घरेलू कार्यों तक ही सीमित रखें अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## जन चौपाल में विधायक व बीडीओ ने सुनी जनता की समस्यायें

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** ग्राम पंचायत में जन चौपाल के दौरान विकास खंड अधिकारी ने नवनिर्मित डिजिटल लाइब्रेरी का फीता काटकर उद्घाटन किया। ग्राम पंचायत गुठिना में विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान के तत्वाधान में अध्यक्षता में जन चौपाल कार्यक्रम में पहुंची कायमगंज की विधायिका डॉ. सुरभि ने जनता की समस्याओं को सुना। जिसमें अधिकतर ग्रामीणों की समस्याएं पेंशन से संबंधी, आवास की, सत्यापन, गांव में नाली खड़ंजा अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। वहीं स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायत में कूड़ा कलेक्शन के बारे में भी विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान ने अधीनस्थों को कड़े दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि विकास कार्यों में ग्राम पंचायत में किसी भी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायिका डॉ. सुरभि ने वहां मौजूद जनता से अलग-अलग बिंदुओं पर सुझाव मांगे तथा विकास कार्यों की जमीनी हकीकत को समझा। वहीं विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान ने जनपद के समस्त विकास खंड में प्रथम डिजिटल लाइब्रेरी का पंचायत भवन में फीता काटकर उद्घाटन किया। वहां विकास कार्यों तथा अन्य तरीके की पुस्तकों के लिए पंचायत सहायक को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस मौके पर एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडीओ समाज कल्याण अंकुश कटियार, एडीओ ग्राम विकास सुखदेव सिंह, ग्राम पंचायत सचिव मोतीलाल यादव, सीडीपीओ मीनाक्षी सिंह, स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर रिजवाना आदि मौजूद रहे।

## एसपी ने थाने का निरीक्षण कर सुनी समस्यायें, छह का किया निस्तारण



**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने थाना समाधान दिवस पर नवाबगंज थाने का दौरा किया। उन्होंने वहां जनसमस्याओं की सुनवाई की और फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना। एसपी ने शिकायतों के त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समाधान दिवस में बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। एसपी आरती सिंह ने सभी फरियादियों की बात सुनी और पुलिस अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस दौरान कुल 6 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से एक का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। उन्होंने राजस्व से जुड़े मामलों में राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। समाधान दिवस के बाद, पुलिस अधीक्षक ने थाने की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने अभिलेखों के रख-रखाव, साफ-सफाई और आगंतुकों के साथ व्यवहार को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मिशन शक्ति केंद्र, सीसीटीएनएस कार्यालय, हवालात, मैस और बैरकों सहित विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया। एसपी ने थाना क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों, एचएस और टॉप 10 अपराधियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बीट प्रणाली और यक्ष ऐप के संबंध में भी अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समाधान दिवस के आयोजन से फरियादियों को अपनी समस्याएं सीधे उच्च अधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर मिला, जिससे लोगों में संतोष और विश्वास का माहौल देखा गया। इस अवसर पर सीओ मोहम्मदाबाद अजय वर्मा, थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार, क्राइम प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार राय, बबना चौकी इंचार्ज राजेश कुमार, कस्बा प्रभारी गीतम सिंह, एसआई राम सिंह, जगराम, लेखपाल सौरव यादव, नरेश कुमार और पवन कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गौरि सरीर भूति भल भ्राजा। भाल बिसाल त्रिपुंड बिराजा॥



फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भगवान विष्णु ने परशुराम अंश के छठवें रूप में उस भृगु कुल में अवतार लिया। जिस भृगु के पाद-प्रहार को अपने वक्षःस्थल पर सहा। महर्षि जमदग्नि और रेणुका के पुत्र परशुराम

**परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशेष**

भगवान विष्णु के छठवे अवतार के रुप में जाने जाते है। भगवान परशुराम ने अपने पिता के अज्ञाकारी पुत्र थे। उन्होंने पिता के कहने पर अपनी माता की गर्दन धड़ से अलग कर दी थी।



ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी

**शिक्षक नेता ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी** ने बताया कि पृथ्वी पर जब आताताइयों का अत्याचार बढ़ गया तो पृथ्वी मां ने भगवान विष्णु से आताताइयों का अंत करने के लिए प्रार्थना की। भगवान विष्णु ने अपने छठवे अंश के रुप में परशुराम के रुप में अवतार लिया। उन्होंने पृथ्वी से इक्कीस बार आताताइयों का संहार कर दुष्ट असुरों से मुक्त कराया। अक्षय तृतीया होने के कारण यह अत्यंत शुभ और फलदायी माना जाता है।



विकास पाण्डेय

**विकास पाण्डेय** ने बताया कि भगवान परशुराम को न्याय का देवता माना जाता है। भगवान शिव ने उन्हें मृत्यु लोक के कल्याणार्थ परशु शस्त्र प्रदान किया। जिसके कारण वे परशुराम कहलाये। सनातन जगत के आराध्यों तथा समस्त शास्त्रों/शस्त्र के ज्ञाता है। हम सभी लोग 19 अप्रैल को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनायेंगे और हवन पूजन कर दीपक जलायेंगे। परशुराम को विष्णु का छठा अवतार माना जाता है।



शिखा अग्निहोत्री

**शिखा अग्निहोत्री** ने बताया कि महर्षि जमदग्नि अपने पुत्र से बेहद प्रेम करते थे। इसलिए परशुराम ने अपनी माता का पिता के कहने पर सिर काटा और वरदान स्वरुप पुनः माता का पिता से जीवनदान मांगा, तभी वो माता व पिता भक्त भी कहलाये। वे अपने साधकों व उपसको तथा अधिकारी महापुरुषों को दर्शन देते हैं। यह त्योहार हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि अक्षय तृतीया को मनाया जाता है।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

- विद्यालयों के प्रबंधकों को दी गई चेतावनी
- अनफिट स्कूल वाहनों को करें सीज एवं दर्ज कराएं एफआईआर
- दुर्घटना होने पर निरस्त किए जाएंगे डीएल



बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में समिति के सदस्यों के साथ-साथ जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधकों को भी आमंत्रित किया गया था। यातायात कार्यालय द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार माह फरवरी 2026 तक जनपद में 81 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गई, जिनमें 51 व्यक्तियों की मृत्यु हुई। वहीं, फरवरी 2025 तक 65 दुर्घटनाओं में 40 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी। दुर्घटनाओं में वृद्धि पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए डीएम ने पुलिस एवं परिवहन विभाग को सघन प्रवर्तन कार्रवाई के निर्देश दिए। एआरटीओ ने बताया कि जनपद में विद्यालयों के नाम 486 वाहन पंजीकृत हैं, जिनमें से 130 वाहनों की फिटनेस समाप्त हो चुकी है। इनमें 33 वाहन 15 वर्ष से अधिक पुराने हैं, जबकि स्कूली वाहनों की अधिकतम आयु सीमा 15 वर्ष निर्धारित है। इसके अतिरिक्त 218 वाहनों के परमिट भी समाप्त हो चुके हैं। शासन के निर्देशानुसार 01 अप्रैल से 15 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी अनफिट स्कूल वाहनों को पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा सीज किया जाए। साथ ही बीएसए एवं डीआईओएस को निर्देश दिए गए कि ऐसे विद्यालयों के विरुद्ध मान्यता समाप्त करने एवं एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। सभी विद्यालयों में विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित करने के भी निर्देश दिए गए।

एआरटीओ ने बताया कि जनपद में वाहन-4 पोर्टल के अनुसार 110 निजी एम्बुलेंस पंजीकृत हैं, जिनमें से 53 की फिटनेस समाप्त है। अब तक परिवहन विभाग द्वारा 3 एम्बुलेंस का चालान एवं 2 को सीज किया जा चुका है। डीएम ने सीएमओ, पुलिस एवं परिवहन विभाग को अस्पतालों में सघन जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए तथा चिकित्सा विभाग को भी संबंधित अस्पतालों के विरुद्ध कार्रवाई करने को कहा। सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि को देखते हुए डीएम ने मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा-19 के अंतर्गत दुर्घटनाओं में संलिप्त वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय, डीआईओएस नरेन्द्र पाल सिंह, बीएसए वीपी सिंह, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता मुरलीधर एवं अशोक कुमार, एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत, एसीएमओ डॉ0 सर्वेश कुमार यादव, एआरएम राजेश कुमार सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने की गेहूं खरीद की तैयारियों की समीक्षा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा गेहूँ खरीद की तैयारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में समस्त क्रय एजेंसियों के जिला स्तरीय अधिकारी, नायब तहसीलदार, मंडी सचिव एवं केंद्र प्रभारी उपस्थित रहे। डीएम ने गेहूँ खरीद व्यवस्था को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं किसान हितैषी बनाने हेतु निर्देश दिए। जनपद में स्वीकृत 42 स्थायी एवं 03 मोबाइल गेहूँ क्रय केंद्रों के प्रभारियों को न्यूनतम 100 पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सहकारी समितियों के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित क्रय केंद्रों पर कम से कम 200 पंजीकरण कराते हुए गेहूँ क्रय सुनिश्चित किया जाए। समस्त क्रय केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। जिसमें पर्याप्त स्टॉक एवं बोरे, 02 इलेक्ट्रॉनिक कांटे, 01 छलना, डी1 विनोइंग फैन, 01 नमीमापक यंत्र, किसानों हेतु आवश्यक सुविधाएं, मंडी से समन्वय कर तत्काल उपलब्ध कराई जाएं। किसानों को उनकी उपज का भुगतान समय से सुनिश्चित करने हेतु पंजीकरण के समय एनपीसीआई मैपर पर आधार नंबर बैंक





बैठक लेते डीएम

- सभी क्रय केंद्रों पर व्यवस्थायें सुनिश्चित रखने के दिये निर्देश

के माध्यम से अपडेट कराने के लिए जागरूक किया जाए। सभी क्रय केंद्रों को शासन द्वारा निर्धारित तिथि 30 मार्च से क्रियाशील करते हुए गेहूँ खरीद प्रारंभ कराई जाए। गेहूँ क्रय पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाए। यदि किसी केंद्र पर प्रतिदिन 30,000 कुंतल से अधिक आवक होती है, तो टोकन प्रणाली लागू की जाए तथा जारी टोकनों का विवरण टोकन रजिस्टर में तिथिवार अंकित किया जाए। आवश्यक बोरे की संख्या का आकलन कर सभी क्रय केंद्रों पर समानुपातिक उपलब्धता सुनिश्चित की जाए एवं केंद्रवार अभिलेख संधारित किए जाएं। भारत सरकार के पोर्टल पीसीएसएपी पर सभी क्रय केंद्रों का पंजीकरण एवं संबंधित कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। फील्ड स्तर पर अधिकारियों द्वारा सत्यापन किया जाएगा तथा आवश्यक सूचनाएं एवं फोटोग्राफस्पष्ट एवं सही रूप में अपलोड किए जाएं, जिससे केंद्रों को उचित ग्रेडिंग प्राप्त हो सके। पीसीएफसंस्था के नए केंद्र प्रभारियों को गेहूँ खरीद प्रक्रिया से संबंधित विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गेहूँ खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी, सुचारु एवं किसान हितैषी बनाते हुए शासन की मंशा के अनुरूप प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

# सेण्ट पाल्स ब्राईटन एकेडमी ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

- वार्षिक परीक्षा परिणाम समारोह का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।





बच्चों को सम्मानित करते निदेशक रोजीशन विश्वासी

सेण्ट पाल्स ब्राइटन एकेडमी फतेहगढ़ में वार्षिक परीक्षा परिणाम समारोह बड़े ही उत्साह एवं गरिमा के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक रोजीशन विश्वासी, प्रबंधिका रोहतानी विश्वासी तथा प्रधानाचार्य डॉ.अवधेश कुमार यादव ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा ग्यारहवीं तक के विद्यार्थियों ने शानदार परिणाम प्रस्तुत किए। कक्षा में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। निदेशक रोजीशन विश्वासी ने विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता उनके निरंतर प्रयास एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को भविष्य में और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। प्रबंधिका रोहतानी विश्वासी ने कहा कि विद्यार्थियों को परीक्षाओं को सहजता एवं सकारात्मक सोच के साथ लेना चाहिए तथा किसी भी प्रकार की चिंता से दूर रहना चाहिए। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

प्रधानाचार्य डॉ. अवधेश कुमार यादव ने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पूरी मेहनत एवं लगन के साथ करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज का यह परिणाम विद्यार्थियों के पूरे वर्ष के परिश्रम एवं समर्पण को प्रतिबिंबित करता है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं तथा अन्य विद्यार्थियों को और अधिक प्रयास कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अभिभावकों की अधिकतम उपस्थिति ने इसे और भी विशेष बना दिया।

# टेट के विरोध में दिल्ली में आयोजित विशाल रैली में शिक्षक लेंगे भाग

- राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ने सभी शिक्षक इकाईयों से प्रतिभाग करने का किया आवाहन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।



बैठक के दौरान मौजूद शिक्षक नेता

टेट के विरोध में 4 अप्रैल को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित विशाल रैली एवं धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के उद्देश्य से मसेनी पांचाल घाट रोड स्थित एक गेस्ट हाउस पर बैठक सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शिवशंकर पाण्डेय व विशिष्ट अतिथि हरदोई के जिलाध्यक्ष अक्षत पाण्डेय एवं सातों ब्लाक इकाईयों एवं संघर्ष समिति की समीक्षा की गई। संचालन अनुराग पाठक ने किया। कार्यक्रम व्यवस्था जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान व जिला महामंत्री राज किशोर शुक्ला ने देखी।

राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ने आंदोलन को सफल बनाने का आवाह्न किया। जन समूह ने अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ब्लाक से दो बसें जायेंगी, लगभग 700 शिक्षक व उनके साथी भागीदारी करेंगे। हरदोई जिलाध्यक्ष ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोग रैली में प्रतिभाग करें। बैठक में राजेश यादव एवं सभी ब्लाक अध्यक्षों ने विचार रखे। इस मौके पर निर्देश गंगवार, अमन कुमार, इसरार अहमद, अनुपम मिश्रा, सत्यभामा राठौर, अर्चना सिंह, बबीता, ओम सिंह चौहान, मो. शरीफ, गजेन्द्र सिंह, राजेंद्र कुमार, राकेश यादव, मीना परिहार, अल्का देवी, प्रतिमा चौहान, उपेंद्र गंगवार, डॉ. देवेंद्र यादव, सुशील माथुर, सतेंद्र पाल सिंह, मुन्नालाल यादव, अमित मिश्रा, जुबैर अहमद, राजीव राजपूत, शाहिद गौरी आदि उपस्थित रहे।

# किसानों के साथ नहीं होने देंगे अन्याय: राजवीर जादौन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।





वार्ता के दौरान मौजूद भाकियू नेता

भाकियू के राष्ट्रीय महासचिव राजवीर सिंह जादौन ने भाकियू के जिला कार्यालय नेकपुर चौरासी पर वार्ता में कहा कि लिंक एक्सप्रेस व सातनपुर मण्डी के आलू किसानों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। इसके लिए जरुरत पड़ी तो आंदोलन भी करेंगे। वार्ता में उन्होंने कहा कि लिंक एक्सप्रेसवे एवं जनपद की सातनपुर आलू मंडी में किसानों के ऊपर दिन दहाड़े डकैती नहीं डालने देंगे। राजवीर सिंह जादौन ने कहा कि जनपद लिंक एक्सप्रेसवे में जा रही जमीनों के लिए जिला प्रशासन किसानों से जबरदस्ती अधिग्रहण न करें, क्योंकि इस मामले पर राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ0 राकेश टिकैत की पूरी नजर है। पहले मुआवजा बढ़ाए सरकार उसके बाद अधिग्रहण करे। अगर किसी भी किसान को जमीन के अधिग्रण को लेकर दवाब न बनाये। उन्होंने कहा कि एशिया की सबसे बड़ी मंडी सातनपुर में व्यापारी और अधिकारी मिलकर किसानों पर दिन में डकैती डालते है। इसके जिम्मेदार उच्च अधिकारी आँखें बंद किए बैठे रहते है। आलू किसानों की व्यथा सुन मै बहुत द्रवित हूँ। इस मामले में जिले के जिला अधिकारी हस्तक्षेप करें नहीं तो दोनों मामलों को लेकर जनपद में बड़ा आंदोलन होगा। इसके लिए राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ. राकेश टिकैत से वार्ता भी हो चुकी है, जल्द की तारीख सार्वजनिक की जाएगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अजय कटियार, अरविंद शाक्य, लक्ष्मी शंकर जोशी, कृष्ण गोपाल मिश्रा, ब्रजेश गंगवार, संजीव सोमवंशी, गोपी शाक्य, अभय यादव, अरविंद गंगवार, अनुज राजपूत, मुकेश शर्मा, पुजारी कटियार, बिजनेश यादव, सुशील दीक्षित, कश्मीर गंगवार, अनीस सिंह सोनू सोमवंशी, रामप्रकाश पाल, शिवराम शाक्य, बड़े यादव, टिंकू यादव, अजीत सोमवंशी, अंकेश गंगवार, रजत गंगवार, प्रवीण गंगवार, अजयपाल यादव, आनेन्द्र गंगवार आदि उपस्थित रहे।

# रन फॉर एम्पावरमेंट दौड़ को एसपी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- मिशन शक्ति के तहत महिला पुलिसकर्मियों ने दिया सुरक्षा-सम्मान का संदेश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।





दौड़ के शुभारम्भ पर छात्राओं के साथ मौजूद एसपी





छात्राओं के साथ मौजूद क्षेत्राधिकारी नगर

नारी शक्ति के संकल्प को एक नई उड़ान मिली। मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण के तहत पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में रन फॉर इम्पॉवरमेन्ट दौड़ को हरी झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया। प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे शिमशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत फतेहगढ़ में उत्साह और ऊर्जा का अनूठा संगम देखने को मिला। पुलिस लाइन से जिला जेल चौराह तक रन फॉर इम्पॉवरमेन्ट दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों बालिकाओं और महिला पुलिसकर्मियों ने सहभागिता कर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। पुलिस लाइन से जिला जेल चौराह तक रन फॉर इम्पॉवरमेन्ट दौड़ का सकुशल समापन हुआ। समापन के उपरांत दौड़ में शामिल समस्त स्कूली छात्राओं ने अत्यंत उत्साह के साथ क्षेत्राधिकारी नगर व अन्य पुलिस कर्मियों के साथ सामूहिक फोटो खिंचवाई। प्रतिभागियों ने अपनी जीत की खुशी को कैमरे में कैद किया, जो उनके आत्मविश्वास का जीवंत प्रमाण बनी। वहीं पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना है। इसका लक्ष्य उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें आत्मनिर्भर व सशक्त बनाना भी है। महिला सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। मिशन शक्ति के तहत ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। इनका उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना तथा उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाना है।

## ब्रह्मा देव बाबा स्थल पर पूर्व प्रधान ने चढ़ाया 51 किलो का घंटा





ब्रह्मा देव बाबा स्थल पर भक्तगण

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज। तहसील क्षेत्र के ग्राम बिरसिंहपुर निवासी पूर्व प्रधान राम सिंह चौहान उर्फरामू ने अपने समर्थकों के साथ गांव में स्थित ब्रह्मा देव बाबा के स्थान पर 51 किलो का घंटा चढ़ाया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में शांति और खुशहाली की कामना की। राम सिंह चौहान समाज सेवा के कार्यों में लगातार सक्रिय रहते हैं। उन्होंने क्षेत्र के कई प्रमुख देवस्थानों का पुनर्निर्माण कराकर वहां घंटा स्थापना एवं भंडारों का आयोजन भी कराया है। वर्तमान में वह राजेपुर वार्ड नंबर 3 से जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी हैं और क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख में सहभागिता निभा रहे हैं। घंटा चढ़ाने के दौरान भूरे सिंह चौहान, धर्मेंद्र सिंह, राघवेंद्र सिंह, मानवेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, हरेंद्र सिंह, योगेंद्र, अभिषेक, ऋषभ, सहित तौले पूर्व प्रधान दौलतपुर चकई वीरेंद्र प्रधान समेत कई लोग मौजूद रहे। अब क्षेत्र की जनता आगामी चुनाव में जिला पंचायत सदस्य पद के लिए अपना निर्णय करेगी।

# 478 निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/इं. प्रधानाध्यापकों को डीएम ने किया सम्मानित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।



सम्मानित शिक्षक मौजूद अधिकारीगण

निपुण विद्यालय रंगारंग समारोह का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। कार्यक्रम में जनपद स्तर पर हुए निपुण आंकलन में निपुण घोषित विद्यालयों के शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने निपुण कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने अवगत कराया कि जनपद में कुल 478 विद्यालय निपुण घोषित किए गए हैं।

इन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों/इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को जिलाधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। डीएम ने सभी निपुण विद्यालयों के शिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अपने-अपने विकास खण्ड में प्रेरक विद्यालय के रूप में स्थापित होने तथा अन्य विद्यालयों को भी निपुण बनाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ जतिन रंजन मिश्रा जिला समन्वयक-प्रशिक्षण, समस्त एसआरजी एवं एआरपी द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का संचालन आकाश मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक नगर क्षेत्र, एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल की बैठक में संगठन विस्तार पर दिया गया जोर



जितेन्द्र को मनोनयन पत्र सौंपते जिलाध्यक्ष

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज़। राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल (रानद) के जिला अध्यक्ष पंकज अवस्थी ने पार्टी विस्तार के उद्देश्य से ग्राम उखरा पहुंचकर जितेन्द्र दीक्षित के आवास पर बैठक आयोजित की। जिला अध्यक्ष ने उपस्थित लोगों को पार्टी की विचारधारा से अवगत कराते हुए समर्थन की अपील की। इस अवसर पर मौजूद ग्रामीणों ने पार्टी को समर्थन देने का आश्वासन दिया। कुछ लोगों ने कहा कि वे अब रानद के साथ रहकर कार्य करेंगे। जिला अध्यक्ष ने ग्राम उखरा निवासी जितेन्द्र दीक्षित को जिला सचिव का दायित्व सौंपा। साथ ही अन्य लोगों को पार्टी का पटुका पहनाकर सदस्यता ग्रहण कराई गई। इस दौरान अभिषेक दीक्षित, संतोष दीक्षित, हर्ष दीक्षित, मानेन्द्र सिंह, सत्यवीर दिवाकर, अंकित दीक्षित, महिमाचंद राठौर, अभी दीक्षित सहित अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष पंकज अवस्थी लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर संगठन को मजबूत करने में जुटे हैं। जिस तेजी से रानद जनपद में अपना विस्तार कर रही है।

## इग्नू का 39वां दीक्षांत समारोह 7 अप्रैल को होगा: आरएन सिंह



डॉ. आर.एन. सिंह

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

डीएन डिग्री कॉलेज फतेहगढ़ में संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) अध्ययन केंद्र 2729 के समन्वयक डॉ. आर.एन. सिंह ने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय का 39वां दीक्षांत समारोह मंगलवार 7 अप्रैल को संपन्न होगा। मुख्य समारोह इग्नू मुख्यालय मैदान गढ़ी नई दिल्ली में आयोजित होगा।

जहां उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन मुख्य अतिथि रहेंगे और दीक्षांत भाषण देंगे। इसी तारतम्य में 51 क्षेत्रीय केंद्रो पर साथ-साथ दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाएगा। जहां पर परास्नातक एवं स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को व्यक्तिगत रूप से उपाधि प्रदान की जाएगी। वहीं लखनऊ में यह कार्यक्रम इग्नू क्षेत्रीय केंद्र के सभागार में 4574 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी। यह जानकारी वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक लखनऊ डॉ0 अनिल कुमार मिश्र ने इग्नू अध्ययन केन्द्र डी.एन. कॉलेज फतेहगढ़ के समन्वयक डॉ0 आर0एन0 सिंह को ईमेल के माध्यम से दी।

# कस्बा चौकी इंचार्ज ने वाहन चेकिंग कर काटे चालान



चेकिंग अभियान चलाते कस्बा चौकी इंचार्ज

कायमगंज, समृद्धि न्यूज़।

पुलिस अधीक्षक आरती सिह के निर्देश पर नवांगतुक कस्बा चौकी इन्चार्ज अंकुर भाटी ने कानून व्यवस्था की स्थिति सुदृढ बनाने के लिए सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले दर्जनों वाहनों के चालान काटे गये। नवांगतुक कस्बा चौकी इंचार्ज अंकुर भाटी अपने हमराह हेड कांस्टेबिल धर्मेन्द्र तिवारी, कांस्टेबिल सचिन के साथ कस्बा पहुंचे। उन्होंने दो पहिया वाहनों को रोककर उनके कागजात और हेलमेट की गहन जाँच की। इस अचानक हुई कार्रवाई से तिराहे व चौराहों पर कुछ देर के लिए अफरा तफरी का माहौल बन गया। बिना हेलमेट, बिना नंबर प्लेट, धुधले नंबरो वाली बाइकों और अधूरे कागजात पाए जाने पर कस्बा चौकी इंचार्ज ने कई मोटर साईकिल चालकों के चालान किए। पुलिस ने नियमों का उल्लघंन करने वाले युवकों को चेतावनी भी दी। पुलिस कार्रवाई देख बाइक सवारों ने रास्ता बदलकर भागने का प्रयास किया। कस्बा चौकी इंचार्ज अंकुर भाटी ने बताया कि यातायात नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं को नियन्त्रित करने और कस्बे की यातायात व्यवस्था को अनुशासित करने के लिए भविष्य में भी इसी तरह के अभियान विभिन्न स्थानों पर चलाए जाएगें। नगर के पुल गलिब पुलिया स्थित कई स्थानों पर वाहनों की संघन चेकिंग की गई।

## आईटीआई में शिशिक्षु/अप्रेन्टिसशिप मेला सोमवार को

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठण्डी सड़क फर्रुखाबाद में 30 मार्च सोमवार को प्रातः 10 बजे से शिशिक्षु/अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जायेगा। जिसमें 02 कम्पनियां सत्यम ग्रीन ऐजेन्सी सोलर पैनल फिटिंग, फर्रुखाबाद-08 (अप्रेन्टिस ट्रेनी) एवं टोयोटा ग्रुप कम्पनी फारुखनगर गुरुग्राम-50 अप्रेन्टिस ट्रेनी प्रतिभाग करेंगी। एवं रिक्तियों की संख्या कुल 58 है। विद्यार्थी अपने दस्तावेज लेकर प्रतिभाग करें।

# गैस बॉटलिंग प्लांट में आपातकालीन स्थितियों से निपटने किया गया मॉकड्रिल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।



मॉक ड्रिल की जानकारी लेते डीएम एसपी

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह की मौजूदगी में गैसिंगपुर स्थित गैस बॉटलिंग प्लांट में आपातकालीन स्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान गैस प्लांट प्रशासन के साथ-साथ जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं अग्निशमन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आपदा प्रबंधन से संबंधित विभिन्न पहलुओं का अभ्यास किया गया। इस दौरान संभावित गैस रिसाव एवं अन्य आपात परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई, राहत एवं बचाव कार्यों का प्रदर्शन किया गया।

अधिकारियों द्वारा मॉक ड्रिल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित विभागों को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने तथा आपात स्थिति में तत्परता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अभ्यास से आपदा के समय प्रभावी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकती है।

मॉक ड्रिल के माध्यम से विभिन्न विभागों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने तथा आपदा प्रबंधन प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ करने पर बल दिया गया।

फिटनेस व परमिट खत्म, बच्चों की सुरक्षा पर खतरा

# 15 साल पुराने 48 स्कूली वाहनों का रजिस्ट्रेशन निलंबित



**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।** जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। 15 वर्ष की आयु पूरी कर चुके और फिटनेस व परमिट की वैधता समाप्त हो चुके 48 स्कूली वाहनों का पंजीयन प्रमाण-पत्र तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इन वाहनों के संचालन पर अब पूरी तरह रोक लगा दी गई है। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जनपद में पंजीकृत कई स्कूल वाहनों की आयु 15 वर्ष से अधिक हो चुकी है। साथ ही उनकी फिटनेस प्रमाण-पत्र और परमिट की वैधता भी समाप्त हो चुकी थी। इसके बावजूद इन वाहनों को न तो स्क्रैप किया गया और न ही उनका पंजीयन निरस्त कराया गया। ऐसे में इन वाहनों से बच्चों का परिवहन सुरक्षित नहीं माना गया। परिवहन विभाग ने बताया कि संबंधित वाहन स्वामियों को पहले ही नोटिस जारी कर वाहन को तत्काल विक्रय करने या पंजीयन निरस्त कराने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन निर्देशों का पालन नहीं किया गया। इसके बाद मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 53 (1) (क) के तहत कार्रवाई करते हुए 48 वाहनों का पंजीयन प्रमाण-पत्र अग्रिम आदेशों तक निलंबित कर दिया गया है।

**संचालन किया तो दर्ज होगा मुकदमा-**
विभाग ने स्पष्ट किया है कि निलंबन के बाद इन वाहनों का किसी भी परिस्थिति में संचालन नहीं किया जा सकता। यदि कोई वाहन स्वामी इन वाहनों को चलाता पाया गया और उससे कोई दुर्घटना होती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी वाहन स्वामी की होगी। साथ ही उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

**स्कूलों की मान्यता पर भी पड़ सकता है असर-**
परिवहन विभाग ने यह भी कहा है कि यदि निलंबित वाहनों का संचालन जारी पाया गया तो संबंधित विद्यालयों की मान्यता प्रत्याहरण (रद्द) करने के लिए भी संबंधित विभाग को संस्तुति भेजी जाएगी।

**कई नामी स्कूलों के वाहन सूची में-**
जिन विद्यालयों के वाहन इस कार्रवाई की जद में आए हैं उनमें एमानी इंटरनेशनल स्कूल, एलाइड मिशन पब्लिक स्कूल, करियर कॉन्वेंट स्कूल, डीडीजी दीन मेमोरियल स्कूल, दून इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दून पब्लिक स्कूल, गोल्डन फ्लावर पब्लिक स्कूल, महाराजा अग्रसेन अकादमी, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, पॉल इंटरनेशनल स्कूल, आरबीएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल, आरएन इंटरनेशनल स्कूल, सरदार पाल सिंह कॉन्वेंट स्कूल, श्री गुरु अर्जुन देव पब्लिक स्कूल, श्री जगत नारायण पब्लिक स्कूल, द इंडियन एकेडमी, द सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, द नेशनल पब्लिक स्कूल सहित कई अन्य स्कूल शामिल हैं।

## सीए अंशुल दीक्षित का जनसंपर्क अभियान तेज गांव-गांव पहुंचकर योजनाओं की दी जानकारी



**समृद्धि न्यूज, निघासन, खीरी।** निघासन क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान के तहत सीए अंशुल दीक्षित ने कई ग्राम पंचायतों का दौरा कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और सरकार की योजनाओं से अवगत कराया। क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में सीए अंशुल दीक्षित ने जनसंपर्क अभियान चलाकर अपनी सक्रियता दिखाई। इस दौरान वह ढांगा, कड़िया, फरेंदा फार्म, गुलरिया पत्थर शाह और बेलापरसुआ गांवों में पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। अंशुल दीक्षित ने ग्रामीणों को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और क्षेत्र में हुए विकास कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियां पूरी तरह जनहित में हैं और सरकार का प्रयास है कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनका फीडबैक भी लिया। उन्होंने दावा किया कि अधिकांश ग्रामीण भाजपा सरकार के कार्यों और नीतियों से संतुष्ट नजर आए। उन्होंने कहा कि केवल वादों से नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर किए गए कार्यों से ही जनता का विश्वास जीता जा सकता है। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं और सुझाव भी उनके सामने रखे, जिस पर अंशुल दीक्षित ने उन्हें संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने और समाधान का आश्वासन दिया।

# फुटहा फार्म में तेंदुए की तलाश तेज, पिंजरों में नहीं फंसा अब तक

▸ ड्रोन और कैमरों से निगरानी जारी, मासूम की मौत के बाद ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश



**समृद्धि न्यूज़, निघासन खीरी।** बेलराया वन रेंज के अंतर्गत फुटहा फार्म में तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग ने अभियान और तेज कर दिया है। लगातार देखी जा रही मूवमेंट और हालिया हमले के बाद विभाग पूरी सतर्कता के साथ कार्रवाई में जुटा हुआ है। इलाके में पांच पिंजरे लगाए गए हैं, जिनमें बकरी को चारे के रूप में बांधा गया है, ताकि तेंदुआ लालच में आकर पिंजरे में कैद हो सके, लेकिन शनिवार तक उसे पकड़ने में सफलता नहीं मिल सकी है।

वन विभाग की टीमें दिन-रात क्षेत्र में डटी हुई हैं। फुटहा फार्म के साथ-साथ आसपास के गांवों में गश्त बढ़ा दी गई है। पिंजरों के पास कैमरे लगाए गए हैं, जबकि ड्रोन के जरिए पूरे इलाके की निगरानी की जा रही है, ताकि तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। विभाग का कहना है कि जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा।

तेंदुए की दहशत से ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित हो गया है। शाम होते ही लोग घरों में सिमट जा रहे हैं। बच्चों को बाहर भेजने से परहेज किया जा रहा है, वहीं खेतों में काम करने जाने वाले किसान भी समूह में निकल रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुए के पकड़े जाने तक खतरा बना रहेगा।

गौरतलब है कि बीते बुधवार देर शाम इसी क्षेत्र में तेंदुए ने घर में घुसकर सात वर्षीय मासूम सिमरन को उठाकर मार डाला था। इस घटना के बाद से इलाके में भय और आक्रोश दोनों बढ़ गए हैं। परिजन और ग्रामीण वन विभाग से तेंदुए को जल्द पकड़ने की मांग कर रहे हैं।

बेलराया रेंज के रेंजर भूपेंद्र सिंह के अनुसार, फुटहा फार्म के अलावा सिंधौना, रमुआपुर और दलराजपुर में भी पिंजरे लगाए गए हैं।

प्रत्येक पिंजरे के पास कैमरे लगाए गए हैं, जिससे हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि विशेषज्ञों की मदद से तेंदुए की मूवमेंट ट्रैक की जा रही है और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त संसाधन भी लगाए जाएंगे।

फिलहाल वन विभाग और प्रशासन की टीमें मौके पर मौजूद हैं।

ग्रामीणों को सतर्क रहने और अकेले बाहर न निकलने की सलाह दी गई है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# 20 दिन से खड़ी गन्ना ट्रालियों पर फूटा किसानों का गुस्सा, आश्वासन पर टली नाराजगी

**समृद्धि न्यूज़, निघासन, खीरी।**



बेलरायां स्थित सरजू सहकारी चीनी मिल में करीब 20 दिनों से गन्ना लेकर खड़ी किसानों की ट्रालियां खाली न होने से किसानों का आक्रोश फूट पड़ा। लंबे इंतजार और आर्थिक नुकसान से परेशान किसानों ने मिल प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। किसानों का कहना है कि कई दिनों से ट्रालियां लाइन में खड़ी हैं, लेकिन तौल और खाली कराने की प्रक्रिया में तेजी नहीं लाई जा रही है। इससे समय और धन दोनों का नुकसान हो रहा है। साथ ही, अधिक समय तक ट्रालियां खड़ी रहने से गन्ने की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका भी बनी हुई है, जिससे भुगतान पर असर पड़ सकता है। सूचना पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह मौके पर पहुंचे और मिल प्रशासन से वार्ता की। इस दौरान मुख्य गन्ना अधिकारी (सीसीओ) त्रिलोकी सिंह से उनकी तीखी नोकझोंक भी हुई। किसानों ने चेतावनी दी कि समस्या का जल्द समाधान न होने पर वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। बढ़ते आक्रोश को देखते हुए मिल प्रबंधन ने दो दिन के भीतर लंबित ट्रालियों को प्राथमिकता के आधार पर खाली कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद फिलहाल किसानों का गुस्सा शांत हुआ।

**मिल गेट पर जाम से बेहाल किसान, 24 घंटे में मिली राहत**
बेलरायां चीनी मिल के गेट पर लगे जाम से किसान 24 से 48 घंटे तक परेशान रहे। लंबी कतारों और अव्यवस्था के चलते किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मामले की जानकारी मिलने पर अमनदीप सिंह ने सीसीओ त्रिलोकी सिंह से नाराजगी जताई और तत्काल व्यवस्था सुधारने को कहा। इसके बाद सीसीओ मौके पर पहुंचे और किसानों से बातचीत कर स्थिति संभाली। प्रशासनिक हस्तक्षेप और व्यवस्थाओं में सुधार के बाद 24 घंटे के भीतर जाम की स्थिति सामान्य कर दी गई। राहत मिलने पर किसानों ने प्रशासन और संबंधित अधिकारियों का आभार जताया।

## खबरें एक नजर में

### मामूली बाइक टकराव बना जानलेवा, बीच-बचाव करने पहुंची महिला की पीट-पीटकर हत्या

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** हैदराबाद थाना क्षेत्र के बघमरा गांव में शुक्रवार रात एक मामूली बाइक टकराव ने हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच हुए विवाद में बीच-बचाव करने पहुंची 50 वर्षीय कमला देवी की लाठी-डंडों से पिटाई कर हत्या कर दी गई। घटना के बाद गांव में तनाव व्याप्त है, जिसे देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। परिजनों के अनुसार, मूड़ा जवाहर निवासी अनुराग गौतम पुत्र संतोष कुमार किसी कार्य से बाइक से बघमरा गांव आया था। गांव के दक्षिणी छोर पर चमन यादव अपने खेत के पास खड़ा था, तभी अनुराग की बाइक उससे टकरा गई। इसको लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। शोर सुनकर पास में रहने वाले मिश्रीलाल, पंकज, दिनेश और बसंत (पुत्र बाबूराम पासी) मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि कमला देवी के परिवार और पड़ोसियों के बीच जमीन को लेकर पहले से विवाद चल रहा था, जिससे स्थिति और अधिक तनावपूर्ण हो गई। इसी दौरान चमन यादव के घर घटना की सूचना पहुंची, तो उसकी मां कमला देवी और बड़ा बेटा रेशम सिंह यादव भी मौके पर पहुंचे। आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोग पहले से लाठी-डंडों से लैस थे और उन्होंने उन पर हमला कर दिया। इस मारपीट में कमला देवी को गंभीर अंदरूनी चोटें आईं और वह मौके पर ही गिर पड़ीं। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। घायल महिला को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी हैदराबाद सुनील मलिक ने बताया कि मृतका की बेटी की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### अधिवक्ता के बड़े भाई की निधन पर न्यायिक कार्य से विरत

**हलिया (मिर्जापुर)।** चकबंदी अधिवक्ता समिति हलिया के अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी की अध्यक्षता में शनिवार को अधिवक्ता के बड़े भाई के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए चकबंदी बार एशोसियेशन हलिया के कार्यवाहक महामंत्री संतोष कुमार तिवारी के बड़े भाई शिव शंकर तिवारी लंबी बीमारी के बाद 26/27 मार्च की भोर में अचानक हृदयगति रुक जाने से निधन हो गया जिस पर अधिवक्ताओ ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया है न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव न्यायालय चकबंदी अधिकारी हलिया मवई कला को भेजा है इस दौरान अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी, जीतेन्द्र बहादुर सिंह, सुधाकर दुबे, कमलेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### थाना दिवस पर पड़े दो मामले, नहीं हुआ निस्तारण

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान



दिवस का आयोजन थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ थाना समाधान दिवस पर दो मामले भूमि विवाद से संबंधित पड़े दोनों मामलों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर रवाना किया गया है जिससे दोनों मामलों का निस्तारण किया जा सके थाना समाधान दिवस पर तहसील प्रशासन की तरफ से किसी अधिकारी के नहीं आने से फरियादियों में मायूसी दिखाई दिया इस दौरान एसआई महेंद्र प्रताप यादव, घनश्याम सिंह, लेकपाल शिवबाबू, राजकुमार, सर्वेश सिंह, ध्रुव राज यादव, कृष्णचंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### मुनि अगस्त आगमन व ताड़का बध की रामलीला का किया मंचन

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के मटिहरा गांव में बजरंग रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला में शुक्रवार की रात्रि में रामलीला मंचन में मुनि आगमन और ताड़का वध की रामलीला मंचन किया गया है, जिसमें दर्शकों ने भगवान राम के बाल रूप के दर्शन किए और लीला का आनंद लिया। इस मंचन में महर्षि विश्वामित्र राजा दशरथ से राम और लक्ष्मण को ताड़का नाम की राक्षसी से बचाने के लिए मांगते हैं, और भगवान राम ताड़का का वध करते हैं इस रामलीला में कलाकारों की अदाकारी और सशक्त संवाद प्रस्तुति ने दर्शकों को मानो त्रेता युग की पावन कथा में पहुंचा दिया। ताड़का के रूप में अशोक सोनी की आग उगलती प्रस्तुति ने दर्शकों को रोमांचित किया इस दौरान व्यास सुरेश कुमार सिंह, अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद राय, विनोद कुमार मिश्रा, उमाकांत अग्रहरी, अजय अग्रहरी, ग्राम प्रधान आयत्री प्रसाद यादव आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत 'रन फॉर एम्पावरमेंट' का आयोजन

▸ महिलाओं को सुरक्षा और योजनाओं की दी जानकारी



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से थाना गोला पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान के तहत 'रन फॉर एम्पावरमेंट' कार्यक्रम का आयोजन किया। इस जागरूकता कार्यक्रम में थाना गोला पुलिस बल के साथ आबिद रन स्पोर्ट्स एकेडमी के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत राजेन्द्र गिरि स्टेडियम से हुई, जहां से प्रतिभागियों ने महिला सशक्तिकरण के संदेश के साथ रन का आयोजन किया। इसके बाद पौराणिक शिव मंदिर, गोला गोकर्णनाथ परिसर में चौपाल लगाकर महिलाओं और युवतियों को जागरूक किया गया।

चौपाल के दौरान पुलिस टीम ने उपस्थित महिलाओं और छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान फेस-5.0 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही महिलाओं को उनकी सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं, साइबर अपराध से बचाव और गुड टच-बैड टच जैसी महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया गया। पुलिस कर्मियों ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में महिलाएं और बच्चे विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग कर तुरंत सहायता प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्पलाइन-181, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एंबुलेंस सेवा, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, चाइल्ड लाइन-1098, अग्निशमन सेवा-101 और साइबर हेल्पलाइन-1930 के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के बारे में भी महिलाओं को बताया गया, ताकि वे इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। इस दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने, किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या अपराध की स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करने और समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की। कार्यक्रम में चिल्डेन एकेडमी के शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और स्थानीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में शामिल पुलिस टीम में महिला उपनिरीक्षक अपूर्वा शर्मा, महिला कांस्टेबल वंदना, महिला कांस्टेबल आरती राघव, कांस्टेबल भरत, कांस्टेबल अनुज सागर और कांस्टेबल अंकित वर्मन शामिल रहे।

## मार्च के अंतिम दिनों में थम जायेगा कुम्भी चीनी मिल का चक्का

**अमीरनगर खीरी।** इस बार बलरामपुर ग्रुप की कुम्भी चीनी मिल का पेराई सत्र 2025-26 मार्च के अंतिम दिनों में बंद हो जाएगा। अप्रैल माह तक चलने बाला कुम्भी चीनी मिल इस बार गन्ने की कम उपज के चलते इस बार मार्च के अंत में बंद होने की सम्भावना है। चीनी मिल क्षेत्र का ज्यादा से ज्यादा गन्ना पेराई करने के लिए कुम्भी चीनी



मिल ने गेट व सभी क्रय केंद्रों पर खुली तौल आरंभ कर रखी है। चीनी मिल के इकाई प्रमुख सुनील कुमार यादव ने बताया कि चीनी मिल क्षेत्र का समस्त गन्ना पेराई कर चीनी मिल 31 मार्च को बंद होगी। इकाई प्रमुख ने बताया कि गन्ने की पर्याप्त मात्रा मे आपूर्ति मात्रा न होने के कारण मिल को 31 मार्च को बंद कर दिया जायेगा। गन्ने की कमी के कारण मिल दिन भर में कई घंटे बंद करना पड़ रहा है वहीं आधे से अधिक गन्ना क्रय केंद्र भी बंद कर दिए गए हैं।उन्होंने किसानो से अपील करते हुए कहा कि जिन किसान भाइयों के पास अभी गन्ना बचा हुआ है उनके लिए चीनी मिल गेट पर मुक्ता खरीद की जा रही है।किसान भाई अपने बचे हुए गन्ने की आपूर्ति कर सकते है। किसानों से अपनी करते हुए इकाई प्रमुख ने कहा कि किसान भाई अस्वीकृत गन्ना बैराइटी की बुवाई न करें ताकि उन्हें अगले पेराई सत्र में मिल में गन्ना आपूर्ति में कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

### मितौली में गैस एजेंसी पर विवाद: दिव्यांग से मारपीट का वीडियो वायरल, दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद बढ़ा मामला

**मितौली (लखीमपुर खीरी)।** कस्ता कस्बे स्थित भारत गैस एजेंसी पर दिव्यांग व्यक्ति के साथ कथित मारपीट का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद क्षेत्र में आक्रोश है, हालांकि मामले में दोनों पक्षों की अलग-अलग बातें सामने आ रही हैं। जानकारी के अनुसार, एक दिव्यांग व्यक्ति गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसी पर लगी लंबी कतार में खड़ा था। इसी दौरान उसने जल्द सिलेंडर देने का अनुरोध किया, जिस पर कर्मचारियों से उसकी कहासुनी हो गई।

**भुगतान को लेकर शुरू हुआ विवाद-** जानकारी मुताबिक, दिव्यांग व्यक्ति ने सिलेंडर के लिए 1000 दिए थे। आरोप है कि मैनेजर द्वारा बाकी पैसे वापस कर दिए गए, लेकिन जब एजेंसी के अधिकारी ने भुगतान के बारे में पूछा तो दिव्यांग ने शुरुआत में पूरी बात स्पष्ट नहीं बताई। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में बहस शुरू हो गई, जो धीरे-धीरे बढ़कर विवाद का रूप ले गई।

**मारपीट और धमकाने के आरोप-** प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि विवाद के दौरान एजेंसी संचालक द्वारा दिव्यांग व्यक्ति के साथ मारपीट की गई। मौके पर मौजूद एक युवक घटना का वीडियो बना रहा था, जिसे लेकर भी संचालक और भड़क गया। युवक को धमकाने और अभद्र भाषा के प्रयोग के आरोप भी लगाए गए हैं। **वीडियो वायरल होने के बाद बढ़ा आक्रोश-** घटना का वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी है। नागरिकों का कहना है कि एजेंसी पर पहले भी अव्यवस्था और मनमानी की शिकायतें मिलती रही हैं। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# गोला के तान सिंह के नेतृत्व में यूपी सेपकटाकरा टीम का जलवा, राष्ट्रीय स्तर पर रचा इतिहास

▸ अभिमान कश्यप ने कांस्य जीत बढ़ाया मान, राजभवन में खिलाड़ियों का हुआ भव्य सम्मान



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** रांची में आयोजित 28वीं सब-जूनियर नेशनल सेपकटाकरा चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नया इतिहास रच दिया। इस उपलब्धि के पीछे गोला गोकर्णनाथ के मूल निवासी एवं उत्तर प्रदेश सेपकटाकरा एसोसिएशन के संयुक्त सचिव तान सिंह का कुशल नेतृत्व रहा, जिनकी रणनीति और मार्गदर्शन में टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का गौरव बढ़ाया। इस प्रतियोगिता में गोला गोकर्णनाथ के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अभिमान कश्यप ने टीम इवेंट में कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। उनकी इस सफलता से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है और खेल प्रेमियों में उत्साह देखने को मिल रहा है।

पूर्व आईटीबीपी जवान एवं टीम मैनेजर तान सिंह, जो ग्राम जहानपुर के निवासी हैं और वर्तमान में बरेली में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं, उनके नेतृत्व में यूपी टीम ने रेगू इवेंट में स्वर्ण पदक भी अपने नाम किया। यह उपलब्धि टीम की कड़ी मेहनत और सुनियोजित प्रशिक्षण का परिणाम मानी जा रही है। इस सफलता में साई कोच मीना कुमारी और एसोसिएशन कोच राम कुमार का भी विशेष योगदान रहा, जिनके मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस ऐतिहासिक जीत के बाद पूरी टीम ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। राज्यपाल ने 27 सदस्यीय टीम के खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों का सम्मान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सेपकटाकरा जैसे खेलों में उत्तर प्रदेश का यह प्रदर्शन प्रदेश को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नई पहचान दिलाएगा।

यह उपलब्धि न केवल लखीमपुर खीरी जिले बल्कि गोला गोकर्णनाथ क्षेत्र के लिए भी गर्व का विषय है, जहां के खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है।

# जनपद में महिला स्वयं सहायता समूह व आपदा जोखिम न्यूनीकरण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण

**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार एवं अपर जिलाधिकारी (वि0/राव) अजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आज दिनांक 28 मार्च 2026 को जनपद के 100 विभागीय स्टेकहोल्डर का ÷आपदा जोखिम न्यूनीकरण÷ विषय पर तथा जनपद के सिटी तथा कोन ब्लॉक से संबंधित 50-50 महिलाएं, कुल 100 महिला स्वयं सहायता समूह की प्रमुख महिलाओं का एक दिवसीय कार्यशाला/प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन सभागार, मीरजापुर में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन से संबंधित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा महिला स्वयं सहायता समूह की प्रमुख महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परियोजना निदेशक-डी0आर0डी0ए0 अजय कुमार सिंह, द्वारा




अवगत कराया गया की आपदा प्रबंधन का मूल आधार क्षमता निर्माण पूर्व तैयारी तथा समन्वित प्रतिक्रिया है। किसी भी आपदा से होने वाली जन-धन की क्षति को कम करने का सबसे प्रभावी उपाय पूर्व तैयारी एवं प्रशिक्षित मानव संसाधन है। यदि संबंधित विभागों, स्थानीय प्रशासन एवं समुदाय स्तर पर आवश्यक प्रशिक्षण, संसाधन एवं जागरूकता उपलब्ध हो तो आपदा के प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है। सामान्यतः हम उन आपदाओं पर अधिक ध्यान देते हैं जो बार-बार घटित होती हैं, जबकि आपदा प्रबंधन की दृष्टि से उन संभावित आपदाओं के लिए भी तैयारी आवश्यक है जो कम घटित होती हैं, परंतु घटित होने पर अत्यधिक विनाशकारी हो सकती हैं। इसलिए बहु-आपदा दृष्टिकोण अपनाना समय की आवश्यकता है। जनपद मीरजापुर में बाढ़ एक प्रमुख आपदा है, जिसमें की प्रशासन तथा पुलिस की मुस्तैदी से क्षति न्यून रहती है और इसके विपरीत, डूबने से होने वाली मृत्यु की घटनाएँ यह संकेत देती हैं कि डूबना जनपद की एक गंभीर एवं उपेक्षित आपदा है, जो अधिकांशतः लापरवाही, सुरक्षा उपायों की अनदेखी तथा जागरूकता के अभाव के कारण घटित होती है। घाटों, नदियों, तालाबों एवं जलाशयों के आसपास सावधानी बरतने तथा स्थानीय स्तर पर बचाव उपायों को मजबूत करने पर बल दिया जाना उचित रहता है। जब तक आम जनता को आपदा जोखिम, बचाव के उपायों तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया के बारे में जागरूक नहीं किया जाएगा, तब तक पूर्ण सफलता प्राप्त नहीं की जा सकती। विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयंसेवी संगठनों एवं स्थानीय समुदायों को भी इस प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल किया जाना चाहिए। आपदा के समय सभी विभागोंकृप्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य, अग्निशमन, नगर निकाय, विद्युत, परिवहन आदिकृका त्वरित एवं समन्वित सहयोग अत्यंत आवश्यक होता है। समय पर सूचना का आदान-प्रदान, संसाधनों की उपलब्धता तथा स्पष्ट दायित्व निर्धारण से राहत एवं बचाव कार्य अधिक प्रभावी बनता है। इसी क्रम में छक्त्थ् से आए वक्ता टीम कमांडर राहुल वर्मा द्वारा विभिन्न प्रकार की आपदाओं के साथ-साथ डूबने एवं सर्पदंश से बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सर्पदंश की स्थिति में किसी भी प्रकार की झाड़-फूंक या तांत्रिक उपचार पर विश्वास न करें, बल्कि तत्काल निकटतम चिकित्सालय में उपचार कराना ही जीवन रक्षक उपाय है। इसके अतिरिक्त उन्होंने आपदा के समय विभिन्न विभागों की भूमिका, प्राथमिक उपचार, सुरक्षित निकासी तथा व्यक्तिगत सुरक्षा उपायों पर भी प्रकाश डाला।